खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 44 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

# मुंबई हमले का जवाब देना चाहती थी सेना, कांग्रेस ने विदेशी दबाव में रोका

**मुंबई, वार्ता**



- कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे: प्रधानमंत्री
- पीएम ने केंद्र की मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया

**प्रधानमंत्री मोदी** ने बुधवार को कहा कि 2008 में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे।

उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थी, लेकिन सरकार ने विदेशी दबाव में ऐसा नहीं करने दिया। उन्होंने यह बात नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज के उद्घाटन के दौरान कही। पीएम ने मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया। 30 सितम्बर को चिदंबरम ने कहा था कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। पीएम ने 22 मिनट की स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत का जिक्र किया। पीएम बुधवार को दो दिन के दौरे पर मुंबई पहुंचे। गुरुवार को वे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मिलेंगे। साथियों मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। 2008 में आतंकियों ने भी मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। तब की कांग्रेस सरकार ने कमजोरी का मैसेज दिया। आतंकियों के सामने घुटने टेके। हाल ही में कांग्रेस के बड़े नेता और जो देश के गृह मंत्री तक रह चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन उस नेता की माने तो किसी दूसरे देश के दबाव के कारण कांग्रेस सरकार ने भारत की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोका। गरीब हो मिडिल क्लास हो इनका सशक्तीकरण आज देश की प्राथमिकता है। इन परिवारों को सुविधा-सम्मान देना, उनका सामर्थ्य बढ़ाता है। जीएसटी रिफॉर्म से जो चीजे सस्ती हुई उससे भी देश का सामर्थ्य बढ़ा है। नवरात्रि में बिक्री के कई साल के रिकॉर्ड टूटे, मेरा आग्रह है कि गर्व से कहो हम स्वदेशी हैं, स्वदेशी को अपनाएं। स्वदेशी को अपनाएं। हर घर-बाजार का यही मंत्र होना चाहिए।

# आजम खां के दर पहुंचे अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** सपा मुखिया अखिलेश यादव बुधवार को आजम खां से मिलने उनके घर पहुंचे। अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर बुधवार को लगभग 1.00 बजे जौहर यूनिवर्सिटी उतरा।

आजम खां ने अखिलेश यादव का स्वागत किया, इसके बाद आजम खां अखिलेश यादव एक गाड़ी में बैठकर आजम खान के घर पहुंचे, जहां लगभग 2 घंटे तक आजम और अखिलेश की मुलाकात चली, इसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पुराने लोग, पुराने समाजवादी जो नेताजी के साथ के हैं और जो नेता जी के साथ हैं, उनकी बात ही अलग होती है। उन्होंने कहा 2027 में सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी। अखिलेश ने कहा कि आज मैं आजम खां साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल में मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो सुप्रीम कोर्ट में हुआ है यह समाज में कहीं ना कहीं एक संदेश जा रहा है, यह पीडीए के लोग कहीं बैठे हों, जीवन में कहीं न कहीं अपमानित होते है, यह मैं पहली बार नहीं कह रहा हूं, एक बार विधानसभा में मैंने यह बात उठाई थी, जो पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक मुसलमान भाई, आदिवासी जो पीडीए परिवार है जो एक सूत्र में बना हुआ है, अपनी पीड़ा से वह अपमान महसूस करता है और इस सरकार में अपमानित हो रहा है। अखिलेश से नाराजगी को लेकर आजम खां ने मीडिया से कहा कि यह सूचना मिली कहां से, आपको कि मैं अखिलेश से नाराज हूं, अखिलेश ने कहा कि आजम खां समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं। अखिलेश ने कहा कि आजम खां पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आजम खां यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक पुस्तक के अपमान के आरोप में एक गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सांबा जिले में एक धार्मिक पुस्तक के अपमान के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यहां बताया कि सांबा जिले के राम कौलपुर निवासी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला नामक व्यक्ति को एक धार्मिक पुस्तक को जलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### आजम से मुलाकात अखिलेश की सियासी मजबूरी : राजभर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि जेल से जमानत पर छूटे आजम खान से मुलाकात करना सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की राजनीतिक मजबूरी है। जेल में रहने के दौरान 23 महीने तक अखिलेश ने आजम से एक बार भी मिलने नहीं गए, लेकिन जेल से बाहर आने के बाद उन्हें याद आ गए।

### एसआईए की कश्मीर में छापेमारी जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) आतंकवाद से जुड़े एक मामले में कश्मीर के कई जिलों में छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की सहायता से एसआईए की टीमों ने आज सुबह कई जगहों पर एक साथ तलाशी शुरू की। ये छापेमारी आतंकवाद से जुड़े एक मामले की चल रही जांच का हिस्सा हैं। अभी तक किसी को हिरासत में लिए जाने की सूचना नहीं है।

# वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन के बाद बहाल

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण तीन दिनों तक स्थगित रहने के बाद श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा आज फिर से बहाल हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के बाद रोकी गई यात्रा बुधवार सुबह फिर से शुरू हो गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भी एक्स पर पोस्ट किया कि जैसा कि पहले ही सूचित किया जा चुका है, सभी यात्रा पंजीकरण काउंटर 08 अक्टूबर 25 को सुबह 6 बजे से चालू रहेंगे। पोस्ट में आगे लिखा गया कि श्रद्धालुओं को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से अपडेट रहें। मौसम विभाग द्वारा पांच से सात अक्टूबर तक जारी खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा तीन दिनों के लिए स्थगित रही। इस बीच मौसम में सुधार होने पर हेलीकॉप्टर सेवा भी सुचारू रूप से जारी है।

श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा भारी बारिष्ठ के कारण 26 अगस्त को स्थगित कर दी गई थी। 26 अगस्त को अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर तीर्थयात्री थे और कई घायल हो गए।

### एयर इंडिया का ताइवान की एयरलाइंस से इंटरलाइन करार

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने ताइवान की स्टारलक्स एयरलाइंस से इंटरलाइन भागीदारी का करार किया है।

एयर इंडिया ने बुधवार को बताया कि इस समझौते से उसके यात्रियों के लिए एक ही टिकट पर एयर इंडिया और स्टारलक्स की उड़ानों से ताइपेई की यात्रा संभव हो सकेगी। यात्रियों के पास एयर इंडिया की उड़ान से हांगकांग, बैंकॉक, सिंगापुर या क्वालालम्पुर जाकर वहां से स्टारलक्स की उड़ान से ताइपेई जाने का विकल्प होगा। उन्हें एक ही टिकट लेनी होगी। इन्हीं केंद्रों के माध्यम से स्टारलक्स के ग्राहक एयर इंडिया की उड़ानों से एक ही टिकट पर भारत आ सकेंगे।

# यूपी में अपनी खोई जमीन तलाशेंगी मायावती

## आज लखनऊ मे होगा कांशीराम की पुण्यतिथि पर शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को शक्ति प्रदर्शन के जरिये 2027 विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के खोए जनाधार को वापस पाने की संभावनाएं तलाशेंगी।

कांशीराम की पुण्यतिथि में भाग लेने के लिए बसपा कार्यकर्ता मंगलवार से ही लखनऊ पहुंचने लगे हैं। सभी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि पार्टी प्रमुख मायावती कांशीराम स्मारक परिसर से 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए किस रणनीति और जीत के फॉर्मूले का अनावरण करेंगी। इस महापर्व में बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद की मौजूदगी ने पार्टी समर्थकों के उत्साह को और बढ़ा दिया है। दरअसल 2012, 2017 और 2022 के लगातार विधानसभा चुनावों के साथ-साथ 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में हार के बाद बसपा प्रमुख एक जीत के फॉर्मूले की तलाश में हैं, ताकि राज्य की राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकें। 2012 में राज्य की सत्ता गंवाने के बाद, मायावती विधानसभा और लोकसभा चुनावों में विभिन्न जातिगत समीकरणों पर काम कर रही हैं, लेकिन इससे बसपा के लिए सत्ता का रास्ता साफ नहीं हो पाया है। बल्कि, लगातार चुनावों में बसपा का समर्थन आधार और वोट शेयर घटता ही जा रहा है।

■ **इस महापर्व में बसपा के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे**

### सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को जिंदा करेगी बसपा

**लखनऊ।** लंबे अंतराल के बाद बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर गुरुवार को पार्टी के समर्थकों से रूबरू होंगी। इस दौरान मायावती शक्ति प्रदर्शनन के जरिये बसपा को बी टीम बताने वाले विपक्ष को न केवल अपनी ताकत का अहसास कराएंगी, बल्कि मिशन 2027 का आगाज भी करेंगी। सर्वजन सुखाय- सर्वजन हिताय को लेकर मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर से रैली के जरिये सोष्ठाल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर चलते हुए मतदाताओं के बीच पहुचने की कोशिश करेंगी।

## रायबरेली में दलित की हत्या पर राहुल गांधी और खड़गे का हमला

# मॉब लिंचिंग व बुलडोजर आज की पहचान

**नई दिल्ली, वार्ता**





रायबरेली में एक दलित की हत्या को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा है कि 2014 के बाद से मॉब लिंचिंग, बुलडोजर अन्याय और भीड़तंत्र आज की पहचान बन चुकी हैं। कांग्रेस के दोनो नेताओं ने दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की हत्या को इंसानियत और संविधान की हत्या बताया है।

राहुल गांधी ने लिखा कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं, इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। वह लिखते हैं कि देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम और क्रूर हत्या की कांग्रेस पार्टी कड़ी से कड़ी निंदा करती है। हमारे देश में एक संविधान है, जो हर इंसान को समानता के भाव से पहचानता है, एक कानून है, जो हर नागरिक की सुरक्षा, उसके अधिकार और उसकी अभिव्यक्ति को समान दर्जा देता है। जो रायबरेली में हुआ, वह इस देश के संविधान के प्रति घोर अपराध है, दलित समुदाय के प्रति अपराध है और इस देश व समाज पर कलंक है। चाहे हाथरस और उन्नाव में महिलाओं के खिलाफ अपराध हों, रायबरेली में हरिओम की हत्या कुछ समय पहले रोहित वेमुला की संस्थागत हत्या। मध्य प्रदेश में एक नेता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की अमानवीय घटना, ओडिशा और मध्य प्रदेश में दलितों की निर्मम पिटाई या फिर हरियाणा के पहलू खान और यूपी के अखलाक की हत्याप्रशासन और सत्ताधारी शक्तियों की बढ़ती संवेदनहीनता का दर्पण है। कांग्रेस पार्टी समाज के वंचित और कमजोर तबकों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हम नागरिकों से आह्वान करते हैं कि वे इस अन्याय के विरुद्ध एकजुट हों। यह लड़ाई तब तक जारी रहनी चाहिए, जब तक हर भारतीय के अधिकारों और जीवन की गरिमा को पूर्ण सुरक्षा नहीं मिल जाती।

### मुख्य न्यायाधीश पर हमले के विरोध में पूरे यूपी में 'आप' करेगी प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारत के मुख्य न्यायाधीष्ठा पर जूता फेंकने की घटना की भर्त्सना करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने 10 अक्टूबर को पूरे उत्तर प्रदेश में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। इस दौरान कार्यकर्ता राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर एक दलित के बेटे का बैठना भारतीय जनता पार्टी और उसके नरती तंत्र को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। यही कारण है कि इस जघन्य कृत्य और उसके बाद सोशल मीडिया पर सीजेआई के खिलाफ फैलाए जा रहे घृणित अपमान को लेकर सरकार खामोश है। भारत के सीजेआई का अपमान हुआ है, क्योंकि आरएसएस और बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों मुसलमानों से नफरत करती है।

# योगी ने राममंदिर पहुंच की ट्रस्ट के साथ मंत्रणा

**अयोध्या, वार्ता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में रामलला का दर्शन पूजन अर्चन करने के बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के अंदर बने आदित्य भवन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासर्ि. चव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र एवं राममंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव एवं प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व पर्यटन संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की मौजूदगी में मंत्रणा की। उन्होंने श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अयोध्या आगमन पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर निर्धारित समय पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर उतरा जहां उनका स्वागत वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी पर माथा टेककर हनुमंत लला का दर्शन पूजन किया। हनुमानगढ़ी से मुख्यमंत्री का काफिला सुरक्षा घेरे में क्रॉसिंग 3 से राम मंदिर पहुंचा जहां उन्होंने विधि विधान से रामलला का दर्शन पूजन अर्चन किया और उपस्थित दर्शनार्थियों को अभिवादन कर श्रमिकों का हाथ उठाकर अभिनन्दन किया।

■ **रामलला के दर्शन कर की पूजा-अर्चना**



सेंसेक्स 81790.12
निफ्टी 25077.65



सोना रु. 121799
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 150783
प्रति किलो



# शेयर बाजार में थमी तेजी, सूचकांक लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



ऑटो, बैंकिंग तथा अन्य सेक्टरों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में पिछले चार दिन की तेजी पर बुधवार को ब्रेक लग गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 153.09 अंक की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 25,046.15 अंक पर आ गया। दिन भर के कारोबार में सेंसेक्स में 600 अंकों का उतार-चढ़ाव रहा। यह ऊपर 82,257.74 अंक और नीचे 81,646.08 अंक तक गया। आईटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, तेल एवं गैस सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। दिग्गज कंपनियों के मुकाबले दूसरी कंपनियों में अधिक गिरावट देखी गई। निफ्टी-100 में 0.34 प्रतिशत की गिरावट रही। मिडकैप-50 सूचकांक 0.74 फीसदी और स्मॉलकैप 0.52 फीसदी टूट गया। एनएसई में कुल 3,207 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,864 में गिरावट और 1,250 में तेजी रही, जबकि 93 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 21 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 2.41 प्रतिशत गिर गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.91 प्रतिशत, बीईएल में 1.67 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.55 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.46 प्रतिशत, सनफार्मा का 1.37 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.30, पावर ग्रिड का 1.28, रिलायंस का 1.27, बजाज फिनसर्व का 1.17 और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक भी दबाव में रहे। टाइटन में सबसे अधिक 4.38 प्रतिशत की तेजी देखी गयी। इंफोसिस का शेयर 2.67 फीसदी, टीसीएस का 1.78, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.34, टेक महिंद्रा का 1.17 और इटरनल का 1.10 प्रतिशत चढ़ गया।

भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस में भी तेजी रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 प्रतिशत टूट गया। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.46 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56 फीसदी की बढ़त में था।

# सोना और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड उछाल

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। रोज नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार बुधवार दोपहर तक 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,21,799 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी की कीमत बढ़कर 1,50,783 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एमसीएक्स पर चांदी वायदा में भी जोरदार खरीदारी देखी गई। 2,387 रुपये या 1.63 प्रतिशत बढ़कर 1,48,179 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत उछलकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गई। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 122,220, जयपुर में 122,270, कानपुर में 122,350, लखनऊ में 122,350, भोपाल में 122,450 , इंदौर में 122,450, चंडीगढ़ में 122,320 और रायपुर में 122,270 रुपये रहा। पटना में सोना आज सबसे सस्ता मिल रहा है। वहीं सबसे महंगा सोना भोपाल और इंदौर में है। पटना में 10 ग्राम सोने की की कीमत 122,220 रुपये चल रही है। वहीं भोपाल और इंदौर में सोने का दाम 122,450 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# चावल नरम, गेहूं.चीनी मजबूत खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही।

खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार. चढ़ाव देखा गया। चीनी में भी बढ़त देखी गई। विदेश में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 76 रिंगिट चढ़कर 4,546 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51.46 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत नौ रुपये घटकर 3,855.21 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव सात रुपये बढ़कर 2,859.58 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 10 रुपये बढ़ी और यह 3,313.25 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 27 रुपये और वनस्पति की 31 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 48 रुपये और पाम ऑयल 39 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 63 रुपये और सोया तेल छह रुपये रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 10 रुपये सस्ती हुई। अन्य दालों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 15 रुपये और उड़द दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई, जबकि चीनी में दो रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। .दाल.दलहन : दाल चना 7908.25 रुपये, मसूर काली 8153.97 रुपये, मूंग दाल 10115.67 रुपये, उड़द दाल 10421.28 रुपये, अरहर दाल 10536.90 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.58 रुपये और चावल 3855.21 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4319.01 रुपये और गुड़ 5008.08 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# यूपी के हर जिले में आज से स्वदेशी मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने लखनऊ के लोक भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के तीसरे संस्करण को अभूतपूर्व सफलता मिली है।

मंत्री ने बताया कि इस सफलता को जनता तक पहुंचाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 से 18 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के सभी जिलों में 'स्वदेशी मेलों' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने न सिर्फ निवेश और नवाचार के नए अवसर खोले, बल्कि ब्रांड उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी। 2200 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे, जिनमें सरकारी विभागों, उद्यमियों, निर्यातकों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों ने अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में 80 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा खरीदारों ने हिस्सा लिया, जिससे 11,200 करोड़ रुपये की व्यावसायिक पूछताछ और लगभग 5 लाख लोगों का फुटफाल दर्ज किया गया। अब हर जिले में 'स्वदेशी मेला' लगेगा। इन मेलों में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़े विभागों के साथ-साथ हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिलेगा। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि संस्कृति विभाग के सहयोग से मेलों में उत्तर प्रदेश की लोक कला, संगीत और परंपरागत संस्कृति का भी शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष स्वदेशी मेले का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी सुधारों के रूप में देश को जो दीपावली गिफ्ट मिला है, यह स्वदेशी मेला उसी क्रम का उत्सव है।

■ **संस्कृति विभाग के सहयोग से दिखेगा ब्रांड यूपी का दम**

# लोग आम खाने के बाद फेंक देते हैं गुठली, बेटियां रहें सावधान: पटेल

**वाराणसी, वार्ता**



महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बेटियों को लेकर के बड़ी नसीहत दी। उन्होंने लिव इन रिलेशनशिप को लेकर कहा कि अभी लिव इन रिलेशनशिप का चलन है। मत करिए, अच्छे फैसले करिए। मैंने 50-50 टुकड़े कर बीम में भरने वालों को देखा है। पिछले 10 दिन में ऐसी घटनाओं के बारे में सूचना मिली है, जिन्हें सुनकर बेहद दुःख होता है। यह ऐसा समाज है जो आम खाता है और गुठलियों फेंक देता है, ऐसे में बेटियों को सावधान रहने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि एक हाई कोर्ट के जज ने मुझसे चिंता व्यक्त की। मेरे सामने पास्को एक्ट के बारे में बताया, जो लोग गलत काम करते हैं, वह भाग जाते हैं। उन्होंने मुझे बताया कि मैडम एक दो लोग हैं, हमें न्याय भी देना है। समय नहीं है तो हम क्या करें, आप मदद कीजिए। मैंने कहा कि जरूर मदद करेंगे, बोलिए क्या करना है। इस पर जज ने कहा कि एक काम आप ऐड कर दीजिए कि पाक्सो एक्ट में जो बच्ची है, जहां भी रहती हैं उनके लिए क्या करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि मैंने सभी यूनिवर्सिटी से जानना चाहा कि इस पर क्या किया जा सकता है, इन बच्चियों तक कैसे पहुंचे। फिर मैंने 40 बेटियों को बंद कमरे में बैठाया, इनमें से चार की बातें सुनी। एक ने कहा कि पिता. जी मुझे प्रताड़ित करते थे। दूसरे ने मामा, तीसरी ने काका और चौथी ने कहा पड़ोसी प्रताड़ित करते थे। बेटियों ने हिम्मत दिखाई वह पुलिस स्टेशन गई और एफआईआर दर्ज की। दोषी लोगों की धर पकड़ हुई और अब वह जेल में है। इसके बाद बाकी बच्चों की बात सुनने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। राज्यपाल ने कहा कि बच्चियों से मिलने के बाद मैंने ऐसी 80 लड़कियों से मुलाकात की, जिन्हें उनके पति ने छोड़ दिया है।

■ **महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में बोलीं राज्यपाल**

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उत्तराखंड में सड़क सुरक्षा बनेगा जनआंदोलन: डीजीपी

## पुलिस, परिवहन और निर्माण विभागों ने बनाई नई साझा रणनीति

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय में सड़क सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए तीन दिवसीय श्सड़क सुरक्षा प्रबंधन कार्यशालाश का सफल आयोजन हुआ। 6, 7 और 8 अक्टूबर को आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस, परिवहन और सड़क निर्माण प्राधिकरणों (जैसे लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के 33 अधिकारियों ने भाग लिया।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित यह कार्यशाला पुलिस मुख्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन , फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई।समापन सत्र में मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दीपम सेठ ने भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में समन्वित प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

डीजीपी ने कहा, ष्सड़क सुरक्षा वर्तमान समय की एक प्रमुख चुनौती है। पुलिस, परिवहन और सड़क निर्माण एजेंसियों के बीच तालमेल अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यशाला न केवल हमारे अधिकारियों की तकनीकी दक्षता बढ़ाएगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और प्रभावी जांच के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी।

उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि उत्तराखण्ड पुलिस सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक यातायात, नारायण सिंह नपलच्याल और डॉ. रोहित बलूजा सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




### दुर्घटना विश्लेषण पर विशेष जोर

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के नियमों और कानूनों, केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियमों के प्रावधानों, दुर्घटनाओं की जांच में फोरेंसिक विज्ञान के प्रयोग और यातायात प्रबंधन के वैज्ञानिक विश्लेषण पर उन्नत और व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था। डॉ. रोहित बलूजा और उनके विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने सड़क सुरक्षा प्रबंधन और आधुनिक तकनीकी विश्लेषण पर विस्तृत व्याख्यान दिए।

# युवाओं को अन्य राज्यों व विदेश में भी नौकरी दिलाने के प्रयासों की जरूरत: मुख्य सचिव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने बुधवार को सचिवालय में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को प्रदेश के भीतर एवं अन्य राज्यों सहित भारत के बाहर विदेशों में नौकरी के अवसर नौकरी दिलाने की दिशा में काम किए जाने की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए ओवरसीज एंप्लॉयमेंट सेल और पैनलबद्ध भर्ती एजेंसियों के माध्यम से विदेशों में नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। इस अवसर पर सचिव सी रविशंकर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेशभर में स्किल गैप असेसमेंट करा लिया जाए। उन्होंने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नर्सिंग का टूर गाइड्स एवं पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए वाइल्ड लाइफ गाइड प्रशिक्षण को भी शामिल किया जाए। इसके लिए विभाग को युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के साथ ही हैंड होल्डिंग किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि विदेशों में नौकरी की संभावनाओं को देखते हुए युवाओं को अपेक्षित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए।

### 169 युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण: सी. रविशंकर

सचिव सी. रविशंकर ने बताया कि विभाग द्वारा ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट सेल का गठन कर लिया गया है। अभी तक 63 युवाओं को जापान और सऊदी अरेबिया में प्रशिक्षण और रोजगार प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से 351 युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है, जिसमें से 315 को प्लेसमेंट मिल गया है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में वर्तमान में 169 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रदेशभर में कफ सिरप पर बड़ी कार्रवाई

# देहरादून में 7 मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निरस्त

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्यभर में अवैध, असुरक्षित और निम्न गुणवत्ता वाली कफ सिरप दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की टीमें प्रदेश के हर जिले में सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में शुरू यह अभियान अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाई के रूप में सामने आया है। स्वास्थ्य सचिव व आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार और अपर आयुक्त व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी की देखरेख में पूरे प्रदेश में दवा विक्रेताओं, थोक आपूर्तिकर्ताओं और मेडिकल स्टोरों पर औचक निरीक्षण चल रहा है।



### ऊधमसिंहनगर में 40 नमूने जांच को भेजे

प्रदेश में बच्चों के लिए बनाए गए खांसी के सिरप पर कार्रवाई के तहत उधम सिंह नगर जनपद में औषधि विभाग की टीम ने अभियान तेज कर दिया है। वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार और औषधि निरीक्षक निधि शर्मा के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 10 पेडियाट्रिक कफ सिरप के नमूने जांच को लिए गए हैं। अब तक जिले से कुल 40 कफ सिरप नमूने फॉर्म-17 में लेकर विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजे जा चुके हैं।

**हरिद्वार व रुड़की में भी सख्त कार्रवाई, 15 नमूने जांच को भेजे:** इसी क्रम में हरिद्वार जनपद में भी औषधि विभाग ने अभियान को और तेज किया है। अपर आयुक्त के निर्देशों पर रुड़की के एयरन हॉस्पिटल, विनय विशाल हॉस्पिटल तथा हरिद्वार के मेट्रो हॉस्पिटल से कुल 15 कफ सिरप के नमूने परीक्षण हेतु लिए गए हैं। औषधि निरीक्षक अनीता भारती के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूनों को विश्लेषण के लिए भेज दिया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, हरिद्वार जिले से अब तक कुल 39 नमूने जांच के लिए लिए जा चुके हैं।

### देहरादून में सबसे बड़ी छापेमारी

एफडीए की टीम ने बुधवार को देहरादून में बड़े पैमाने पर छापेमारी की। आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर औषधि निरीक्षक मानेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में टीम ने चकराता रोड, किशन. नगर चौक, बल्लूपुर चौक, कांवली रोड, बल्लीपुर चौक और प्रेमनगर क्षेत्रों में मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में बच्चों को दी जाने वाली खांसी और सर्दी-जुकाम की दवाओं के क्रय-विक्रय पर तत्काल रोक लगाई गई। जिन दुकानों में यह दवाएं भंडारित थीं, उन्हें मौके पर सील कर दिया गया। विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि इन औषधियों का विक्रय अगली सूचना तक न करें। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कई विक्रेताओं ने स्वयं संज्ञान लेकर इन दवाओं को पहले ही दुकान से हटा दिया था। टीम ने मौके पर 11 सिरप के नमूने जांच के लिए लिए। जांच में कोल्ड्रिंफ, रेसीफ्रेश टीआर व रिलीफ जैसे सिरप किसी भी मेडिकल स्टोर में उपलब्ध नहीं पाए गए।

**हल्द्वानी में सरकारी अस्पताल से लिए गए नमूने:** नैनीताल जनपद के हल्द्वानी में भी एफडीए की कार्रवाई जारी रही। सोहन सिंह जीना बेस हॉस्पिटल की ड्रग स्टोर से तीन कफ सिरप के नमूने जांच के लिए लिए गए। सभी नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु औषधि विश्लेषणशाला, देहरादून भेजा गया है।

**अब तक 148 नमूने जांच के लिए भेजे गए:** प्रदेशभर में जारी छापेमारी के दौरान अब तक 148 नमूने जांच के लिए भेजे गये। इसके साथ ही आज देहरादून में 11, कोटद्वार में 3, हल्द्वानी में 3, अल्मोड़ा में 4, रुद्रप्रयाग में 4 और उत्तरकाशी में 4 नमूने लिए गए हैं। अभियान के दौरान दर्जनों प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है और कई स्थानों पर संदिग्ध स्टॉक जब्त कर सीलिंग की कार्रवाई की गई है।

## उत्तरकाशी में चार सिरप पर प्रतिबंध

जनपद उत्तरकाशी में औषधि निरीक्षक मोहम्मद ताजिम के नेतृत्व में छापेमारी की गई। टीम ने बच्चों में प्रयुक्त चार प्रकार के कफ सिरपों के नमूने लिए और देहरादून की प्रयोगशाला को भेजे। औषधि निरीक्षक ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को चेतावनी दी कि निम्नलिखित सिरप किसी भी हालत में न रखें और न बेचें। साथ ही निर्देश दिए गए कि 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप बिल्कुल न दिया जाए और वयस्कों को भी केवल डॉक्टर की सलाह पर ही दवाएं दी जाएं।

### रुद्रप्रयाग में 4 नमूने लिए, सैंपल जांच को भेजे

रुद्रप्रयाग जनपद के तिलवाड़ा क्षेत्र में औषधि निरीक्षकों की टीम ने रिटेल और थोक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर चार नमूने कफ सिरप के लिए संक. लित किए। दवाओं की गुणवत्ता जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### एफडीए की जनता से अपील

एफडीए ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि यदि किसी मेडिकल स्टोर या वितरक के पास उपरोक्त प्रतिबंधित सिरप पाया जाए तो तुरंत स्थानीय औषधि निरीक्षक या एफडीए कार्यालय को सूचित करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ लाइसेंस निरस्तीकरण, जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सरकार ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर उठाया निर्णायक कदम

सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जो निर्णायक कदम उठाया है, वह प्रदेश में स्वास्थ्य सुरक्षा की नई मिसाल है। औषधि विभाग की यह मुहिम न सिर्फ संदिग्ध औषधियों पर रोक लगाने में अहम भूमिका निभा रही है, बल्कि यह संदेश भी दे रही है।

# आपदा राहत में एलएंडटी ने सीएम को दिया 5 करोड़ का चेक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/ देहरादून।** नई दिल्ली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में हाल ही में हुई प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की सहायता एवं राहत-पुनर्वास कार्यों में सहयोग हेतु रुपये 5 करोड़ (पांच करोड़ रुपये) की सहायता राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की। इस अवसर पर एलएंडटी समूह के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एलएंडटी के इस सराहनीय सहयोग के लिए कंपनी के प्रति. निधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में कॉर्पोरेट सेक्टर का यह योगदान राज्य सरकार के लिए बड़ी सहायता साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ कर रही है। ऐसे में निजी क्षेत्र की सहभागिता से इन कार्यों में और तेजी आएगी तथा प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत पहुंचाई जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड एक आपदा संवेदनशील राज्य है, जहां भौगोलिक परिस्थितियों के कारण समय-समय पर प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने और राहत तंत्र को और अधिक सक्षम करने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं।



# देहरादून से टनकपुर वाली ट्रेन अब सप्ताह में 3 दिन

## मुख्यमंत्री धामी के अनुरोध पर केंद्रीय मंत्री ने दी प्रस्ताव को हरी झंडी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली / देहरादून।** केन्द्रीय रेल मंत्री ने मुख्यमंत्री के अनुरोध पर देहरादून-टनकपुर वीकली ट्रेन को सप्ताह में तीन बार किये जाने पर भी सहमति दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर उत्तराखंड में रेल अवसंरचना के विकास पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने देहरादून एवं हरिद्वार रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किए जाने के लिए दोनों रेलवे स्टेशनों के विस्तार-सुदृढ़ीकरण के साथ ही हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन दो. हरीकरण का कार्य केन्द्र सरकार द्वारा पूर्ण व्यय भार वहन करते हुए पूरा कराने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने हरिद्वार व देहरादून रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किये जाने पर सहमति देते हुए कहा कि हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन दोहरीकरण के कार्य का पूर्ण व्यय भार केन्द्र सरकार द्वारा किये जाने के संबंध में परीक्षण कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना में संरेखण में अल्मोड़ा और सोमेश्वर क्षेत्रों को भी जोड़ने की संभावनाओं पर विचार करने और टनल के साथ-साथ सड़क का प्रावधान करने का अनुरोध केन्द्रीय रेल मंत्री से किया। रेल मंत्री ने कहा कि इस पर विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश के पुराने रेलवे स्टेशन को पूर्णतः बंद करते हुए इस भूमि के सभी अधिकार राज्य सरकार को हस्तांतरित किए जाने के लिए भी केन्द्रीय रेल मंत्री से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराने रेलवे स्टेशन के बंद होने के कारण यदि योग नगरी रेलवे स्टेशन पर सुव्यवस्थित संचालन के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी तो राज्य सरकार इस पर सकारात्मक विचार एवं सहयोग करेगी। रेल मंत्री ने इस पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दी।



# हाईकोर्ट ने अंकिता भंडारी मामले में की सुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड उच्च न्यायलय ने चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुल. कत आर्या व सौरभ भास्कर को निचली अदालत से आजीवन कारावास की सजा दिये जाने के मामले पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी.नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने दायर याचिकाओं में आपत्ति पेश करने को कहा है। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि मामले की सुनवाई के लिए जिस पक्षाकरो को निचली अदालत के दस्तावेज प्राप्त नही हुए हैं। वे उन्हें दिये जाएं ताकि आगामी तिथि को मामले की सुनवाई हो सके। पूर्व के आदेश पर सरकार की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया गया कि इस मामले के सारे दस्तावेज उच्च न्यायलय में आ चुके है। जिसपर कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई के लिए 17 नवम्बर की तिथि नियत कर दी है। अभियुक्तों ने उन्हें कोटद्वार कोर्ट द्वारा आजीवन कारावास की सजा दिए जाने के आदेश को चुनौती दी है। मामले के अनुसार आरोपीयो को कोटद्वार कोर्ट ने 30 मई 2025 को आईपीसी की धारा 302, 354 (अ) और 201 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनवाई थी। सुनवाई के दौरान 47 गवाह पेश किए गए थे। जिसके खिलाफ उनके द्वारा इस आदेश को चुनोती दी गयी। हुई सुनवाई पर आरोपी की तरफ से कहा गया कि मामले में कोई प्रत्यक्षदर्शी गवाह पेश नही किया गया। मृतक का शव कैनाल से बरामद हुआ था।सरकार की तरफ से कहा गया कि आरोपी व उसके दो अन्य साथियों की लोकेशन घटना स्थल पर पाई गई थी, फोरेंसिक जांच में भी इनकी लोक. ेशन वहाँ पाई गई। यही नही मृतिका ने अपने व्हाट्सएप चौट में भी इसका जिक्र किया है। आरोपियो ने रिसॉर्ट के सीसीटीवी कैमरे बंद करा दिए गए और डीवीआर से भी छेड़खानी की। मामले के अनुसार पौड़ी जिले के डोभ श्रीकोट की अं. कता भंडारी वनंत्रा रिसोर्ट ऋषिकेश में नौकरी करती थी। जिसकी हत्या आरोपी रिजॉर्ट स्वामी पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित ने चीला बैराज में धक्का देकर की थी। मामले की छानबीन के बाद तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तब अभियुक्त जेल में बंद है।



# विकास योजनाओं को सीएम ने दी 14.62 करोड़ की मंजूरी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के विकासखंड बेतालघाट में दूनी खाल से रातीघाट (पाडली) तक मोटर मार्ग के निर्माण किये जाने हेतु रु. 9.81 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ में विभिन्न आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु एसडीआरएफ वाहिनी कन्ट्रोल रूम को कमाण्ड एंड कंट्रोल सेंटर के रूप में स्थापित किये जाने तथा आधुनिक तकनीकों के साथ उच्चीकृत किये जाने हेतु ह 25 लाख राज्य आपदा मोचन निधि के क्षमता विकास से स्वीकृत किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत तहसील थल के कार्यालय भवन निर्माण हेतु रु. 4.56 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### राज्य आन्दोलनकारी आश्रित पेंशन को भी अनुमोदन

राज्य आन्दोलनकारी स्व० धर्मानन्द बमराडा की आश्रित पत्नी सीता देवी, निवासी ओम विहार, अजबपुर कला देहरादून को उनके पति की मृत्यु की तिथि दिनांक 10.07.2023 के उपरान्त अनुमन्य की गयी रु. 4500 प्रतिमाह पेंशन को समायोजित करते हुए उन्हें 6 हजार प्रतिमाह राज्य आन्दोलनकारी आश्रित पेंशन प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारेगा अल्पसंख्यक शिक्षा कानून: चौहान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने धामी सरकार के द्वारा लाये गए नये अल्पसंख्यक कानून को जरूरी बताते हुए कहा कि इससे शिक्षा की गुणवत्ता मे सुधार होगा और सभी वर्गों को गुणवत्तापरक शिक्षा का अधिकार है।

कांग्रेस के ध्रुवीकरण के आरोपों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस नही चाहती कि सभी वर्गों को गुणवत्तापरक शिक्षा हासिल हो? एक और कांग्रेस पुराने कानून मे नये बनाये गए प्रावधानों को यथावत बता रही है तो फिर उसे विरोध करने की जरूरत क्यों पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विरोध महज समुदाय विशेष की तुष्टिकरण के लिए है। चौहान ने कहा कि अल्प संख्यक विधालयों मे हाई टेक सुविधाएं, योग्य शिक्षक होंगे तो उसका लाभ अल्प संख्यक छात्रों को मिलेगा। जबकि मदरसों मे यह व्यवस्था नही थी। उन्होंने कहा कि धार्मिक शिक्षा के लिए अलग से अनुमति लिए जाने का प्रावधान है। अन्य विधालयों और छात्रों की भाँति इन विधालयों मे रोजगारपरक और गुणवत्ता परक शिक्षा मुहैया करायी जायेगी। चौहान ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। तकनीकी तौर पर दक्ष अन्य विधालयों की भाँति ही इन विधालयों को किया जा रहा है।

# उच्च शिक्षा में 10 हजार छात्रों का हो कैम्पस प्लेसमेंट: डॉ. रावत

## चिंतन शिविर में राज्य विश्वविद्यालयों को दिया छात्रों को लखपति बनाने का लक्ष्य

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश के राजकीय विश्व. विद्यालय को प्रत्येक वर्ष 10 हजार छात्रों का कैम्पस प्लेसमेंट का लक्ष्य दिया गया है। इसके तहत विश्व. विद्यालय अपने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का अंतिम वर्ष में कैम्पस इंटरव्यू करा कर उन्हें प्रतिमाह न्यूनतम एक लाख का पैकेज दिलवायेंगे। ताकि राज्य में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे 10 हजार छात्रों को प्लेसमेंट के माध्यम से लखपति बनाया जा सके।

यह बात सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर शिक्षा संवाद में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राज्य में विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत 500 से अधिक माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन कर प्रतिवर्ष हजारों छात्र-छात्राओं को कैम्पस प्लेसमेंट के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उसी प्रकार उच्च शिक्षा में भी प्रतिवर्ष 10 हजार छात्र-छात्राओं को विभिन्न कंपनियों के माध्यम से कैम्पस प्लेसमेंट के तहत एक लाख से अधिक के पैकेज के साथ रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिये प्रत्येक विश्व. विद्यालय को अपने कैम्पस व सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन कराना होगा, ताकि विभिन्न विषयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में ही विभिन्न क्षेत्रों में योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त हो सके। इसके लिये राजकीय विश्वविद्यालय सहित सम्बद्ध संस्थानों को अपने-अपने कैम्पस में प्लेसमेंट सेल का गठन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग एवं नैक ग्रेडिंग के लिये विशेष ध्यान देने की बात कही।

चिंतन शिविर में उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा उन्नयन समिति डॉ. देवेन्द्र भसीन, डॉ. जयपाल सिंह चौहान, सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, आयुक्त एवं परियोजना निदेशक रूसा झारखण्ड डॉ. संतोष कुमार देवांगन, अपर सचिव मनुज गोयल, कुलपति हेम. वती नंदन बहुगुणा केन्द्रीय विश्व. विद्यालय प्रो. प्रकाश सिंह, कुलपति गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय प्रो. मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक आईआईएम सिरमौर प्रो. प्रफुल्ल अग्निहोत्री, कुलपति दून विश्व. विद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुल. पति श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रो. एन.के. जोशी, कुलपति सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय प्रो. एस. एस. बिष्ट, कुलपति उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय प्रो. नवीन चन्द्र लो. हनी, निदेशक उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड प्रो. वी.एन. खाली सहित देशभर के दर्जनों प्रतिष्ठित विश्व. विद्यालयों/संस्थानों के कुलपति, निदेशक एवं प्राचार्य उपस्थित रहे।



### एनआईआरएफ रैंकिंग हासिल करने को लक्ष्य निर्धारित करें उच्च शिक्षा संस्थान: मुख्य सचिव

चिंतन शिविर में सूबे के मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन ने प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों को एनआईआरएफ रैंकिंग हासिल करने के लिये लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राजकीय विश्व. विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नैक की शुरूआत हो गई है, जिसके चलते उच्च शिक्षण संस्थानों में आमूल-चूल परिवर्तन दिखाई देना लगा है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य उत्तराखंड को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मॉडल स्टेट बनाना है, इसके लिये ठोस रूपरेखा बनाई जायेगी।

# एसएसजे में छात्र महासंघ के लिए किया नामांकन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि की छात्र महासंघ के गठन को लेकर नामांकन प्रक्रिया संपन्न हो गई है। बुधवार को अध्यक्ष पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और एक निर्दलीय प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, अन्य पदों पर एक-एक ही नामांकन होने से सभी का निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय है। गुरुवार को एसएसजे में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। इसके बाद नाम वापसी और नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया संपन्न हुई। अध्यक्ष पद पर एबीवीपी से तिलक राज पाठक ने अपना नामांकन कराया। वहीं, अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी नेहा रावत ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि अन्य पदों पर एक-एक ही प्रत्याशी प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र भरा। उपाध्यक्ष पद पर निशा साह, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर हिना आर्या, सचिव पद पर निखिल कपकोटी, संयुक्त सचिव पद पर प्रियंका और कोषाध्यक्ष पद में पूजा कपकोटी ने नामांकन कराया। इन पांच पदों पर निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय है। विवि के अधीन सभी परिसरों और महाविद्यालय से निर्वाचित विश्व विद्यालय प्रतिनिधि आजअध्यक्ष पद पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से चलेगी। देर शाम परिणामों की घोषणा की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया के दौरान परिसर में छात्रों के बीच गहमागमी का माहौल रहा। इस दौरान किसी बात को लेकर छात्रों के दो गुट आपस में भीड़ गए और नौमत मारपीट पर उतर आई। किसी तरह पुलिस बल ने छात्रों को खदेड़ माहौल शांत कराया। छात्र महासंघ चुनाव को लेकर एसएसजे विवि परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। ताकि व्यवस्थाओं को संभाला जा सके। वहीं, प्रदेश द्वार पर बाहरी छात्रों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाई गई थी।

# साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** दन्या पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी। बुधवार को पुलिस टीम ने साइबर अपराध और उनसे बचने के बारे में बताया। लोगों से फर्जी काल, अनजान लिंक, बैंक से संबंधित निजी जानकारी को साझा न करने को कहा। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर इन दिनों जिले भर में पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में बुधवार को दन्या पुलिस ने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने लोगों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। ठगों की ओर से अपने जाल में फंसाने के लिए अपनाए जाने वाले पैंतरों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। मौके पर थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत ने बताया कि साइबर ठगों की ओर से सरकारी अधिकारी या पुलिस, सीबीआइ, ईडी बनकर लोगों को फोन पर डरा-धमका रहे हैं, डिजिटल अरेस्ट कर लोगों को डराया जा रहा है। कहा कि डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई भी चीज नहीं होती है। इसके अलावा महिला सुरक्षा, उत्तराखंड पुलिस एप, गौरा शक्ति, नवीन कानून, यातायात नियम और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई।




## एक नजर

### बागेश्वर में सहकारिता मेला 13 अक्टूबर से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**बागेश्वर।** 13 से 17 अक्टूबर तक ऐतिहासिक नुमाइशखेत मैदान में भव्य सहकारिता मेला आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) आरसी तिवाड़ी ने किसानों से मेले में भाग लेने की अपील की है। सीडीओ ने प्रेस वार्ता में बताया कि मेले में 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें सहकारी समितियों, सरकारी विभागों और महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद प्रदर्शित होंगे। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष भी मडुवा, झिंगोरा, चौलाई और सोयाबीन की सरकारी खरीद की जाएगी। मडुवा रुपये 4886, झिंगोरा रुपये 2500, चौलाई रुपये 5000 और सोयाबीन रुपये 4000 प्रति कुंतल की दर से खरीदी होगी। पिछले साल जिले में 14 लाख से अधिक का मडुवा खरीदा गया था, जिससे बागेश्वर राज्य में दूसरे स्थान पर रहा। इस बार लक्ष्य और खरीद में बढ़ोतरी की उम्मीद है। मेले में किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम में जिला सहायक निबंधक आशीष कुमार और सहकारी अधिकारी मुरारी लाल वर्मा भी मौजूद रहे।

### गुरु रामदास महाराज का प्रकाश पर्व मनाया

**काशीपुर।** सिखों के चतुर्थ गुरु श्री गुरु रामदास महाराज जी का प्रकाश पर्व आज देश भर में अत्यंत धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कुंडेश्वरी, गुलज़ारपुर, जुड़का आदि आसपास क्षेत्र की सिख संगत द्वारा कुडेश्वरी चौराहे पर मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे से पाठी सिंह द्वारा अरदास करवाकर लड्डू के प्रसाद के 1500 डिब्बों का वितरण किया गया। आपको बता दें कि गुरू रामदास महाराज सिखों के चौथे गुरु साहिबान थे। उन्होंने हरमंदिर साहिब की स्थापना करवाई। यह विशेष दिन हमें उनके महान जीवन, अनमोल उपदेशों और समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद करने का अवसर देता है। इस मौके पर परविंदर विर्क पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, मलकीत सिंह अध्यक्ष सोसाइटी, जोगिंदर सिंह पूर्व जिला मंत्री भाजपा, नवजोत सिंह, एडवोकेट कर्मपाल सिंह, जगप्रीत सिंह, साहब सिंह, गुरपेज़ सिंह आदि मौजूद रहे।

### समर स्टडी हॉल करियर काउंसलिंग

**काशीपुर।** समर स्टडी हॉल विद्यालय में आइ एजुकेशनलाइज ग्रुप द्वारा छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग आयोजित की गई, जिसमें पांच यूनिवर्सिटियों (एमआईटी डब्ल्यूपीयू यूनिवर्सिटी, एमआईटी एडीटी यूनिवर्सिटी, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, आईसीएफएटी यूनिवर्सिटी एवं महेन्द्रा यूनिवर्सिटी) के प्रशिक्षित परामर्शदाताओं ने छात्रों को अनुशासन में रहकर, आत्मविश्वास व लक्ष्य प्राप्ति के विभिन्न उपायों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया व साथ ही प्रत्येक छात्र के साथ परस्पर संवाद कर उनके शिक्षण कौशल का मार्गदर्शन किया, ताकि वे भविष्य में अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में संतुलन बनाते हुए सफलता प्राप्त कर सके। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता तुपार पांके व दूसरी वक्ता श्रीमती वर्मा थीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने सभी वक्ताओं का स्वागत किया व छात्रा आक. ांक्षिका द्वारा सभी का धन्यवाद दिया गया।

### कई वर्ष के बाद ट्रांसफार्मर से जुड़ी लाइन

**काशीपुर।** विद्युत उपभोक्ताओं को दीपावली से पहले बड़ी राहत मिल गयी है। गत कई वर्षों से लंबित विद्युत लाइन, जो 20 नम्बर आवास विकास सब स्टेशन पर लगे ट्रांसफार्मर से जुड़नी थी, अब लगातार प्रयासों के बाद सफलतापूर्वक जुड़ गई है। इससे दीपावली से पहले सभी ट्रांसफार्मरों पर लोड समान रूप से बाँट दिया जाएगा और ओवरलोड तथा लो वोल्टेज की समस्या समाप्त हो जाएगी। यह कार्य पूरा होने से उम्मीद की जा सकती है कि इसके बाद मुख्य बाजार,ख्र रतन सिनेमा रोड, रामनगर रोड, बाजपुर रोड, आवास विकास आदि क्षेत्रों की विद्युत समस्या में स्थायी सुधार होगा। इस कार्य इतना आसान भी नहीं था इसको संपन्न कराने हेतु कोर्ट के आदेश लेने पड़े, और इस पूरी प्रक्रिया में अमरीश अग्रवाल एडवोकेट, एक्स. इंजीनियर अजित यादव, उपखण्ड अधिकारी महक मिश्रा एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा।

### छात्राओं को एल्बेंडाजोल दवा वितरित की

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्या डॉ. कीर्ति पन्त के निर्देशन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की छात्राओं को एल्बेंडाजोल दवाई वितरित की गयी। असिस्टेन्ट प्रोफ़ेसर डॉ. अंजलि गोस्वामी ने कृमि संक्रमण से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को बताते हुए संक्रमण से बचाव के तरीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वन्दना सिंह, डॉ. गीता मेहरा, असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. रंजना, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. ज्योति रावत, सृष्टि आदि उपस्थित रहे।

### अल्मोड़ा लिंक रोड पर जाम से परेशानी

**अल्मोड़ा।** बुधवार को शहर के लिंक रोड क्षेत्र में यातायात जाम लगने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दोपहर तक जाम की स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क किनारे अवैध पार्किंग और संकरी सड़क के कारण यातायात बाधित हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाने का प्रयास किया और नो पार्किंग जोन में खड़े कई वाहनों का चालान भी किया।

# फेडरेशन कप बॉक्सिंग प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से

**नैनीताल।** आगामी 30, 31 अक्टूबर 1 और 2 नवंबर को ऑल इंडिया एलीट महिला आमंत्रण फेडरेशन कप बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देशभर की शीर्ष महिला बॉक्सर हिस्सा लेंगी। प्रतिभागी बॉक्सर 29 अक्टूबर को नैनीताल पहुंचेंगी जबकि 3 नवंबर को समापन होगा। उत्तराखण्ड बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गोपाल खोलिया और उनकी टीम ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से भेंट की। जिलाधिकारी ने प्रतियोगिता की सफलता के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। फेडरेशन कप में अंतरराष्ट्रीय स्तर का बॉक्सिंग रिंग पिथौरागढ़ और काशीपुर से लायाजा रहा है। साथ ही काठगोदाम/हल्द्वानी से खिलाड़ियों को नैनीताल तक लाने-जाने और होटल से बॉक्सिंग स्थल तक फ्री शटल सेवा की व्यवस्था भी की जाएगी। बॉक्सिंग रिंग स्थल पर स्वास्थ्य, विद्युत और पेयजल की समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। बरसात की संभावना को देखते हुए वाटरप्रूफ टेंट लगाने पर भी विचार किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने एसडीएम नवाज़िश ख़लिक को प्रतियोगिता का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है और 16 अक्टूबर को सभी संबंधित विभागों की बैठक बुलाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान बैठक में नवीन टम्टा, कमल जगाती समेत अन्य लोग रहे।

# हॉकी में दून ने अंबेडकर नगर को हराया

## दूसरे मुकाबले में हल्द्वानी ने गोरखपुर को दी शिकस्त, नैनीताल का भी दबदबा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल हॉकी एकेडमी द्वारा आयोजित एवं आदित्य बिड़ला सेंचुरी पेपर, लालकुआं तथा द नैनीताल बैंक द्वारा प्रायोजित अखिल भारतीय 5 ए साइड महिला हॉकी प्रतियोगिता में बुधवार को 10 रोमांचक लीग मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में देहरादून ने अंबेडकर नगर को 3-1 से पराजित किया। दूसरे मैच में हरिद्वार ने गया (बिहार) को 3-2 से मात दी। तीसरे मुकाबले में हल्द्वानी ने गोरखपुर को 2-0 से हराया। नैनीताल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बनारस को 8-0 से परास्त किया। वहीं यूपी पुलिस (लखनऊ) ने कोलकाता को 5-1 से हराया। भिलाई ने चंद्रपुर (महाराष्ट्र) को 4-0 से शिकस्त दी। देहरादून और यूपी पुलिस का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ, जबकि हरिद्वार और भिलाई के बीच मैच 2-2 से ड्रा रहा। कोलकाता ने अंबेडकर नगर को 3-2 से पराजित किया, वहीं गया (बिहार) ने चंद्रपुर को 1 से हराकर दिन का समापन किया। आयोजक सचिव कैलाश बोरा ने बताया कि गुरुवार सुबह 10 बजे से क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद अपराह्न 1 बजे से सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। अंपायर के रूप में मंजुल सनवाल, डा. मनोज बिष्ट, देवेंद्र बोरा, प्रियंका बिष्ट और ममता भट्ट रहे। तकनीकी सलाहकार संजय गुप्ता, दीपक साह, गिरीश भट्ट एवं राजेश साह थे। उद्घोषक हरीश सिंह राणा रहे। इस दौरान नैनीताल हॉकी एकेडमी के अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू, राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, प्रदीप जेठी, विमल चौधरी, भुवन बिष्ट, मोहित लाल साह, आनंद बिष्ट, पूर्व डीएसए महासचिव अजय साह, खिलाड़ी, टीम प्रबंधक एवं प्रशिक्षक रहे।



# मेयर दीपक बाली का शानदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली को अखिल भारतीय महापौर परिषद का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर फ्रुल्लित हुए नगर निगम के सभी पार्षदों सहित अनेक संगठनों ने आज उनका नगर निगम सभागार में शानदार स्वागत किया और उनकी इस नियुक्ति को काशीपुर के लिए एक गौरवान्वित अनुभूति बताया। पार्षदों एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि महापौर दीपक बाली ने विकास के क्षेत्र में अपनी दूरदर्शी सोच के चलते काशीपुर का जिस तरह से नाम रोशन किया है उसके लिए वें बधाई के पात्र हैं। इस दौरान महापौर दीपक बाली ने कहा कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर जो सम्मान मिला है वह सब काशीपुर की महान जनता के स्नेह सहयोग और आशीर्वाद और मेरे पार्षदो के मिल रहे सहयोग का परिणाम है। आज के शानदार कार्यक्रम के लिए मैं पार्षदों सहित उन सभी संस्थाओं का आभार व्यक्त करता हूं जो मेरा स्वागत कर मेरा हौसला बढ़ाने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने शहर को बदलने आया हूं। केवल काम करना ही मेरा मकसद है और जिस दिन में यह महसूस करूंगा कि मैं काम नहीं कर पा रहा हूं और मेरे से कोई बेहतर काम करने वाला है तो मैं उसके लिए खुद कुर्सी छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि मेरा मकसद केवल विकास करना है। टैक्स के बोझ से जनता को परेशान करना नहीं। महापौर ने कहा कि काशीपुर विकास के दम पर राष्ट्रीय पहचान कायम करेगा। इस अवसर पर आई एम ए के अध्यक्ष डॉ. यशपाल रावत, योगेश विश्नोई, संजीव अरोड़ा, पार्षद विजय बॉबी, मयंक मेहता, सीमा सागर, अनिल कुमार, शाह आलम, गुंजन प्रजापति, अब्दुल कादिर, राशिद फारूखी, पुष्कर बिष्ट, रवि प्रजापति, दीपा पाठक, प्रिंस बाली सहित सभी पार्षदों के अलावा जसपाल सिंह जस्सी, सितारगंज से आए पूर्व चेयरमैन अजय जायसवाल, चौधरी समरपाल सिंह, देवभूमि कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों सहित सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।




# यूथ कांग्रेस के चुनाव की कवायद हुई तेज

**बागेश्वर।** भारतीय युवा कांग्रेस जिला समन्वयक नरेंद्र यादव बुधवार को जिले में पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से साथ बैठक लेते हुए आगामी यूथ कांग्रेस उत्तराखंड में संगठनात्मक चुनाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा चुनाव ब्लॉक, विधानसभा, जिला एवं राज्य स्तर पर कराए जाएंगे। इसके लिए कर्मठ, ईमानदार युवाओं से आगे आने की अपील की गई। नेता चुनो, नेता बनो, उत्तरखंड की आवाज बनो का नारा संगठन ने दिया है। मिडिया से बात करते हुए यादव ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस देश का पहला राजनी. तिक संगठन है, जो आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के जरिए योग्य नेतृत्व को सामने लाने का कार्य करता है। चुनाव पारदर्शिता, निष्पक्षता और स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर आधारित होंगे, जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार को अपने क्षेत्र से निर्वाचित होकर नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा। इसके लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी है। साथ ही उमीदवार युवा कांग्रेस की सदस्य होना अनिवार्य है। इस अभियान को अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की लो. कतांत्रिक और युवावादी सोच से दिशा मिली है। इस मौके पर राहुल गांधी द्वारा जारी पोस्टर का भी जिले में विमोचन किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, गोकुल परिहार, मुन्ना पांडेय आदि मोजूद रहे।

# शासनादेश पर उठाए गंभीर सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच ने वार्षिक स्थानान्तरण अधि. नियम 2017 की धारा 3(घ) में परिभाषित गम्भीर रोग में लीवर ट्रांसप्लांट एवं लीवर से सम्बन्धित गम्भीर रोग को भी सम्मिलित किए जाने सम्बन्धी शासनादेश पर कानूनी रूप से गम्भीर सवाल उठाया है। एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा कि एक्ट में परिभाषित रोगों के अलावा अन्य रोगों को बिना विधिक प्रक्रिया के सम्मिलित नहीं किया जा सकता है। स्थानान्तरण अधिनियम 2017 के प्राविधानों का अनुपालन किये जाने के सम्बन्ध में कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग-2 के स्तर से अपर सचिव नवनीत पाण्डे के हस्ताक्षर से 6 अक्टूबर को जारी आदेश के बिन्दु-2 पर सवाल उठाते हुए कार्मिक एकता मंच ने दो टूक शब्दों में कहा है कि एक्ट में निहित किसी भी प्राविधान को कार्यकारी आदेश के जरिए घटाया बढ़ाया नहीं जा सकता है। एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा कि शासन के जिम्मेदार अधिकारियों को इतनी जानकारी तो होनी ही चाहिए कि कौन विषय किसके अधिकार क्षेत्र का है? उन्होंने इसे विधायी के विशेषाधिकार पर अतिक्रमण का मामला करार दिया। उन्होंने कहा कि एक्ट की धारा 3(घ) में परिभाषित रोगों के अलावा अन्य रोगों को सम्मिलित करने के लिए विधिक प्रक्रिया नहीं अपनाए जाने से कानूनी दृष्टि से इसकी कोई मान्यता नहीं है। उन्होंने उक्त आदेश के राजकीय मुद्रणालय को पृष्ठाकिंत नहीं होने पर भी आश्चर्य प्रकट किया है। श्री पाण्डे के अनुसार भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रविधानों के दृष्टिगत किसी भी आदेश को जब तक राजपत्र में अधिसूचित या प्रकाशित नहीं किया जाएगा तब तक वह तकनीकी रूप से विधि की परिभाषा के अन्तर्गत नहीं आएगा और न ही कोर्ट उसे विधि के रूप में संज्ञान लेगा।



# आशा अरोरा की आंखों से दो लोगों की दुनिया रोशन होगी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** ब्रह्मलीन आशा अरोरा की आँखें किन्हीं दो लोगो के जीवन में उजाला करेंगी। वसुधैब कुटुम्बकम् के माध्यम से क्षेत्र में 23वां नेत्रदान कराया गया। शिव नगर निवासी आशा अरोरा के देहावसान के पश्चात उनके पति योगराज अरोरा, पुत्र शेखर अरोरा, सचिन अरोरा एवं पवना जी ने नेत्रदान की सहमति प्रदान कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। वसुधैव कुटुम्बकम् के सचिव प्रियांशु बंसल ने बताया कि वसुधैब कुटुम्बकम् क्षेत्र के लोगो में नेत्रदान हेतु जागृति लाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि बहुत से लोग मानते हैं कि नेत्रदान के दौरान उनकी पूरी आंख निकाल दी जाती है, जिससे आंख का सॉकेट खाली रहता है, जो सच नहीं है। आमतौर पर केवल कॉर्निया जो आंख की सबसे बाहरी परत होती है, आसानी से निकाली जाती है। उन्होंने बताया कि नेत्रदान करवाने के लिए वसुधैब कुटुम्बकम् किसी भी समय तैयार है। ब्रह्मलीन श्रीमति आशा अरोरा के नेत्रदान में वसुधैब कुटुम्बकम् के सदस्य अंकित अग्रवाल, समाजसेवी मनीष खरबंदा, समाजसेवी राजकुमार सेठी का विशेष सहयोग रहा।



# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर बुधवार को नगर में वाल्मीकि समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। रामलीला मैदान से दीप प्रज्वलन कर शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैंड-बाजों के साथ निकली इस शोभायात्रा में लव-कुश, शिव परिवार, राधा-कृष्ण, राम-लक्ष्मण और हनुमान जी की आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। यात्रा समाज में भाईचारे का संदेश देती हुई वार्ड नंबर 6 स्थित वाल्मीकि मंदिर पहुंची, जहां महिलाओं ने मंगल गीत गाकर आरती उतारी और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। बाद में महर्षि वाल्मीकि मंदिर, मुख्य बाजार से शोभायात्रा दोबारा शुरू हुई जो विभिन्न वार्डों से होते हुए नैनीताल मार्ग पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। वहीं बाहर से आई टीमों ने विभिन्न स्थानों पर करतब दिखाकर दर्शकों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष सचिन कुमार वाल्मीकि, जीवन वाल्मीकि, जय वाल्मीकि, अमन वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, धीरज वाल्मीकि, राहुल वाल्मीकि, दौलत वाल्मीकि, कैलाश वाल्मीकि, मुराद भारती सहित अनेक समाजसेवियों का योगदान रहा।



# भाजपा प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार का भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री कुंदन सिंह परिहार के पहली बार गृह जनपद बागेश्वर आगमन पर गरुड़ से पार्टी कार्यालय तक कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, विधायक पार्वती दास, सुरेश गढ़िया सहित सभी मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में परिहार ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी नेतृत्व द्वारा मिले विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव में भाजपा को फिर से मजबूत बनाकर सत्ता में लाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, तीनों ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष सहित कई जनप्रति. निधि और भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिपं. की बैठक में उपसमितियों पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिला पंचायत की बैठक में उप समितियों को लेकर हंगामा हुआ। विपक्ष के सदस्यों ने समितियों का गठन विधिवत न होने का आरोप लगाया। जिसके बाद उन्होंने सदन का बहिष्कार किया। बुधवार को जिला पंचायत सभागार में बोर्ड की बैठक आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने सभी सदस्यों के सम्मुख जिला पंचायत की पिछली बैठक की कार्यवाही सदन में रखी गई। जैक बाद वर्ष 2025-26 अनुमानित आय 36 करोड़ 22 लाख के सापेक्ष 32 करोड़ 36 लाख व्यय की रूपरेखा सदन में रखी गई। बैठक में जिला पंचायत के ढांक बंगलों में कार्यरत मानदेय वेतन कर्मियों का वेतन 15 हजार रुपए किए जाने के प्रस्ताव पास किया। साथ ही जिला पंचायत में 10 वर्षों से कार्यरत कर्मियों को विनियमितिकरण किए जाने का प्रस्ताव सदन में रखा गया। बैठक में तय हुआ कि जिला पंचायत सदस्यों की बैठक जिले के अधिक. ारयों के साथ आगामी 31 अक्टूबर को प्रस्तावित की गई।

बैठक में जिला पंचायत के 6 समितियों के गठन का सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया। समितियों को लेकर पक्ष के सदस्यों ने सहमति प्रदान की। लेकिन विपक्ष द्वारा इसका बहिष्कार किया गया। पूर्व जिल पंचायत सदस्य व वर्तमान में पुन: सफाई चुनकर आई गोपा धपोला ने बताया कि विपक्ष के सदस्यों ने मांग करते हुए कहा कि उप समितियों का गठन विधिवत और लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखकर किया जाए। लेकिन इसी पर पर सत्ता पक्ष ने बताया कि समिति का चुनाव कर लिया गया है। चुने दिए गए सदस्यों सूची सूचना पटल में लगा दी गई है। जिस पर विपक्ष ने सदस्यों में समितियों का चयन विधिवत न होने पर आपत्ति जताई है। पूर्व में विपक्ष को भ्विवास में लिए बिना किए गए गठन को सिरे से खारिज करने की बात बोर्ड में रखी गई। समितियों के गठन में अपर मुख्य अधिकारी द्वारा बताई गई जानकारी को अलोकतांत्रिक बताया। जिसके बाद विपक्ष के नेताओं ने सदन का बहिष्कार किया। बहिष्कार करने वाले सदस्यों में गोपा धपोला, बबलू नेगी, सुंदर सिंह, बलवंत राम, सरोज आर्या, राजेन्द्र नेगी शामिल थे। इधर नकल पंचायत की दूसरी बैठक में ही इस पक्ष और विपक्ष के मध्य गतिरोध बढ़ गया। हालांकि अधिकारियों द्वारा विपक्ष के नेताओं को समझाने का भरसक प्रयास किया गया। लेकिन विपक्ष अपनी मांग पर अडिग रहा।



## विपक्ष के सदस्यों किया सदन का बहिष्कार

# कंट्री वाइड पब्लिक स्कूल में विश्व मानक दिवस आयोजित



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कंट्री वाइड पब्लिक स्कूल में विश्व मानक दिवस का आयोजन जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में हुआ। सिविल जज (सीनियर डिविजन) व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत के विकास में अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन जरूरी है और गुणवत्ता सुधार एक राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने छात्रों को बीआईएस व आइएसओ की जानकारी दी और जिम्मेदार उपभोक्ता बनने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी, खाद्य मिलावट जांच, आइएसआइ और हॉलमार्क सत्यापन स्टॉल, तथा उपभोक्ता जागरूकता पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक और मानक गीत प्रस्तुत किए। सचिव अनीता कुमारी ने उपभोक्ता अधिकारों और जागो ग्राहक जागो अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन उपप्रधानाचार्य महेश पांडे ने किया और प्रधानाचार्य अपर्णा कांडपाल ने आभार जताया।

# तैराकी व क्रॉस कन्ट्री में जोर आजमाइश

## शारीरिक और मानसिक रूप से मज़बूती देते हैं खेल, पुलिस के लिए बेहद उपयोगी: दीपक रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार के मानसखंड खेल परिसर स्थित तरणताल में 23वीं अंतर्जनपदीय/वाहिनी पुलिस तैराकी एवं क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई है। बुधवार को आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयुक्त रावत ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। खेलों से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विक. सित होता है, जिससे व्यक्ति जीवन की चुनौतियों का संतुलित ढंग से सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों के लिए शारीरिक व मानसिक दोनों प्रकार की फिटनेस



विशेष रूप से जरूरी है, क्योंकि उनकी ड्यूटी अधिक परिश्रम और तनाव से जुड़ी होती है। यही ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने मिशन संवाद ऐप की शुरुआत की है जो पुलिस बल की मानसिक सुदृढ़ता को प्राथमिकता देता है। यह पहल संवाद, सहानुभूति और सहयोग पर आधारित है तथा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आयुक्त रावत ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि तैराकी और क्रॉस कंट्री दोनों में इस बार नए रिकॉर्ड



बनेंगे। राष्ट्रीय खेलों के बाद उत्तराखंड में वर्ल्ड क्लास खेल अवसंरचना विकसित हुई है, जिससे राज्य में खेल संस्कृति और इकोसिस्टम को नई दिशा मिली है। प्रतियोगिता में कुल 13 टीमें नैनीताल, अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़, पौड़ी गढ़वाल, ऊधमसिंह नगर, 31वीं वाहिनी पीएससी, 40वीं वाहिनी पीएससी, 46वीं वाहिनी पीएससी, आईआरबी प्रथम व द्वितीय, एसडीआरएफ और जीआरपी की टीम प्रतिभाग कर रही है। पहले दिन 1500मीटर. फ्रीस्टाइल, 200मीटर. बटर लाई, 200मीटर. फ्रीस्टाइल, 200मी. ब्रेस्ट स्ट्राइक, 50मी. बैकस्ट्रोक, 4200मी. रिले रेस, 50मी. बैक स्ट्रोक की प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का संचालन कोतवाल अमर चन्द्र शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर एसएसपी पीएन मीणा, कमांडेंट आईटीबीपी अनिल सिंह बिष्ट, सीओ नितिन लोहनी, नगर पंचायत अध्यक्ष लालकुआं सुरेंद्र लोटनी, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा कत्यूरा, पिथौरागढ़ सीओ जीबी जोशी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, प्रतिसार निरीक्षक हरक. ेश सिंह, मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी, काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा, प्रभारी थाना बनभूलपुरा सुशील जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# दबंगों ने होटल मैनेजर का सिर फोड़ा

## जुआ खेलने के कमरा न मिलने पर दिखाया दुस्साहस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम क्षेत्र में अपरा. धियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताज़ा मामला गौलापार स्थित रॉयल स्पाइस होटल एंड रेस्टोरेंट से सामने आया है, जहाँ मंगलवार देर रात कुछ युवकों ने जुआ खेलने के लिए उन्होंने कमरे की मांग की और जब बैंक्वेट हॉल के मैनेजर ने इंकार किया तो मारपीट शुरू कर दी। स्टाफ को पीटने के साथ थार सवारों ने मैनेजर को बेरहमी से पीटा और उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस के पहुंचे आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रात भर आरोपियों की तलाशा और सुबह हत्थे चढ़ गए। जानकारी के अनुसार जजफार्म निवासी आकाश गोयल, पूर्वी नवाड़ खेड़ा गौलापार स्थित रॉयल स्पाइस होटल एंड रेस्टोरेंट लीज पर चलाते हैं। तीनपानी निवासी रमेश चंद्र जोशी यहां बतौर मैनेजर काम करते हैं। होटल के मालिक स्थानीय निवासी गजेंद्र बजवाल के मुताबिक, घटना मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे की है। बताया जा रहा कि थार में सवार चार से पांच लोग होटल के बाहर पहुंचे। आरोप है कि सभी नशे में धुत थे। पहले तो होटल स्टाफ ने नशे में होने की वजह से युवकों को अंदर जाने से रोका, लेकिन वह जबरन अंदर घुस गए। रिशेप्शन पर पहुंचकर उन्होंने होटल में एक कमरे की मांग की और वह भी मुफ्त। वह जुआ खेलने के लिए कमरा मांग रहे थे और खुद को स्थानीय बताकर धौंस जता रहे थे। होटल कर्मियों ने इंकार किया तो आरोपी गाली-गलौज पर उतारू हो गए। इसी बीच होटल मैनेजर रमेश वहां पहुंच गए। उन्होंने आरोपियों को रोकना चाहा, लेकिन आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया और पीटना शुरू कर दिया। एक आरोपी ने मैनेजर को दबोच रखा था और दूसरा लगातार बेल्ट से वार कर रहा था। पीट-पीट कर आरोपियों ने मैनेजर का सिर फोड़ दिया। इसी बीच होटल के



मालिक गजेंद्र वहां पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गए। यह पूरी वारदात होटल में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। रात मैनेजर को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मामले में आकाश गोयल ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने रात भर दबिश के बाद तीन हिरासत में लिया है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जल्द ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**मारपीट का वीडियो वायरल**

मंगलवार रात हुई होटल में हुई मारपीट की पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गई, सीसीटीवी में कैद हुई फुटेज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें हमला करने वाले युवक साफ पहचाने जा सकते हैं। वीडियों में दिख रहा है कि किस तरह एक होटल के मैनेजर को दबोच रखा है और दूसरा लगातार बेल्ट से उसपर हमला कर रहा है। हमले को आक्रामक बनाने के लिए आरोपियों ने बेल्ट में लोहे को कड़े को फंसा लिया था, ताकि वार तीखा हो। आरोपियों में गौरव रावत और करन नौला का नाम सामने आया है। दोनों काठगोदाम थानाक्षेत्र के ही रहने वाले हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नशे के दस इंजेक्शन के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने नशीले इंजेक्शन के साथ एक नशे के तस्कर को गिरफ्तार किया जिसके पास से 10 इंजेक्शन बरामद हुए। जानकारी के अनुसार प्रभारी थानाध्यक्ष बभूलपुरा सुशील जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मो. युनुस पुत्र मो. युसुफ निवासी इंदिरानगर गोपाल मंदिर के पास सामने वाली गली रेलवे पटरी के किनारे 10 इंजेक्शन के साथ गौला पार्किंग से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए उसके आपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है।

# सड़क की बदहाली पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

## हाथीखाल सहित आसपास के ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन, आमरण अनशन की चेतावनी दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के हाथीखाल ग्राम समेत रेलवे क्रॉसिंग से गोला गेट तक बदहाल पड़ी सड़क के विरोध में ग्रामीणों का गुस्सा फूट और उन्होंने सरकार व लोनिवि के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि 25 अक्टूबर तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। ग्रामीणों ने चेताया अगर तय तिथि के अनुसार सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो




ग्रामीण धरना प्रदर्शन के साथ आमरण अनशन के लिए बाध्य होगे। बुधवार को सड़क की बदहाली को लेकर हाथीखाल ग्राम के समस्त लोग पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में एकत्र हुए और लोनिवि के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणो ने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग से गौला गेट तक सड़क की हालत बहुत बुरी है। सड़कों में बड़े-बड़े गड्डे हो गए है। आए दिन लोग चोटिल हो रहे है। सड़क निर्माण को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के वाबजूद भी सड़क निर्माण नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 46 लाख रूपये की स्वीकृत राशि भी पास हो चुकी है, फिर भी विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया की कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया और आश्वासन दिया कि 25 अक्टूबर तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। सिटी मजिस्ट्रेट के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन स्थागित किया और चेताया कि अगर तय तिथि के अनुसार सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीण धरना प्रदर्शन के साथ आमरण अनशन को बाध्य होगे। धरना प्रदर्शन करने वालों में पार्षद मनोज जोशी, एडवोकेट अर्जुन रौतेला, ग्राम प्रधान तुलसी बिष्ट, गोपाल अधिकारी, ग्राम प्रधान हितेश धपोला, नितिन धपोला, पुष्कर बिष्ट, लक्ष्मण बिष्ट, सुंदर सिंह बिष्ट, प्रकाश धपोला एवं नीरज भट्ट समेत कई लोग मौजूद रहे।

# शीशमहल में धू-धू कर जला रावण का पुतला

## श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा पंडाल, राम रावण युद्ध को देख मंत्रमुग्ध हुए भक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शीशमहल में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान राम-रावण के बीच हुए युद्ध की लीला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला मंचन के दसवें दिन मेघनाद वध, अहिरावण वध व रावण वध का मंचन दिखाया गया। जिसके बाद रावण के 50 फुट के पुतले को श्रीराम द्वारा अपने तीर से आग के हवाले किया जाता है। रावण का पुतला जलते ही पूरा पड़ाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इससे पूर्व कांग. ेस महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, समाजसेवी योगेश जोशी, बृजलाल अस्पताल के डायरेक्टर अशोक पाल, अरूण कुमार, दया सागर बिष्ट,



आलोक सक्सेना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर रामलीला का शुभारंभ किया। इसके बाद लीला में रावण अपने पुत्र मेघनाद को युद्ध के लिए भेजता है और लक्ष्मण मेघनाद का वध कर देते है। भाई कुंभकर्ण और पुत्र मेघनाद के मारे जाने के बाद रावण टूट जाता है। अहिरावण की मदद से रावण राम-लक्ष्मण को अपहरण कर पाताल लोक में ले आता है। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को पाताल लोक से रिहा कर वापस ले आते हैं। जिसके बाद राम अपनी वानर सेना के साथ लंका पर आक्रमण कर देते हैं। युद्ध में रावण मारा जाता है। विभीषण को लंका का राजा बनाकर राम सीता को लेकर वापस आ जाते हैं। इस दौरान रावण के 50 फुट के पुतले को राम द्वारा अपने तीर से आग के हवाले किया जाता है। अत्याचारी रावण का पुतला धू-धूकर जलने लगा। भगवान श्रीराम ने जैसे ही रावण के पुतला में आग लगाई पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। इस मौके पर मुख्य व्यवस्थापक गिरीश तिवाडी, अध्यक्ष मनोज तिवाडी, संरक्षक हरीश पांडे, निर्देशक नीरज फुलारा, एनडी तिवाडी, दिनेश फुलारा, विक्रम डंगवाल, सुरेश तिवाडी, मोहन बल्यूटिया, विनोद भट्ट, पुष्पा संभल, चन्द्रशेखर शर्मा, बालकिशन, बाबूलाल, दयानंद तिवारी, पीडी जोशी, पंकज खत्री, गिरीश लोहनी, अंजू जोशी, विपिन जोशी, नंदाबल्लभ, रमेश पलड़िया, दीपचन्द्र तिवारी, कन्नू तिवारी, नेत्र बल्लभ बृजवासी आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों को भेजी राहत

## कंबलों से भरी गाड़ी को आयकर आयुक्त व प्रदेश अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल द्वारा बुधवार को चमोली जनपद के आपदा पीड़ितों के लिए आज 250 कंबलों की राहत सामग्री रवाना की गई। इस मानवीय पहल के अंतर्गत कुमाऊं मंडल प्रभारी अश्वनी छावड़ा द्वारा कंबलों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। राहत सामग्री को आयकर आयुक्त नरेंद्र सिंह जंगपांगी एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री तथा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सामग्री विशेष रूप से थराली क्षेत्र के उन परिवारों के लिए भेजी गई है, जो हालिया आपदा से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने जानकारी देते हुए



बताया कि संगठन का यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। जरूरत के अनुसार राशन, कपड़े और अन्य राहत सामग्री भी प्रभावित क्षेत्रों में भेजी जाएगी। इस मौके पर जिला महामंत्री हर्ष वर्धन पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष राज. ेश अग्रवाल, चंद्र शेखर पंत, नवनीत राणा, मदन फर्त्याल, हितेंद्र भसीन, शांति जीना, रूपेंद्र नागर, प्रदीप सब्बरवाल, शिव कपूर, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, कुसुम दिगारी, उपेंद्र कनवाल, मंसूद खान, प्रफुल्ल पांडे सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# बागजाला में धरना जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने, विकास कार्य शुरू करने,



पेयजल योजना चालू करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितक. ालीन धरना प्रदर्शन बुधवार 52 वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने कहा जब तक सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती तब तक आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में आनंद सिंह नेगी, विमला देवी, वेद प्रकाश, डा कैलाश पांडेय, हेमा देवी, मीना भट्ट, अनीता अन्ना, गोपाल सिंह बिष्ट, चन्दन सिंह मटियाली, हरक सिंह बिष्ट, ऋषि मटियाली, महेन्द्र आर्य, परवेज, नंदी देवी, रेखा देवी, पार्वती देवी, अनीता अन्ना, दौलत सिंह कुंजवाल, दीवान राम, सुनीता देवी, प्रेम सिंह नयाल, भोला सिंह, नसीम अहमद, सुनीता रावत, शांति देवी, शोभा, असलम, दिव्या आर्य, मन्नू देवी, देवकी देवी, मारूफ अली, दिनेश चन्द्र, बैजंती देवी, सोहन लाल, नीलम आर्य, हरीश चंद्र, भगवती गोस्वामी आदि शामिल रहे।

# दिल्ली ने देहरादून को हराया ट्रॉफी कब्जाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आप्टिमम टेनिस एकेडेमी चूनाखान बैलपड़ाव में चल रहे आईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट-200 के पांचवें दिन बुधवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। 60 आयु वर्ग के डबल्स क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड के हेम कुमार पांडेय व लखनऊ के अनिल कुमार ने देहरादून के केएस मनी व संतराम की जोड़ी को 6-0, 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि सेमीफाइनल में उन्हें विश्व वरीयता प्राप्त पवन जैन (105वीं रैंक) व राकेश कोहली (32वीं रैंक) की जोड़ी से 6-4, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। 65 आयु वर्ग सिंगल्स सेमीफाइनल में देहरादून के एचएस बिष्ट ने चंपावत के राजेंद्र



सिंह मेहता को 6-2, 3-6, 10-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। 70 आयु वर्ग सिंगल्स में नैनीताल के घनश्याम लाल साह ने तमिलनाडु के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वासु कृष्णन को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में दिल्ली के अरविंद भसीन ने देहरादून के घनानंद जुयाल को 6-3, 6-3 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। 60 डबल्स वर्ग में दिल्ली के अरुण अग्रवाल व मुरादाबाद के यशपाल अरोरा ने हल्द्वानी के हरीश प्रसाद व दिल्ली के सिबू मैथ्यू को 6-1, 6-1 से परास्त करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। 55 आयु वर्ग डबल्स के फाइनल में दिल्ली के राजदत्त व मेरठ के पुनीत कुमार गुप्ता की जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में अमित जोशी व सिवेश्वर सिंह को हराया और इसके बाद फाइनल में एसएन वशिष्ठ व पीएन त्रिपाठी को 6-0, 6-0 से पराजित कर विजेता ट्राफी अपने नाम की। 65 आयु वर्ग डबल्स मैच में उत्तराखंड के देवेंद्र सिंह रावत व दिल्ली के अनिल निगम की जोड़ी ने भूषण हाथी व एसपी सिंह को हराकर फाइनल में स्थान बनाया। इसस पहले मुख्य अतिथि उत्तराखंड प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी सिंह, विशिष्ट अतिथि सचिव यूटीए विजेंद्र चौहान और राकेश कोहली ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान बृज मोहन सिंह बिष्ट, डीएनएस बिष्ट, शंकर दत्त सती सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुई। कथा व्यास आचार्य



विवेकानंद जोशी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, ब्रजवा. सियों के प्रति उनके स्नेह और भक्तवत्सल स्वरूप का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने पूतना, शकटासुर और तृणावर्त जैसे राक्षसों के संहार की कथाएं सुनाते हुए कहा कि भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरे कृष्ण हरे कृष्ण कीर्तन में लीन रहे। वातावरण भक्ति, ज्ञान और प्रेम से सराबोर रहा। कथा के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी हर्ष वर्धन पांडे ने बताया कि कल कथा का समापन (पारायण) होगा, जिसमें सर्वदेव पूजन, यज्ञ, पूर्णाहुति, कथा सारांश व प्रसाद वितरण किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को अंतिम दिवस में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया गया है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य के प्रथम बार हल्द्वानी आगमन पर भाजपा ओबीसी मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

उनके स्वागत में भाजपा कार्यकर्ताओं और ओबीसी समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदेश अध्यक्ष मौर्य का स्वागत रामपुर रोड स्थित भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के कार्यालय में संयोजक महेंद्र कश्यप की अगुवाई में किया गया। जहां फूल मालाओं और पुष्प गुच्छों के साथ उन्हें सम्मानित किया गया। इसके पश्चात जायसवाल समाज द्वारा सत्यनारायण मंदिर धर्मशाला में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया



गया, जिसमें समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य का स्वागत किया।

इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री वीरेंद्र जायसवाल, जिला मंत्री हीरालाल साहू, जिला उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, नगराध्यक्ष महेश साहू, गंगा जायसवाल, विनोद जायसवाल, जानकी प्रसाद कश्यप, अजय गोयल, पार्षद अमित बिष्ट, वीरपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपू नेगी, कृष्ण पाल मौर्य, कन्हैया जायसवाल, मधुकर सहित जायसवाल समाज अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## पेंशनर्स, सीनियर सिटीजन की समस्याओं पर चर्चा

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सेवानिवृत्ति कार्मिक समन्वय समिति की बुधवार को हुई बैठक में पेंशनरों और सीनियर सिटीजन के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में गोल्डन कार्ड के लाभ न मिलने की समस्या जोरशोर से उठाया गया और जिला प्रशासन, नगर निगम हल्द्वानी व आयुक्त कुमाऊं से इन समस्याओं का समाधान करने का अनुरोध किया। वकताओं ने कहा कि गोल्डन कार्ड का लाभ हल्द्वानी क्षेत्र में निवास करने वाले पेंशनरों और सीनियर सिटीजन को नहीं मिल रहा है। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, और सम्मान के मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। इस बीच सहमति बनी की संगठन का शिष्टमंडल जल्द इन समस्याओं को लेकर आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात करेगा। बैठक में नवीन चंद्र कांडपाल, संरक्षक पीसी जोशी, लीलाधर पांडेय, जेसी पंतोला, वीर सिंह बिष्ट, पान सिंह मेहरा, विजय तिवारी, डीडी जोशी, जेएस कन्याल आदि मौजूद रहे।

# ऑलसेंट्स ब्लू ने वीटो को हराया

## 6वीं शेरेंड मेमोरियल इंटर स्कूल गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय ऑल सेंट्स कालेज में आयोजित 6वीं शेरेंड मेमोरियल इंटर स्कूल गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को चार रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में ऑल सेंट्स ब्लू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दे वीटो स्कूल, भवाली को 10-0 के बड़े अंतर से हराया। नंदिनी बिष्ट ने 5, गुर्दृष्टि कौर व समायरा सिद्धू ने 2-2 और इप्सा जायसवाल ने 1 गोल दागा।

इस जीत के साथ ऑल सेंट्स ब्लू ने सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय (रेड टीम) ने मोहन लाल साह बालिका विद्यालय को 1-0 से मात दी। मैच का एकमात्र निर्णायक गोल साक्षी बिष्ट ने किया। मुकाबले में सनवाल



स्कूल ने भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय (ब्लू टीम) को 1-0 से हराया, विनीता बिष्ट ने विजयी गोल दागा।

सेंट मेरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज ने ऑल सेंट्स व्हाइट टीम को 8-1 से परास्त किया। विजेता टीम की गरिमा सिंह, अनुष्का नेगी और कोमल महरा ने 2-2 गोल किए, जबकि मैरी एन व कृतिका डर्मवाल ने 1-1 गोल जोड़े। ऑल सेंट्स व्हाइट की ओर से सिद्धि संजीवनी पाठक ने एकमात्र गोल किया। इस दौरान निर्णायक मंडल में डा. मनोज सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह रावत, अहमर एहसान, शेर सिंह बोरा, महेश चन्द, बृजेश बिष्ट, अनिल रावत समेत प्रधानाचार्या अंजिना रिचर्ड्स, गोपाल बिष्ट, मयंक रावत, दिक्षित बिष्ट, मानिक साह, जनक बिष्ट समेत अन्य लोग रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎05946-250286

मुख्यालय:

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कमेटी के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी

■ न्याय को लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर में कमेटी के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि फुलसुंगी निवासी एक व्यक्ति ने लाखों रुपये की कमेटी की रकम हड़प ली और अब पैसे मांगने पर धमकियां दे रहा है। आरोपी ने 10 से ज्यादा लोगों से धोखाधड़ी की है।

बुधवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे नन्द विहार ट्रांजिट कैंप निवासी एक व्यक्ति ने शिकायती पत्र दिया। इसमें बताया कि 15 जून 2024 को वह अपने परिचित व्यक्ति के जरिए तीन पानी डैम फुलसुंगा निवासी एक व्यक्ति से मिला था, जो मोहल्ले में कमेटी चलाता था। उसने उसने उसके पास पांच कमेटियों में पैसा लगाया था, जिनमें से तीन कमेटियों की रकम उसे मिल गई।

जबकि दो कमेटी एक 12 लाख रुपये और दूसरी पांच लाख रुपये का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। आरोप है कि जब 20 अगस्त को उससे रास्ते में मुलाकात की तो उसने पैसे देने से इनकार कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि सितम्बर 2025 तक पूरी होने वाली कमेटियों में उसका नाम काट दिया गया। बताया कि उसकी पत्नी का जून में एक्सीडेंट हुआ था, उस समय उसे रुपयों की अत्यधिक जरूरत थी, लेकिन आरोपी ने भुगतान नहीं किया। आरोप है कि वह 10 से ज्यादा लोगों के साथ ऐसी धोखाधड़ी कर चुका है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि शिकायत पर ट्रांजिट कैंप थाना प्रभारी को जांच कर रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# फैक्ट्री गेट पर कैन्टर ने श्रमिक को कुचला, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिडकुल के सेक्टर 12 में ड्यूटी के लिए जा रहे एक श्रमिक को फैक्ट्री गेट के बाहर ही केन्टर चालक ने टक्कर मार कर कुचल दिया, जिससे श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर श्रमिक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और उसके परिजनों को मामले की जानकारी दी।

मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी 36 वर्षीय नन्दन पाठक पुत्र शिवदत्त



ग्राम छतरपुर में किरायेदार पर रहकर सिडकुल सेक्टर 12 में जेबीएम की नील मैटल प्रोडक्ट्स लि. कम्पनी में काम करता था। आज बुधवार प्रातः करीब साढ़े आठ बजे से उसकी ड्यूटी थी। बताया जाता है कि जब वह ड्यूटी के लिए फैक्ट्री गेट के पास पहुंचा ही था कि तभी गलत दिशा से तेज गति से आते केन्टर के चालक ने उसे टक्कर मारकर कुचल दिया। घटना के बाद वहां पर लोगों की भीड़ लग गई।

लोगों ने केन्टर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और केन्टर चालक को अपनी हिरासत में लेकर घायल श्रमिक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## एक नजर

# कलश यात्रा के साथ रामलीला मंचन का शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बुधवार की आदर्श रामलीला समिति चाटीया फॉर्म कमेटी की तत्वावधान में चटिया-फॉर्म विद्यालय प्रांगण में रामलीला मंचन की शुभारंभ हुआ। शुभारंभ पारंपरिक रामयज्ञ से नरेश कालोनी ने गणेश पूजा कर दिया। तत्पश्चात भव्य झांकी के साथ क्षेत्र की भक्तों ने श्रद्धापूर्वक बड़ी संख्या में कलश यात्रा में योगदान किया। समिति के अध्यक्ष नरेश कॉलोनी, उमेद सिंह रावत, मनोज सिंह खाती, गिरीश जोशी, सतीश राणा, कमलदीप राणा, दीप चंद्र मेहरा, डा. एसके राय, धीरेंद्र चंद्र भट्ट, परमजीत खान का, चंद्र मेहरा आदि लोग उपस्थित रहे।

# दो लोगों को दुनियां दिखाएंगी आशारानी की आंखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शिवनगर कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय आशारानी अरोड़ा का बुधवार सुबह निधन हो गया। परिजनों ने उनके निधन के बाद उनका नेत्रदान किया। इससे दो नेत्रहीनों को रोशनी मिल सकेगी।

आशारानी अरोड़ा गुरुकृपा कलेक्शन के संचालक योगराज अरोड़ा की पत्नी थीं। उनके निधन के बाद महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सीआर मित्तल नेत्रदान केंद्र में चेयरमैन एसके मित्तल और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एलएम उप्रेती के निर्देशन में तकनीशियन मनीष रावत द्वारा नेत्रदान संपन्न कराया गया।

इस दौरान ट्रस्ट के ट्रस्टी अशोक बंसल, राजेंद्र तुलस्यान, वरिंदर जिंदल, सुरेंद्र गर्ग, अजय अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, प्रियांशु बंसल, अंकित अग्रवाल, मनीष खरबंदा और राजकुमार सेठी ने उनके पुत्र शेखर, सचिन और पवन अरोड़ा का आभार व्यक्त किया।

# चेयरमैन गित्ते ने किया दो टाइल्स रोड का शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने केशवनगर के वार्ड नंबर 6 में दो टाइल्स रोड़ का शिलान्यास किया।

नगर पालिका परिषद के चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि केशव नगर की हर एक गली टाइल्स रोड से चमचमाती रहेगी और चहुंमुखी विकास करना ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। केशवनगर के वार्ड वासियों ने चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते और सभासद का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। चेयरमैन गित्ते ने केशवनगर के वार्ड वासियों का लड्डू लड्डुओं से मुंह मीठा कराया। केशवनगर के वार्ड वासियों ने अपने तहे दिल से चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर हामिद हुसैन, मारूफ हाफिज, नवाब, इकबाल हाजी, अमीर अहमद, बब्बू, ठेकेदार नन्हे दुबे, नासिर, वेल्डर, गुरुदेव वीर, डॉक्टर मोहम्मद शफी अली, इसरार, जाकिर कबाड़ी आदि लोग उपस्थित रहे।

# चैम्पियनशिप में भाग लेने को जु-जित्सू टीम हुई रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 09 से 12 अक्टूबर 2025 को डा. बीआर अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित होने जा रही सीनियर नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप 2025 में प्रतिभाग करने के लिए जनपद ऊधम सिंह नगर की जु-जित्सू टीम आज बुधवार सुबह रेलवे स्टेशन रुद्रपुर से रवाना हुई।

इस अवसर पर जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद के खिलाड़ी हमेशा अपने शानदार खेल से जिले, राज्य एवं राष्ट्रीय का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कोच ऋषि पाल भारती के नेतृत्व में जा रही टीम सर्वाधिक पदक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करेगी। जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के महासचिव ऋषि



पाल भारती ने बताया कि जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 09 से 12 अक्टूबर 2025 तक डा. बीआर अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में सीनियर नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप 2025 अयोजित की जा रही है। जिसमें विभिन्न राज्यों के 100 से अधिक रैफरी एंड ऑफिशियल्स सहित लगभग 1000 से अधिक खिलाड़ी जु-जित्सू खेल के न-वाजा, फाइटिंग, कॉन्टैक्ट, डूओ एंड शो इवेंट्स में अपना जौहर दिखाएंगे।

जिसमें नौ महिला खिलाड़ियों में प्रिया विश्वास, आकृति कौर, कताक्षा कौर, शिवानी, कौशल्य गुप्ता, कंचन बसेरा, मीना, स्मृति कार्की, रूनू शर्मा एवं 10 पुरुष खिलाड़ियों में क्षितिज सिंह, जय प्रकाश, देवयांशु कार्की, मनी अरोरा, विक्रम कुमार, आर.पी. भारती, कमल सिंह, गुलशन कुमार, हैप्पी सिंह, कृष्ण चौहान शामिल हैं। टीम कोच की भूमिका में ऋषि पाल भारती, मैनेजर किशोर सिंह, टेक्निकल ऑफिशियल में हिमा भट्ट, गंगा मेहरा शामिल है।

इस अवसर पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विनय कुमार जोशी, अध्यक्षा रसिका सिद्धीकी, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सतीश जोशी, जिला डीएसओ जानकी कार्की, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, मुकेश कुमार, कृष्ण चौहान, वसीम खान, शेखर सक्सेना, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, राजीव राणा, सतनाम चावला, सुरभि रस्तोगी, एजे बटसर, साधना बटसर, अपूर्व मनोहर सिंह, जगविंदर सिंह, प्रेम प्रकाश, अजय शर्मा, सहित अने. कों अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी लोगों ने बधाई दी।

# महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा में शामिल हुए विधायक अरोड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महर्षि वाल्मीकि भगवान के प्रकोत्सव के अवसर पर गांधी कालोनी से हर वर्ष अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद(रजि.) के तत्वावधान मे आयोजित भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा में मुख्यअतिथि के रूप में विधायक शिव अरोरा शामिल हुए। जहां कमेटी द्वारा विधायक अरोरा का स्वागत अभिनन्दन किया। विधायक अरोरा ने शोभायात्रा का शुभारम्भ फीता काटकर किया।

इस दौरान विधायक शिव अरोरा बोले महाकव्य रामयण के रचयिता महषि वाल्मीकि भगवान के प्रकोत्सव पर आयोजित यह भव्य दिव्य शोभायात्रा में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, निश्चित रूप से वाल्मीकि भगवान द्वारा रामायण मे जिस प्रकार से प्रभु राम के जीवन की एक एक लीला का वर्णन किया है। वह अकल्पनीय है, वाल्मीकि भगवान के दिखाए मार्ग को अनुसरण कर हमको धर्म के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है उनके लिखें रामायण मे लिखें एक एक शब्द हमको बताता है रामायण मे भगवान वाल्मीकि की सोच समाज को सगठित करने व सनातन संस्कृति को हर घर तक पंहुचाने का कार्य किया।

विधायक अरोरा ने महर्षि वाल्मीकि भगवान के प्रकट उत्सव की क्षेत्रवासियों शुभकामनाएं महर्षि वाल्मीकि भगवान के प्रकट उत्सव की क्षेत्रवासियों शुभकामनाएं दी व भव्य दिव्य शोभायात्रा के आयोजन के लिए कमेटी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान संरक्षक महावीर प्रसाद सक्रिनिया, अध्यक्ष मुकेश राजोरिया, भरत चांदीलिया, सन्नी रजिरौरिया, सोनू राठौर, शिवा वाल्मीकि, अमन वैध, सुनील यादव, मनोज मदान, मयंक कक्कड़ आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई वाल्मीकि जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आदिकाव्य रामायण के रचयिता, महान ऋषि और समाज सुधारक महर्षि वाल्मीकि की जयंती नगर निगम परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट, महापौर विकास शर्मा, नगर निगम के अधिकारीगण, पार्षद, भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।इस दौरान महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



इससे पूर्व नगर निगम में पहुंचने पर महापौर विकास शर्मा की अगुवाई में सांसद अजय भट्ट का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल रामायण के रचयिता थे, बल्कि वह एक युगद्रष्टा थे जिन्होंने समाज को धर्म, कर्तव्य, प्रेम और सत्य का मार्ग दिखाया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि व्यक्ति अपनी इच्छाशक्ति और साधना से कितना महान बन सकता है। आज के युग में उनके आदर्श पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। सांसद भट्ट ने आगे कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू पर प्रकाश डालने वाला ऐसा महाकाव्य है, जिससे हर व्यक्ति प्रेरणा प्राप्त कर सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महर्षि वाल्मीकि के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाकर एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान दें।

# गोलीकाण्ड के फरार आरोपी के घर पर पुलिस ने किया कुर्की का नोटिस चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सरदार भगत सिंह डिग्री कॉलेज में छात्र संघ चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के दौरान हुए गोलीकांड मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में बहेड़ी निवासी एक फरार आरोपी के घर पर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया है।

गौरतलब है कि बीते दिनों नामांकन के दौरान कॉलेज परिसर में दो छात्र गुटों के बीच तीखा संघर्ष हुआ था, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान कई राउंड फायरिंग भी हुई थी, जिससे कॉलेज और आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। मामले में पुलिस अब तक कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि शेष की तलाश जारी है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयासों के तहत बाजार चौकी इंचार्ज हो. शियार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बहेड़ी के गरी. बपुरा क्षेत्र में दबिश दी। यहां आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र मलकीत सिंह के घर पहुंचकर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

यह नोटिस आरोपी को आत्मसमर्पण के लिए अंतिम चेतावनी के रूप में दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यदि आरोपी समय रहते आत्मसमर्पण नहीं करता तो न्यायालय के आदेशानुसार आगे की विधिक कार्रवाई करते हुए संपत्ति कुर्क की जाएगी। वहीं, पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में भी लगातार दबिश दे रही है।

# बार एसोसिएशन चुनाव 17 को, 24 उम्मीदवार मैदान में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बार एसोसिएशन खटीमा का चुनाव 17 अक्तूबर को होगा। बुधवार को हुई नामांकन पत्रों की जांच में सभी प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए। अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए कुल 24 उम्मीदवार मैदान में हैं। नाम वापसी की अंतिम तिथि नौ अक्तूबर निर्धारित की गई है।

मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता केडी भट्ट, सहायक चुनाव अधिकारी जरनैल सिंह और सह सहायक चुनाव अधिकारी इकबाल अहमद की देखरेख में बार भवन में दो दिन तक नामांकन पत्रों की जांच की गई। अध्यक्ष पद के लिए रामबचन, हरजीत सिंह और सूरज प्रकाश, उपाध्यक्ष पर मलकीत सिंह और केके सिंह, महिला उपाध्यक्ष पर शहाना बेगम और स्नेहा प्रभा, सचिव पर भरत पांडे और अवधेश कुमार, उपसचिव पर अनिकेत पंत और सुनीता भट्ट, कोषाध्यक्ष पर विमलेश कुमार शर्मा और मोहम्मद शाहनवाज सिद्दीकी, लेखा परीक्षक पर मधु राणा, पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर सीता राणा, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर जयपाल सिंह, नीतू सक्सेना और कनिष्ठ सदस्य पद पर सूरज साफी, मोहम्मद इरशाद अली, अमित सिंह नेगी, सचिन सिंह, पूजा अग्रवाल, अदिति व महिमा रानी के नामांकन सही पाए गए हैं।

मुख्य चुनाव अधिकारी भट्ट ने बताया कि मतदान 17 अक्तूबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक होगा। मतगणना शाम 4 बजे से शुरू होकर देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

# जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता: एडीएम

■ ब्लॉक सभागार गदरपुर में आयोजित तहसील दिवस में सुनीं जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** तहसील दिवस में आई समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारित करना सुनिश्चित करें यह निर्देश अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बुधवार को ब्लॉक सभागार गदरपुर में आयोजित तहसील दिवस में अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होने पंजीकृत समास्याओं व उनके निस्तारण को जन समर्पण पोर्टल पर भी अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्या जिस स्तर की है उसी स्तर पर समाधान करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। आयोजित तहसील दिवस में पेंशन,राशन कार्ड , प्रमाण पत्र, सिंचाई,पेयजल, सड़क निर्माण व मरम्मत, विद्युत , नलकूप, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित 44 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमे से 18 शिकायतों/समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

गदरपुर निवासी मौ. रफी ने वार्ड नं0-02 में नाली की तलीझाड़ सफाई, सुखशांति नगर निवासी परमजीत सिंह ने ग्राम नरायणपुर में



भूमि का खसरा तस्दीक के उपरांत पत्रावली दिलाने, ग्राम प्रधान मोतियापुर सुमन ने मोतियापुरा, बलखेड़ा में दो किमी हॉटमिक्स सड़क बनाने, क्षेत्र पंचायत सदस्य झगड़पुरी मोतियापुरा हसीना जहां ने ग्राम पचायत झगड़पुरी में एनएच-74 से चुनपुरी, आजाद नगर एवं बलखेड़ा शान्तिग्राम मार्ग निर्माण कराने, ग्राम प्रधान गिरधर नगर निशा रानी ने नहर को सफाई कराने व 500 मीटर नहर को पक्का कराने, ग्राम प्रधान गदरपुरा मौ. तय्यब ने ग्राम सभा गदरपुरा में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल लगाने, सफेद राशन कार्ड बनाने का अनुरोध किया। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने की मांग की।

तहसील दिवस में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई व विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर संचा. लित योजनाओं की जनता को जानकारियां दी गई।

यहां ब्लाक प्रमुख ज्योति ग्रा. ेवर, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, उप जिलाधिकारी डा. अमृता शर्मा, तहसीलदार लीना चंद्रा, एसीएमओ डा. हरेंद्र मालिक, सहायक निद. ेशक दुग्ध राजेन्द्र सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिम्वाल, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, अल्प संख्यक अधिकारी नंदिनी तोमर , जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, खंड विकास अधिकारी अतिया परवीन आदि उपस्थित थे।

# युवक को टक्कर मारने के मामले में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिडकुल में नौकरी के लिए पैदल जा रहे युवक को हाइड्रा वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। तहरीर पर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वार्ड 20 आवास विकास निवासी जसविंदर सिंह ने बताया कि उनका भाई गुरुदेव सिंह 29 सितंबर की सुबह रोजाना की तरह घर से सिडकुल पैदल जा रहा था। इसी दौरान ढाल के पास ट्रांजिट कैंप की तरफ पहुंचने पर पीछे से आ रहे हाइड्रा वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गुरुदेव सिंह वहीं जमीन पर गिर गए और बेहोश हो गए। इसके बाद वाहन चालक उन्हें उठाकर उनके घर ले आया। उन्हें भूरारानी रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर हुई भाषण प्रतियोगिता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एससीएसटी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सिक्स सिग्मा संस्थान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के हेड ललित सिंह बिष्ट, चंदन राणा तथा ललित भट्ट के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने मिलकर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस प्रतियोगिता में लगभग चालीस विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों, समाज सुधार में उनके योगदान तथा रामायण के रचयिता के रूप में उनकी भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को समानता, शिक्षा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में उपस्थित प्राध्यापकों ने प्रतिभागियों के ज्ञान, भाषा कौशल और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया। जिसमे प्रथम स्थान पर अमृत कौर, दूसरे स्थान पर माही राना तथा तीसरा स्थान निजाम द्वारा प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता के अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संस्थान के हेड ललित सिंह बिष्ट ने अपने उद्बोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के महान ऋषि थे, जिन्होंने न केवल साहित्य की रचना की, बल्कि समाज में समानता और नैतिकता का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर चेयरमैन राजेश डाबर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डा. सीमा अरोरा, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, शौर्य अरोरा, संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह विष्ट, प्रधानाचार्य फार्मेसी डा. प्रकाश पंत, प्रधानाचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग विवेक त्रिवेदी, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार तथा संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव वाठला, उमेश कुमार, प्रमोद कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम की सराहना की और छात्रों को बधाई दी।

# योग प्रतियोगिता महिला और पुरुष में हल्द्वानी विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नंदन सिंह भंडारी की स्मृति में कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय योग (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा में किया गया।

इसमें महिला और पुरुष दोनों वर्ग में हल्द्वानी की टीम विजेता रही। रामनगर की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार, डॉ. बृजेश कुमार, विश्वविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. संतोष कुमार एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के योग विशेषज्ञ हुकुम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रभारी प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी, इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी, राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर, सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर, एचएनबी कॉलेज खटीमा, पीएमएनबी महाविद्यालय रामनगर एवं डीएसबी परिसर नैनीताल ने भाग लिया। बालिका वर्ग में महिला महाविद्यालय हल्द्वानी विजेता और रामनगर की टीम उपविजेता रही, जबकि पुरुष वर्ग में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया।

# नवोदय विद्यालय में बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई।

प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार पांडे ने कहा कि कृमि से संक्रमित बच्चों में कुपोषण और खून की कमी होती है, जिससे थकान और विकास में रुकावट आती है। शिक्षक रत्नाकर पांडे ने सभी को कृमि संक्रमण से बचने के लिए कहा। इस दौरान हौसिला प्रसाद, डॉ. अच्युत कुमार, योगेंद्र सिंह, हेमलता पाठक, अदिति वर्मा, पिंकी सिंह, स्मृति मंडल, पूजा भट्ट, ममता सौरी, महेश भट्ट, ललित मोहन एवं कमला जोशी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर खिलाई गई एल्बेंडाजोल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसएस नबियाल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा मंडप स्कूल में जाकर बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर जनपद में अभियान का शुभारम्भ किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नबियाल ने बताया कि बच्चों को शरीर में साफ सफाई का बहुत ध्यान रखना चाहिए। अच्छे से हाथों को साफ करना चाहिए तभी भोजन करना चाहिए। गंदे हाथों से भोजन करने से कृमि हमारे शरीर में चले जाते हैं और हमारे शरीर को पोषक तत्वों से दूर कर देते हैं। इससे शरीर में थकान सर दर्द जी मचलना और त्वचा संबंधी समस्याएं हो जाती हैं। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य तथा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 19 वर्ष के बच्चों तक एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई जाती है यह दवा वर्ष में दो बार खिलाई जाती है। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इस इस वर्ष जिले में 111720 बच्चों का टारगेट है जिसमें छूटे हुए बच्चों को दिनांक 15 को मॉप ऑफ राउंड में दोबारा दवाई खिलाई जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश पाण्डेय, भुवन चंद्र पाण्डेय, रमेश जोशी, संगीता भैसोड़ा, शैलजा भट्ट, त्रिभुवन चंद, स्वास्थ्य विभाग से अनुजा भट्ट, जीवन पंत, राजेंद्र रावत आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिलाएं बेचेंगी फिश से बने आचार, मोमो, पापड़

## डीएम और मेयर ने किया 'मां इन्द्राक्षी मत्स्य सहेली आउटलेट' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत 'मत्स्य सहेली' के क्रियान्वयन हेतु महिलाओं की स्वायत्त सहकारिता का गठन कर नगर निगम क्षेत्र में 'मां इन्द्राक्षी मत्स्य सहेली आउटलेट' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारीविनोद गोस्वामी एवं नगर निगम मेयर कल्पना देवलाल ने फीता काटकर इसका विधिवत उद्घाटन किया।



इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को मछली से बने विभिन्न उत्पादों का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। सहकारी समिति के माध्यम से महिलाएं फिश आचार, फिश मोमो, फिश पापड़, फिश बॉल्स, फिश फिंगर, फिश कटलेट आदि तैयार कर इन्हें स्थानीय बाजार में बेचेंगी। साथ ही, स्थानीय स्तर पर उत्पादित ताजी मछलियों की बिक्री भी आउटलेट के माध्यम से की जाएगी। अक्सर देखा गया है कि मछली पालन का कार्य पुरुषों द्वारा किया जाता है, लेकिन अब उनकी तैयार की गई मछली को महिलाओं की सहकारी समिति के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे न केवल ग्रामीण क्षेत्र के पुरुषों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलेगा, बल्कि स्थानीय महिलाओं को मत्स्य उत्पाद बेचने का रोजगार भी प्राप्त होगा। यह पहल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री गोस्वामी एवं मेयर कल्पना देवलाल ने कहा कि यह योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी, बल्कि स्थानीय उत्पादों को एक नई पहचान भी देगी। प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी ताकि यह पहल एक आदर्श मॉडल बन सके। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी, सहायक निदेशक मत्स्य डा. रमेश चलाल, राकेश देवलाल, नगर निगम के अधिकारी, मत्स्य विभाग के कर्मचारी, सहकारी समिति की महिलाएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### एक नजर

## 25 लाख की हीरोइन के साथ पुलिस की गरिफ्त में आया रवि उर्फ गंठा



**पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों की थपथपाई पीठ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत ।** जनपद में पुलिस द्वारा चौतरफा नाक. बंदी करने बावजूद भी नशे के तस्करों द्वारा युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने के लिए अपना धंधा जारी रखा हुआ है । एसओजी प्रभारी कमलेश भट्ट एवं बनबसा के थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा द्वारा पिछले कई दिनों से नामी तस्कर रवि को पकड़ने के लिए बिछाए गए जाल में आज सफलता मिल गई। उसके पास से 25 लाख रुपए मूल्य की हीरोइन बरामद कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। कई अपराधों में लिफ्त रवि ने तीन अन्य लोगों के भी नाम बताए हैं जो पुलिस के रडार में हैं। इस बरामतगी में हेड कांस्टेबल मतलूब खान, संजय सिंह, नासिर हुसैन, उमेश राज, जगद. ीश कन्याल,सूरज कुमार ने सहयोग किया। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने पुलिस की सफलता पर उनकी पीठ थपथपाते हुए कहा कि मौत के सौदागरों के विरुद्ध और लगातार कड़ी कार्यवाही जारी रखी जाए।

## पांच सौ साल पुराने नौले का जीर्णोद्धार करने की श्री पंत को मिली ईश्वरीय प्रेरणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट ।** देवभूमि के कण-कण में ईश्वरीय सत्ता के दर्शन होते हैं। पहले यहां के लोग नौले, धारों का निर्माण कर उसे भगवान को समर्पित करने के बाद ही उसका जल अमृत समझ कर पिया करते थे ।

ग्राम पंचायत छुलापैं में पांच सौ साल पूर्व बने भगवान विष्णु को समर्पित नौले की तरफ लोगों ने तब पीठ कर दी जब गांव में नल से पानी मिलने लगा । जिससे वह बंजर पड़ गया। हालांकि पहले पूर्व प्रधान रमेश चंद्र पंत द्वारा व्यक्तिगत रूप से नॉले का रखरखाव किया करते थे। उसके बाद यह नौला फिर बंजर पड़ गया था। बाद में यहां के गंगा दत्त पंत को सपने में उक्त नॉले को साफ करने की प्रेरणा मिली। श्री पंत को ईश्वरीय आदेश मिलने के बाद अपनी धर्मपत्नी उषा पंत को साथ लेकर उसमें रंग रोगन कर चमका दिया। वहां पहले से विद्यमान भगवान विष्णु की मूर्ति की भी सफाई कर, अब रोज उसमें पूजा करने के बाद गांव के लोग इस अमृत जल को ले जा रहे हैं। श्री पंत ने यही नहीं इस स्थान से डेढ़ सौ मीटर दूर पूर्वजों के समय से चले आ



रहे (धारे) का भी कायाकल्प कर दिया है।

श्री पंत इससे पूर्व बाहर रहा करते थे, लेकिन उनका गांव से बराबर लगाव बना रहता था। उनका कहना है की नौले - धारे हमारे पूर्वजों की ऐसी विरासत है, जो शताब्दियों से हमारी प्यास बुझाते आ रहे हैं। इन्हें पहली बार लोगों ने अपने गांव का प्रधान बनाया है। श्री पंत अपनी ग्राम पंचायत को आदर्श रूप देना चाहते हैं। हालांकि अभी इन्होंने संवैधानिक रूप से शपथ नहीं ली है अलबत्ता इन्होंने अपने गांव को 'मॉडल विलेज' की शक्ल देने की कवायत शुरू कर दी है।

## भाजपा पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** भाजपा जिला कार्यालय में नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान कार्यक्रम के तहत ऐचोली से जिला प्रभारी गोविन्द सिंह पिलखवाल, सह प्रभारी निर्मल मेहरा, प्रदेश मंत्री दीपीका बोहरा का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं वाहन रैली निकालीा।



भाजपा कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभी प्रदेश पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता दर्जा मंत्री रिश्री कंडवाल ने कहा कि देश हित में हम सब की जिम्मेदारी है कि हम स्वदेशी अपनाओं की नीति अपनानी चाहिए तभी आत्म निर्भर भारत की परिकल्पना साकार होगी। जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी ने कहा कि आज भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार ने जों स्वदेशी अपनाओ देश बढ़ाओ के संकल्प अभियान घर घर स्वदेशी चला कर भारत को विश्व पटल में सर्वोच्च स्थान दिया है। अन्य सभी वरिष्ठ जनों ने कहा कि भारत कों विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता भाजपा सरकार की स्वदेशी नीति से देश लगातार नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है । यहां जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, गणेश भंडारी, रिश्री कंडवाल, गोविन्द सिंह पिलखवाल, निर्मल मेहरा, दीपीका बोहरा, जितेन्द्र प्रसाद, कल्पना देवलाल, दर्पण कुमार, इन्द्र लुठी, दिवाकर जोशी, विरेन्द्र शाह, विरेन्द्र सिंह बोरा, राजेन्द्र रावत, देवी दत्त जोशी, बसंत जोशी, जगत खाती, धन सिंह धामी आदि उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय विधायक अधिकारी के प्रयास रंग लाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** क्षेत्रीय विधायक खुशाल सिंह अधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की लगातार जरूरतों को पूरा करते हुए न केवल ग्रामीण जनजीवन को सरल करने का प्रयास करते आ रहे हैं, बल्कि वह गांव से पलायन कर चुके लोगों को अपने पूर्वजों की माटी से जोड़ने का भी प्रयाश कर रहे है। इस बीच विधायक द्वारा जिन आठ सड़क मार्गों का शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, उसमें डीपीआर सर्वेक्षण आदि कार्यों के लिए 40.92 लाख रुपये की प्रथम किस्त ग्रामीण निर्माण विभाग को प्राप्त हो चुकी है। विधायक ने बताया गुनसूडा पुल से खेरकूड़ा होते हुए गूठा-अमोली (बालातडी) तक मोटर मार्ग का निर्माण, 3.30 लाख रु. पाटी के सिल्योडीगूठ से तोली गगरचूला तक सड़क निर्माण, 5.77 लाख रु. लोहाघाट के पासम से लेटी तक सड़क निर्माण, 18.90लाखरु पाटी के किमाड से गौशाला तक मोटर मार्ग का चौड़ीकरण, 1.50लाख रु. पाटी के धूनाघाट रीठासाहिब मोटर मार्ग से ब्ररुसखोल तक मोटर मार्ग का निर्माण, 1.20 लाख लोहाघाट की ट्यून कांदे के राजस्व ग्राम पटना में मोटर मार्ग का निर्माण। 4.10लाख, पाटी के रेंगल बैण्ड मूलाकोट मोटर मार्ग से अमोली तक सड़क निर्माण। 1.20लाख बाराकोट के चोमेल रोड से बारूडी से गायकाझूला तक मोटर मार निर्माण, 4.95लाख रु .उक्त सभी कार्यों की स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। जनहित में अतिशीघ्र निर्माण कार्यों के टेंडर करवा कर विधानसभा क्षेत्र की जनता को सड़क सुरक्षा हेतु सुविधाजनक लाभ मिलेगा। विधायक खुशाल सिंह अधिकारी लगातार लोहाघाट विधानसभा के विकास के लिए हरसंभव प्रयासरत हैं। जिसके लिए क्षेत्र की जनता ने विधायक अधिकारी का आभार प्रकट किया।

- **ग्रामीण सड़क संपर्क मार्गों के लिए 40.92 लाख रुपये की मिली पहली किस्त**
- **आठ नए सड़क मार्गों के स्वीकृत होने से ग्रामीण जीवन सरल होने से रुकेगा पलायन**

## लेनदेन को लेकर साले ने जीजा पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बस स्टेशन क्षेत्र में जीजा साले में लेनदेन के मामले को लेकर विवाद हो गया। विवाद को लेकर देर रात साले ने अपने ही जीजा पर जानलेवा हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई बहन भी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

रवींद्रनगर निवासी धीरज विश्वास पुत्र परितोष विश्वास का अपने जीजा राजेंद्र गोस्वामी पुत्र नारायण नाथ निवासी शिवनगर से लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार देर रात बस स्टेशन परिसर में दोनों के बीच कहासुनी बढ़ी और मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि धीरज ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर राजेंद्र गोस्वामी पर हमला कर दिया। हमले में राजेंद्र के सिर पर गंभीर चोटें आईं। इसी दौरान बीच-बचाव करने पहुंची राजेंद्र की पत्नी सपना के चेहरे और पेट पर भी चोटें आईं। घायल दंपती को स्थानीय व्यक्ति की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

सपना की नाक से खून बहने लगा था और उसका इमरजेंसी में उपचार किया गया।सूचना पर बाजार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने अपनी मौजूदगी में मेडिकल कराया और जांच शुरू की। सूत्रों के अनुसार घटना के बाद कुछ रिश्तेदार मामले को आपसी समझौते से निपटाने की कोशिश में जुटे थे, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में मेडिकल और आवश्यक कार्रवाई देर रात तक चलती रही।

## बालेश्वर कृषक उत्पादक संगठन की लिखित परीक्षाएं हुई शांतिपूर्वक संपन्न

- **तीन अस्थायी पदों हेतु 18 अभ्यर्थियों द्वारा दी गई लिखित परीक्षा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** ग्रामोत्थान परियोजना रीप व एनआरएलएम के सहयोग से संचालित व स्वायत्त सहकारिता अधिनियम में पंजीकृत बालेश्वर कृषक उत्पादक संगठन( FPO) स्वायत्त सहकारिता मे स्टाफ नियुक्ति हेतु ब्लाक सभागार लोहाघाट में आयोजित लिखित परीक्षाएं शांतिपूर्वक संपन्न हो गई।

बालेश्वर एफपीओ के अंतर्गत एफपीओ मैनेजर, व्यापार प्रोत्साहक व लेखाकार के तीन अस्थायी पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया के तहत शार्ट



लिस्ट किए गए कुल 18 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि परीक्षा केंद्र में कुल 21 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, तीन अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को शांतिपूर्वक व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने व उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य बीडीओ लोहाघाट कविंद्र रावत के मार्गदर्शन में पैनल के सदस्यों द्वारा पूर्ण किया गया। लिखित परीक्षा के दौरान ग्रामोत्थान के जिला परियोजना प्रबंधक शुभंकर कुमार , जिला विषय विशेषज्ञ कैलाश चंद्र, सहायक प्रबंधक संस्थाएं प्रकाश चंद्र पाठक, अनुश्रवण,मूल्यांकन सचिन, ज्ञान प्रबंधन नीरज, सेल्स अतुल सिरस्वाल, आजीविका सुमित कुमार , वित्त हिमांशु मेहता, बीएमएम लोहाघाट मुशीर अहमद आदि ने परीक्षा संचालन व उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में महत्वपूर्ण योगदान व सहयोग दिया गया।

ग्रामोत्थान परियोजना से जुड़ी इस भर्ती प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा में पारदर्शिता, निष्पक्षता व अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। डीपीएम रीप चंपावत के अनुसार लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की पैनल के सदस्यों द्वारा मैरिट तैयार करने के उपरांत परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

## स्वाला डेंजर जोन को लेकर डीएम ने की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** राष्ट्रीय राजमार्ग में स्वाला डेंजर जोन में लगातार वाहनों की रफ्तार रुकने से जिलाधिकारी मनीष कुमार बेहद खफा है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी पिछले कई वर्षों से इस डेंजर जोन को इसी हालत में छोड़े हुए हैं। जिससे चंपावत एवं पिथौरागढ़ जिलों की लाइफ लाइन प्रभावित होने से इसका अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ रहा है। उक्त स्थल में रोड कब बंद हो जाए इसी आशंका में लोग हर वक्त रहते है। जिलाधिकारी बृहस्पतिवार को एन एच के अधिकारियों से इस मुद्दे पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए यह सुनिश्चित करने पर जोर देंगे की आखिर लोगों को कब तक इस स्थान में सुगम यातायात सुविधा मिलने लगेगी? इस मुद्दे को लेकर क्षेत्रीय लोगों में भी भारी नाराजगी है। लगातार सड़क बाधित होने से अकेले रोडवेज को लाखों रुपये का नुकसान हो चुका है। जिलाधिकारी ने इस मुद्दे को लेकर काफी गंभीर रुख दिखाया है।

# प्रदेश बुनियादी संकटों से जूझ रहा सरकार प्रचार में व्यस्त: कांग्रेस

**सरकार ने झूठे प्रचार पर खर्च कर दिए 1000 करोड़: माहरा**

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने धामी सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार राज्य की वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए मीडिया में झूठे प्रचार का सहारा ले रही है। भाजपा सरकार ने मात्र चार वर्षों में अपनी छवि चमकाने के लिए 1000 करोड़ रुपये से अधिक राशि विज्ञापनों पर खर्च की है, जबकि प्रदेश की जनता स्वास्थ्य, शिक्षा और बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है।

जब से उत्तराखंड राज्य का गठन हुआ है, तब से अब तक प्रदेश अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। अस्पतालों में स्वास्थ्य उपकरणों के टेक्नीशियन नहीं हैं, कहीं एमआरआई मशीनें खराब हैं तो कहीं अल्ट्रासाउंड मशीनें बंद पड़ी हैं। जिला और ब्लॉक स्तर के अस्पतालों की हालत बदतर हो चुकी है। महिलाओं को प्रसव पुलों, सड़कों और अस्पतालों के फर्श पर करना पड़ रहा है। अस्पतालों के ऊर्ध्वीकरण (अपग्रेडेशन) के नाम पर उपकरणों की खरीद में करोड़ों के घोटाले सामने आ रहे हैं।

शिक्षा की स्थिति भी उतनी ही दयनीय है। सरकार सरकारी स्कूलों को पीपीपी मोड पर देकर अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। राज्य में 1400 से अधिक स्कूल बंद होने की कगार पर हैं, भवन जर्जर हैं और शिक्षक अनुपस्थित रहते हैं। कई स्थानों पर प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों से मजदूरी जैसे कार्य करवाए जा रहे हैं। प्रदेश का शिक्षित युवा बेरोजगार होकर सड़कों पर भटक रहा है। भर्ती परीक्षाओं में लगातार धांधली हो रही है और भाजपा नेताओं पर ही पेपर लीक में शामिल होने के आरोप हैं। इसके बावजूद सरकार कार्रवाई करने के बजाय अपनी पीठ थपथपा रही है। "हर घर जल मिशन" अब "जल कमीशन" बनकर रह गया है। कानून व्यवस्था की हालत इतनी खराब है कि व्यापारी, महिलाएं और बच्चे तक सुरक्षित नहीं हैं। पहाड़ों को अंधाधुंध काटा जा रहा है, पर्यावरण की अनदेखी की जा रही है और भूमि बड़े पूंजीपतियों बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, अडानी और अंबानी को कौड़ियों के दाम पर दी जा रही है। राज्य में भू-माफिया, खनन माफिया और शराब माफिया का खुला राज है, जिन्हें धामी सरकार का पूर्ण संरक्षण प्राप्त है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि भाजपा सरकार अपने ही नेताओं की नारा. जगी झेल रही है और जनता को लगातार ठग रही है। राज्य के आंदोलनकारियों की भावनाओं की उपेक्षा की जा रही है, जिससे स्पष्ट है कि यह सरकार उत्तराखंड की आत्मा और संघर्ष दोनों के साथ विश्वासघात कर रही है। वहीं दूसरी ओर, प्रदेश लगातार आपदाओं के दंश को झेल रहा है। "डबल इंजन" की सरकार ने उत्तराखंड को राहत के नाम पर मात्र 1200 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी है, जबकि जमीनी स्तर पर 20,000 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। बावजूद इसके राज्य पर कर्ज लगातार बढ़ रहा है और सरकार जनता की गाढ़ी कमाई झूठे प्रचार में उड़ा रही है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में अरबों रुपये के विज्ञापन देकर जनता के बीच कृत्रिम छवि गढ़ी जा रही है, जबकि विपक्ष की आवाज को सरकारी तंत्र के जरिए दबाने का प्रयास जारी है। कांग्रेस पार्टी उन सभी मीडिया साथियों का आभार व्यक्त करती है जो भाजपा के प्रपंच और तमाम दबावों के बावजूद सच्चाई को सामने लाने का साहस दिखा रहे हैं। भाजपा चाहे जितना भी धन और सत्ता का दुरुपयोग करे, कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जाकर भाजपा के इस झूठे और दोहरे चेहरे को बेनकाब करती रहेगी।

उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0
कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत परीक्षण खण्ड, जिला पंचायत परिसर, धरानौला, अल्मोड़ा।
पत्रांक:- 572/वि0प0ख0(अ0) दिनांक 08.10.2025
ई-निविदा समयवृद्धि सूचना
इस कार्यालय द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित ई-निविदा संख्या 13/2025-26, जिसके खुलने की तिथी 30.09.2025 थी। उक्त तिथी तक किसी भी निविदादाता द्वारा प्रतिभाग न करने के कारणवश उक्त ई-निविदा को दिनांक 18-10-2025 तक बढ़ाया जाता है तथा ई-निविदा की ऑफलाईन बिड (भाग-1) कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि 17-10-2025 (15:00 बजे) है। अन्य नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।
'विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ'
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"
(ई0 कन्हैया जी मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय नगरपालिका परिषद, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर)
पत्रांक : 129/निविदा सूचना/2025-26
दिनांक : 08/10/2025
निविदा सूचना
नगर पालिका परिषद बाजपुर के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पालिका द्वारा शासन से 15वें वित्त आयोग (अनटाईड ग्रान्ट) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि तथा पालिका कोष से निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित किये जाने हेतु दिनांक 25/10/2025 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष गठित कमेटी द्वारा अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेंगी।
अतः पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदार उक्त तिथि को कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा खोलने की प्रिक्रिया में प्रतिभाग करें। निविदा प्रपत्र दिनांक 24/10/2025को कार्यालय समय तक क्रय किये जा सकते हैं। उक्त तिथियों को कार्यालय अवकाश होने पर अगली तिथि मानी जायेगी। एक या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार पालिका प्रशासन को सुरक्षित होगा।

| कम सं0 | निर्माण कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य+GST 18% अतिरिक्त | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुभाषनगर वार्ड नं0-08 में, नैनीताल रोड पर गुरू नानक मार्किट में इण्टरलॉकिंग टाईल्स सड़क तथा नाली निर्माण कार्य। | 5100=00 | 500+18% | 3 माह |
| 2 | सुभाषनगर वार्ड नं0-08 में, मुंशी राम मौर्य के मकान से सन्दीप सिंह के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स सडक तथा नाली निर्माण कार्य। | 11500=00 | 500+18% | 3 माह |
| 3 | सुभाषनगर वार्ड नं0-08 में, कुलदीप बोरा के मकान से रामसिंह राजवर के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स तथा नाली निर्माण कार्य। | 14100=00 | 1000+18% | 3 माह |
| 4 | सुभाषनगर वार्ड नं0-08 गोपाल सिंह चुघ के मकान से सौरभ गर्ग के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स सड़क तथा नाली निर्माण कार्य। | 12700=00 | 1000+18% | 3 माह |
| 5 | गिल चौक वार्ड नं0-11 में, भौना बिराहा रोड से सन्दीप गोयल के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स सड़क तथा नाली निर्माण कार्य। | 44000=00 | 2500+18% | 3 माह |
| 6 | राजीवनगर वार्ड नं0-13 में, के0पी0 सिंह के मकान से गुंजन सैनी के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स सड़क तथा नाली निर्माण कार्य। | 21000=00 | 1000+18% | 3 माह |

नोटः-नियम व शर्तें नगर पालिका परिषद बाजपुर कार्यालय के निर्माण अनुभाग में देखी जा सकती हैं।
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बाजपुर
(ऊधम सिंह नगर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बाजपुर
(ऊधम सिंह नगर)

# याचिकाकर्ता सक्षम प्राधिकारी को दें प्रत्यावेदन, एक सप्ताह में ले पंतनगर विवि

## उत्तराखण्ड हाईकोर्ट में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 करने के मामले पर सुनवाई



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायलय ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने के मामले में याचिकाकर्ता से विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिक. ारी के समक्ष प्रत्यावेदन देने व विश्व. विद्यालय को इस प्रत्यावेदन पर एक सप्ताह के भीतर निर्णय लेने को कहा है। मामले के अनुसार मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के डा. महेंद्र सिंह नेगी द्वारा याचिका दायर याचिका की थी। जिसमे उन्होंने बताया था कि जीबी पन्त कृषि व प्राद्यौगिकी विश्व विद्यालय के अधि. नियम के मुताबिक शिक्षकों को 65 साल में सेवानिवृत्त होने है लेकिन विश्वविद्यालय उन्हें 60 साल में ही सेवानिवृत्त करने जा रहा है। याचिकाकर्ता वर्तमान में पंतनगर विश्व विद्यालय के ज्योलीकोट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यरत है । याचिका में उन्होंने चंद्रशेखर तिवारी बनाम राज्य सरकार व मो. सरफराज खान मामले में पूर्व में जारी आदेशों का जिक्र किया है । जिसमें हाईकोर्ट ने शिक्षकों के पक्ष में फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने पूर्व में दिए गए समान न्यायिक आदेशों को देखते हुए वर्तमान याचिका का निपटारा भी उन्हीं शर्तों पर करने का निर्णय लिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता डा. नेगी को निर्देश दिया कि वह याचिका में उठाए गए सभी पहलुओं को शामिल करते हुए एक सप्ताह के भीतर सक्षम प्राधिकारी को एक नया अभ्यावेदन प्रस्तुत करें। इसके बाद विश्वविद्यालय को इस अभ्यावेदन पर एक सप्ताह के भीतर विचार करके निर्णय लेना अनिवार्य होगा।

### वरिष्ठ सहायक की याचिका निस्तारित

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायलय ने ऊधम सिंह नगर के जिला निर्वाचन कार्यालय में कार्यरत एक वरिष्ठ सहायक संजय कुमार की याचिका निस्तारित करते हुए उन्हें पब्लिक सर्विस ट्रिब्यूनल में जाने को कहा है। याचिकाकर्ता ने अपने खिलाफ दी गई विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि और राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा उसके प्रत्यावेदन को खारिज करने के आद. ेश को चुनौती दी थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को पहले उत्तर प्रदेश लोक सेवा अधिकरण अधिनियम, 1976 के तहत गठित न्यायाधिकरण के समक्ष अपनी बात रखनी चाहिए थी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता को वर्ष 2022 में विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई थी उसने इसके खिलाफ अभ्यावेदन दिया, जिसे राज्य निर्वाचन आयुक्त ने 07 फरवरी 2024 को खारिज कर दिया। बाद में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष दायर उसकी पुनर्विचार याचिका भी 26 फरवरी 2024 को अस्वीकार कर दी गई। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि वर्तमान में पदोन्नति की प्रक्रिया चल रही है और प्रतिकूल प्रविष्टि के कारण वह पदोन्नति के अधिकार से वंचित हो सकता है।

### दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की याचिका पर सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मसूरी नगर पालिका परिषद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की याचिका की सुनवाई करते हुए उनसे अपना प्रत्यावेदन अधिशासी अधिकारी को देने को कहा है साथ ही अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया है कि जब तक उनके प्रत्यावेदन पर निर्णय नहीं हो जाता तब तक इन कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान न्यूनतम वेतनमान दिया जाए। याचिकाओं की सुनवाई हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि वे पिछले दस वर्षों से अधिक समय से नगर पालिका परिषद, मसूरी में समूह (घ) कर्मचारी के रूप में दैनिक वेतन पर काम कर रहे हैं। लेकिन नगर पालिका द्वारा उनको नियमित किये जाने पर विचार नहीं किया गया है, और उन्हें समान काम के लिए समान वेतन के सिद्धांत के तहत नियमित कर्मचारियों के वेतनमान का लाभ नहीं मिल रहा है।

### जनहित याचिका की निस्तारित

**नैनीताल।** पंगोट के जंगल क्षेत्र में पैदल मार्ग को अवैध रूप से मोटर मार्ग में बदलने के खिलाफ दायर जनहित याचिका को उत्तराखंड हाईकोर्ट ने निस्तारित कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने कहा कि मामले में वन विभाग पहले ही दो बिल्डरों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज कर चुका है, जो निचली अदालत में विचाराधीन हैं। पूर्व ग्राम प्रधान ललित चंद्र आर्य की ओर से दायर याचिका में मांग की गई थी कि वन क्षेत्र में भारी मशीनों का उपयोग रोका जाए और अवैध निर्माण से पर्यावरण व प्रवासी पक्षियों पर पड़ रहे असर की जांच हो। कोर्ट को बताया गया कि ग्राम पंचायत को 2015 में केवल पैदल मार्ग के लिए सशर्त अनुमति दी गई थी, लेकिन कुछ रिजॉर्ट मालिकों ने इसका दुरुपयोग कर पेड़ काटे और जेसीबी से सड़क बना दी। वन विभाग ने इस पर कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में सतीश चंद्र और उपेंद्र जिंदल के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए हैं। हाईकोर्ट ने ट्रायल जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए याचिका समाप्त कर दी।

### फंड दुरुपयोग पर हाईकोर्ट में सुनवाई जारी

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में क्रिकेट एसोसिएशन पर बीसीसीआई द्वारा दिए गए फंड के दुरुपयोग को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को तय की है। एसोसिएशन की ओर से याचिकाएं खारिज करने की मांग की गई, जबकि याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि खिलाड़ियों की सुविधाओं और खेल को बढ़ावा देने के लिए मिला 22 करोड़ से अधिक का फंड निजी हितों में खर्च किया गया। याचिकाकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि उत्तराखंड प्रीमियर लीग का ठेका बिना सार्वजनिक निविदा के एक ही कंपनी को दे दिया गया, जिससे दो करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। बीसीसीआई ने सुनवाई के लिए दो सप्ताह का समय मांगा, जिसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ताओं ने अंतिम सुनवाई तुरंत करने की मांग की। कोर्ट ने दोनों पक्षों से पूछा है कि रिट याचिकाएं सुनवाई योग्य हैं या नहीं, इस पर अपनी प्रतिक्रिया दें।

### दहेज हत्यारोपी पति की अंतरिम जमानत खारिज

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने दहेज के लिए उत्तराखण्ड हाई कोर्ट के अधिवक्ता के द्वारा अपनी ही पत्नी की हत्या करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायधीश न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा न करते हुए अगली सुनवाई के लिए 18 अक्टूबर की तिथि तय की है। हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से उनकी अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए कहा कि अभियुक्त बिना पोस्टमार्टम की जांच कराए अपनी पत्नी को अस्पताल से हरिद्वार ले गया। जबकि यह पूरा मामला पुलिस केस का था। मृतक की मौत प्राकृतिक तरीके से न होकर अप्राकृतिक तरीके से हुई थी। इसलिए अग्रिम जमानत देने से पहले उनकी आपत्ति पर विचार किया जाय। मृतक का शव ले जाते वक्त भी अस्पताल कर्मचारियों से कोई डिस्चार्ज स्लिप तक न ली गयी। जबकि इसका विरोध करते हुए उनके अधिवक्ता के द्वारा कोर्ट को अवगत कराया गया कि अभियुक्त कई वर्षों से जेल में आजीवन की सजा काट रहा है। उसके बुजुर्ग माता पिता है। वे किस हाल में होंगे उन्हें देखने का एक बार मौका दिया जाय। जब से वे इस केस में बंद है तब से उनके साथ दीपावली नही माना पाया।

## भुगर्भीय दृष्टि से संवेदनशील हो रही सरोवर नगरी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** सरोवर नगरी अब भूगर्भीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील होती जा रही है। यह चेतावनी भूविज्ञान विभाग और जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, बेंगलुरु द्वारा नैनीताल में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञों ने दी। सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिकों ने हिमालय क्षेत्र की अस्थिर होती जमीन, जलवायु परिवर्तन और संसाधनों पर इसके प्रभाव पर चर्चा की। यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज के प्रोफेसर गिरीश कोठारी ने कहा की नैनीताल में भूस्खलन का खतरा लगातार बढ़ रहा है। शहर पर निर्माण और जनसंख्या का इतना दबाव बन चुका है कि ज़मीन की सहने की क्षमता घटने लगी है। उन्होंने कहा कि नैनीताल हर साल कुछ सेंटीमीटर खिसक रहा है। शहर के अयारपाटा, बालियानाला, भवाली रोड और पायलट बाबा आश्रम की ऊपरी पहाड़ियां दरकने लगी हैं, जो आने वाले समय में शहर के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। डा. कोठारी ने कहा उत्तराखंड के दो ज़ोन ऐसे हैं जहां बादल फटने की घटनाएं अधिक होती हैं। गढ़वाल क्षेत्र में पेड़ों की कमी और भौगोलिक दबाव के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या बढ़ रही है, जबकि कुमाऊं में ये घटनाएं मुख्य रूप से हिमालयी पटी में देखी जाती हैं। पहाड़ों के टूटने और पानी के असंतुलित बहाव से दबाव बढ़ता है, जिससे बादल फटने जैसी घटनाएं होती हैं। जलवायु परिवर्तन इस पूरी प्रक्रिया को और अधिक अस्थिर बना रहा है। अब जरूरी है कि लोग जागरूक हों, अनियंत्रित निर्माण पर रोक लगे और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से शहर के विकास की योजना बनाई जाए, नही तो नैनीताल का संतुलन बिगड़ना तय है।

## एक नजर

### लापता बालिकाएं दो घंटे में सकुशल बरामद

**हल्द्वानी।** पुलिस ने अपनी तत्परता का परिचय देते हुए दो घंटे के भीतर ही घर से लापता दो बालिकाओं को उत्तर प्रदेश से सकुशल बरामद कर लिया। बच्चों को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है। एसएसपी पीएन मीणा के दिशा-निर्देशन में जनपद में गुमशुदा बच्चों की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली हल्द्वानी क्षेत्र के दो परिवारों ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी बालिकाएं घर से बिना बताए कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने एक टीम गठित की। टीम ने तकनीकी सर्विलांस और सूझबूझ के आधार पर केवल दो घंटे में ही दोनों नाबालिगों को बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश से सकुशल बरामद कर लिया। बाल कल्याण अधिकारी ने जब पूछताछ की तो पता चला कि घरवालों की डांट से नाराज होकर दोनों नौकरी की तलाश में निकल गई थी। पुलिस ने दोनों की काउंसलिंग कराकर उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपने बच्चों को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

### पंत पार्क से मालरोड पर रैली निकाली

**नैनीताल।** वन्य प्राणी सप्ताह 2025 के अंतिम दिन बुधवार को मल्लीताल पंत पार्क से शुरू होकर मालरोड होते हुए चिड़ियाघर तक रैली निकाली गई। रैली में स्कूली बच्चों ने विभिन्न वन्य जीवों की वेशभूषा धारण कर पर्यावरण और वन्य जीव संरक्षण का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ जू की उपनिदेशक स्वाति ने किया। रैली के अंत में चिड़ियाघर सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में एसडीओ ममता चंद एवं अन्य अतिथियों ने पेंटिंग, फैंसी ड्रेस, मैराथन, निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व में पर्यावरण दिवस,अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस और ओजोन दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान जू रेंजर आनंद लाल, भवाली रेंजर विजय मेलकानी, मुकुल शर्मा, नितिन पंत, जगदीश सिंह कोरंगा, अरविंद कुमार, नितिन मुकेश, प्रकाश चंद्र जोशी, दिनेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मामूली टक्कर लगने के बाद झगड़ा

**नैनीताल।** शहर के मल्लीताल रिक्शा स्टैंड के समीप बुधवार सुबह एक नाव चालक का विवाद एक युवक से हो गया। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी समीर रिक्शा स्टैंड से गुजर रहे थे तभी एक युवक से उनकी मामूली टक्कर को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद युवक के साथियों ने आकर समीर की पिटाई कर दी। घटना के समय सड़क पर हंगामा देख पुलिस मौके पर पहुंची और झगड़ा शांत करवाकर दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। पूछताछ में समीर ने बताया कि उनके साथ केवल मामूली टक्कर हुई थी इसके बावजूद उनके ऊपर हमला किया गया। इस दौरान एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मामले में मल्लीताल निवासी आकाश चंद्रा के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

### होटल में शराब पीने पर चालान

**नैनीताल।** मल्लीताल स्थित एक होटल में पुलिस की छापेमारी के दौरान कई ग्राहक जाम टकराते मिले। इस कार्रवाई में रेस्टोरेंट संचालक सहित 08 लोगों को हिरासत में लिया गया और उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक बुधवार को एसएसआई दीपक बिष्ट मल्लीताल क्षेत्र में नियमित चेकिंग अभियान चला रहे थे। चैकिंग के दौरान मल्लीताल स्थित पायल रेस्टोरेंट में शराब पीते कई युवक पुलिस की नजर में आए। पुलिस को देख युवक भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने युवकों और रेस्टोरेंट संचालक को हिरासत में लेकर कोतवाली लाया गया, जहां उन्होंने छोड़ देने की गुहार लगाई। इस दौरान एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि रेस्टोरेंट संचालक देवेंद्र सिंह, रोहित, अनिल, अभिषेक, गौरव, गोविंद राम, गणेश कुमार, संजय के खिलाफ शराब पीने और पिलाने के मामले में पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

24.69 करोड़ की श्साराश की योजनाओं को मिली स्वीकृति

### वन डिस्ट्रिक्ट, वन रिवर के सिद्धांत पर कार्ययोजना होगी तैयार

देहरादून। स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी यानी सारा बोर्ड की बैठक में विभिन्न योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। सचिवालय के वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में आज सचिव जलागम एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) दिलीप जावलकर की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति (एसएलईसी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्यभर से जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई तथा आठ नई कार्य योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई, जिनकी कुल लागत रु. 2468.55 लाख रु है। इनमें से रु. 1861.16 लाख रु. की धनराशि सारा द्वारा आवंटित की जाएगी। सचिव दिलीप जावलकर ने सभी जनपदों को "वन डिस्ट्रिक्ट, वन रिवर" की अवधारणा पर आधारित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि प्रत्येक जनपद अपनी एक प्रमुख या संकटग्रस्त नदी की पहचान कर उसके कैचमेंट एरिया में जल स्रोतों के पुनर्जीवन और संचयन कार्यों को प्रभावी रूप से लागू कर सके। जनपदीय स्तर पर सारा समितियों की बैठकें कर प्रस्तावों को आगामी राज्य स्तरीय बैठक में प्रस्तुत करें।

# प्राणी उद्यान आधुनिक तकनीक से लैस होगा

शाह टाइम्स संवाद्दाता



**नैनीताल।** उत्तराखंड की प्रसिद्ध सरोवर नगरी नैनीताल का गोविंद बल्लभ पंत उच्च पर्वतीय प्राणी उद्यान अब आधुनिक तकनीक से लैस हो गया है। जू की सुरक्षा और प्रबंधन व्यवस्था को हाईटेक बनाने के साथ ही टिकट दरों में भी वृद्धि की गई है। वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल आर्य ने बताया कि 2018 में भारतीय पर्यटकों के लिए टिकट 100 रुपये, बच्चों के लिए 50 रुपये और विदेशी पर्यटकों के लिए 200 रुपये थी। हाल ही में नैनीताल और पहलगाम में हुई घटनाओं के बाद पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई, जिससे जू के रखरखाव और प्रबंधन में कठिनाइयां बढ़ गईं। इसका समाधान करते हुए टिकट दरों में संशोधन प्रस्ताव एजीएम में पास हुआ। अब भारतीय पर्यटक 150 रुपये और विदेशी पर्यटक 300 रुपये देकर जू का भ्रमण कर सकते हैं। वहीं 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चे और 60 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक निशुल्क प्रवेश करेंगे। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल आर्य ने बताया जू में मौजूद मारखोर, रुसीप, मोनाल और रेड पांडा जैसे दुर्लभ जीव पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। नई तकनीकों और बेहतर सुविधाओं के साथ जू को और सुरक्षित व पर्यावरण के अनुकूल बनाया गया है। प्रशासन को उम्मीद है कि बढ़ी हुई सुविधाओं के साथ जू की लोकप्रियता फिर से बढ़ेगी।

# वन पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा

## बिल्डर पर बिना वैध अनुमति तारबाड़ व खुदाई करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाद्दाता



**धारी।** ग्राम पंचायत कौल के तोक नवाड़ा वार्ड संख्या 4 क्षेत्र में वन पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों व ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया है कि एक निजी बिल्डर द्वारा उक्त भूमि पर बिना किसी वैध अनुमति के तारबाड़ और खुदाई का कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह भूमि लंबे समय से ग्राम सभा कौल की वन पंचायत भूमि रही है, जिस पर ग्रामवासी सामूहिक रूप से उपयोग करते आ रहे हैं। आरोप है कि ग्रामीणों और ग्राम प्रधान द्वारा आपत्ति जताने के बावजूद कार्य जारी है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। प्रधान गीता देवी, कमला देवी, लच्छीसिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने तहसीलदार धारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर मांग की है कि जब तक उक्त भूमि की जांच कर स्पष्टता नहीं मिल जाती, तब तक तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रुकवाया जाए।

ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि भूमि की स्थिति का यथाशीघ्र स्थलीय निरीक्षण कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि ग्राम सभा की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा रोका जा सके। यही नही दूसरी तरफ वन पंचायत मझेला में भी स्थानीय बिल्डर ने वन पंचायत में नियमों को ताक पर रखकर सड़क बना डाली। जिसकी भनक तक प्रशासन को नही लगी। इस रेंजर नितिन पंथ का कहना है कि टीम द्वारा निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बुधवार को उपजिला. धिकारी के एन गोस्वामी से ग्राम सभा कौल के ग्रामीण मिले साथ ही उक्त बिल्डर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है ।उपजिलाधिकारी ने वन विभाग की टीम को वन पंचायत पर कब्जा करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को कहा। इस दौरान प्रधान गीता बिष्ट, सरपंच कमला देवी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, विनोद सिंह बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक सिंह बिष्ट, सुरेश चंद्र, प्रदीप बिष्ट, खीम सिंह बिष्ट, विजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएसबी परिसर में धन्यवाद सभा

## छात्रसंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने खरा उतरने की बात दोहराई

शाह टाइम्स संवाद्दाता



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर में छात्रसंघ चुनाव के बाद बुधवार को नवनिर्वाचित पदा. धिकारियों ने धन्यवाद सभा का आयोजन किया। नव नियुक्त पदा. धिकारियों ने छात्र-छात्राओं को आश्वासन दिया कि वे उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। न्यूआर्ट्स भवन के समक्ष आयोजित इस सभा में अध्यक्ष करन सती ने कहा कि परिसर में शिक्षा का बेहतर माहौल स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने शिक्षण में बाधक बन रही समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय प्रयास करने का भी वादा किया। चुनाव के दौरान अधिकांश विद्यार्थियों ने पुस्तकों की समस्या को प्रमुख मुद्दा के रूप में उठाया था। इसके अलावा ऑनलाइन सिस्टम में सुधार लाने की भी चर्चा हुई। अध्यक्ष करन सती ने सभी विजयी पदाधिका. रियों की ओर से वर्ष भर छात्रों के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष पद के पराजित प्रत्याशी तनिष्क मेहरा ने भी अपने समर्थन देने वाले छात्रों को धन्यवाद दिया और कहा कि वह भविष्य में भी छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहेंगे। इस दौरान सचिव आयुष आर्या, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रा, उपसचिव जयवर्धन, छात्रा उपाध्यक्ष तनिषा जोशी, विश्व. विद्यालय प्रतिनिधि एवं छात्र महासंघ अध्यक्ष आशीष कबड़वाल, कोषाध्यक्ष शिवेश कुमार, सांस्कृतिक सचिव भावेश विश्वकर्मा, संकाय प्रतिनिधि कला करन कुमार, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि वेदांत पांडे, विधि संकाय प्रतिनिधि यशिका, जैवविज्ञान संकाय प्रतिनिधि अतुल रावत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सभासद अंकित चंद्रा, विकास जोशी, मोहित गोयल, अभिषेक कुमार, विशाल बिष्ट रहे।

## प्राथमिक शिक्षकों के 2100 पदों पर शीघ्र होगी भर्ती

देहरादून। प्रदेशभर के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के रिक्त 2100 पदों पर शीघ्र भर्ती की जायेगी। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। इसके अलावा आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के शीघ्र आंगणन तैयार करने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिये।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को अपने शासकीय आवास पर विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक अध्यापकों के 2100 पदों पर शीघ्र भर्ती करने के निर्देश दिये।

## स्मैक तस्करी के दोषी को 8 साल का कठोर कारावास

**नैनीताल।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985) संजीव कुमार की अदालत ने स्मैक तस्करी के एक गंभीर मामले में दोषी पाए गए कैलाश चंद्र शर्मा उर्फ चीमा को 8 वर्ष के कठोर कारावास और 80,000 रुपये के जुर्माने की सज़ा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को 8 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। विशेष सत्र परीक्षण संख्या 117/2023 के तहत उत्तराखंड राज्य बनाम कैलाश चंद्र शर्मा उर्फ चीमा के इस मामले में, अभियुक्त के खिलाफ थाना मुखानी में एफआईआर संख्या 182/2023 के तहत धारा 8/21 स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। 11 जुलाई 2023 को हुए इस अपराध में पुलिस ने अभियुक्त कैलाश चंद्र शर्मा उर्फ चीमा के कब्जे से 110 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की थी। पुलिस ने अपनी जाँच पूरी कर 08 सितंबर 2023 को आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसके बाद 18 जनवरी 2024 को आरोप विरचित किए गए थे। न्यायालय ने पत्रावली का अवलोकन करते हुए पाया कि दोषी के कब्जे से बरामद 110 ग्राम स्मैक की मात्रा मध्यम मात्रा से काफी अधिक है। न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि दोषी उस समय 2-3 व्यक्तियों को यह स्मैक बेच रहा था, जो कि गंभीर प्रकृति का समाज विरोधी कृत्य है। दण्ड के प्रश्न पर दोषी कैलाश चंद्र शर्मा उर्फ चीमा ने स्वयं को गरीब व्यक्ति बताते हुए, घर में वृद्ध माता होने और कोई आपराधिक इतिहास न होने का हवाला देते हुए कम से कम सज़ा दिए जाने की गुहार लगाई। हालांकि, अभियोजन पक्ष की ओर से विद्वान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) ने दलील दी कि दोषी स्मैक को नवयुवकों को बेचकर उन्हें शारीरिक रूप से कमजोर कर देश एवं समाज के विरुद्ध कार्य कर रहा था, इसलिए उसे अधिक से अधिक दण्ड दिया जाना चाहिए। मामले के तथ्यों, परिस्थितियों और बरामद पदार्थ की मात्रा को ध्यान में रखते हुए, विशेष न्यायाधीश संजीव कुमार ने 07 अक्टूबर को दोषी कैलाश चंद्र शर्मा उर्फ चीमा को धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985 के तहत उपर्युक्त दण्डादेश से दण्डित किया। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि दोषी द्वारा इस मामले में जेल में बिताई गई अवधि को सज़ा में समायोजित किया जाएगा। दोषी को दण्डादेश भोगने के लिए सजायावी वारंट के साथ संबंधित कारागार भेजा गया है।

# 66 ताइक्वांडो खिलाड़ी राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेने जा रहे

**नैनीताल।** जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष चंद्र विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि इस वर्ष 66 ताइक्वांडो खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपदीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रहा, जिससे उम्मीद जताई जा रही है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अधिकांश पदक नैनीताल की झोली में आएंगे। गोला पार स्टेडियम में शुक्रवार से तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। यह प्रतियोगिता विभिन्न वेरिएंट और आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। जिसमें सब जूनियर बालक वर्ग पर आरव सिंह, कुंज टम्टा, गौरव पांडे, आरव सिंह सीजवाली, प्रत्यक्ष कुमार, हर्षित सिंह, अथर्व साहू, यशवर्धन पाठक, आयाशं परिहार, खुशमन, मानस, यशवर्धन जोशी, हर्षित, बालिका वर्ग में सृष्टि बिष्ट, मनस्वी मेहता, ख्रतिका, सौम्या बिष्ट, रोशनी वैष्णवी गौर, अनुष्का साह, काव्या सनवाल, निराया अनुप्रिया, हर्षिता कर्नाटक, आराध्या बेलवाल व कैडेट बक्व्यज हार्दिक मठपाल, ध्रुव नेगी, लक्ष्य हर्षित, चारु जोशी, जयवर्धन जोशी, ;षभ बिष्ट, विपिन सिंह, हार्दिक, तरुण, कैडेट गर्ल्स गीताश्री बिष्ट, मनीषा आर्य, ख्रतिका पांडे, हिमांशी, याचना सनवाल, अक्षिता रानी, योगिता, रिया, खुशबु कर्नाटक, जूनियर बालक राजीव टम्टा, अतुल टम्टा, सागर सिंह, हार्दिक खडका, विराट कोली, विवेक भट, रुद्राक्ष, कनिष्क, जूनियर बालिका अर्पिता, रूपल सिसोदिया, पूवह्न अटवाल, चेतिका जोशी, समृ) वर्मा, तनिष्का डिम्पल कोली, कृतिका, सभ्यता मेहरा, मान्यता रजवार व सीनियर बालक और सीनियर बालिका वर्ग में भी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस दौरान संघ के उपाध्यक्ष हरीश नयाल, सुनील सिंह थापा, कोच कमलेश तिवारी, ज्योति दुर्गापाल, शुभम डसीला मौजूद रहे।

# आवंटित भूमि आवासीय व आईटी पार्क से अलग, कांग्रेस को नही तथ्यों की जानकारी: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने आईटी पार्क मे स्थापित उद्योंगों के लिए आवंटित जमीन को प्लाटिंग के लिए उपयोग की खबरों को भ्रामक बताते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मामले का बिना तथ्यों के आरोप लगा रहे है और यह सरासर झूठ का पुलिंदा है। उन्होंने कहा कि यह भूमि कांग्रेस काल 2012 मे जीटीएम बिल्डर्स, आरबीआई और नाबार्ड को आवंटित हुई । आरबीआई और नाबार्ड द्वारा आवंटित भूमि उपयोग न होने पर निरस्त और दोबारा टेंडर के लिए पारदर्शी प्रक्रिया शुरू की गयी।

भट्ट ने कहा कि वर्तमान में कुछ माध्यमों द्वारा सिडकुल द्वारा प्रख्यापित निविदा संख्या 206/सिडकुल /2025 दिनांक 25 जुलाई, 2025 एवं 207/सिडकुल /2025 दिनांक 25 जुलाई, 2025 के माध्यम से सिडकुल द्वारा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के अंतर्गत आर-1 एवं आर-2 प्लॉट का ई-निविदा के माध्यम से आवंटन पर आपत्ति दर्शायी गयी है। इस संबंध में यह भी आपत्ति दर्ज की गयी है कि प्रश्नगत भूखण्डों का प्रयोजन बदलकर आवासीय कर आवंटन किया गया है। जो कि सरासर गलत है। भट्ट ने कहा कि जिस जमीन की

**कांग्रेस काल 2012 मे जीटीएम बिल्डर्स, आरबीआई और नाबार्ड को हुई आवंटित , आरबीआई और नाबार्ड के भूमि उपयोग न करने पर 2023 में आवंटन निरस्त हुआ और आवंटन शुरू हुई पारदर्शी प्रक्रिया**

बात कांग्रेस अध्यक्ष ने कही है वह भूखण्ड आई०टी० पार्क से पृथक है, एवं वर्ष 2006 एवं 2008 के शासनादेशो से औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन एवं राज्य अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास निगम लि० (सिडकुल) को सहस्त्रधारा रोड, देहरादून में राजस्व ग्राम धोरण खास, डांडा नूरीवाला, डाडा धोरण एवं डांडा लखौण्ड में ष्आवासीय क्षेत्रष के लिए कुल 6.794 है. भूमि आवंटित की गयी थी, जिसे ष आईटी पार्क रेजिडेंशियल साइट सहस्त्रधारा रोडष के रुप में निदेशक मण्डल की 34वी बैठक 30 मार्च, 2012 की बैठक में प्रख्यापित किया गया था। इन भूखण्ड में से वर्ष 2012 एवं वर्ष 2013 में आवासीय प्रयोजन के लिए मै जीटीएम बिल्डर्स एवं प्रोमोर्टस प्रा०. लि०, नाबार्ड एवं आर.बी.आई को भूखण्ड आवंटित की गयी थी। नाबार्ड एवं आर.बी.आई को आवंटित आध्यासीय भूखण्डों में संबंधित द्वारा समयान्तर्गत कार्य प्रारम्भ नहीं किये जाने के कारण सिडकुल निदेशक मण्डल द्वारा भूमि के सही प्रयोजन के उपयोग के लिए 61वीं बैठक 04 अगस्त, 2023 में इन इकाईयों को आवंटित भूखण्ड निरस्त किये गये। उन्होंने कहा कि चूंकि ष्आईटी पार्क आवासीयष में इन इकाईयों को आवंटित भूखण्ड निरस्त कर दिये गये थे, इस कारण पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के अंतर्गत आर-1 एवं आर-2 प्लॉट की ई-निविदा प्रकाशित की गयी। उक्त के क्रम में निविदा संख्या 206/सिडकुल/2025 दिनांक 25 जुलाई, 2025 एवं 207/सिडकुल/2025 दिनांक 25 जुलाई, 2025 के माध्यम से निविदा प्रकाशित की गयी एवं समस्त प्रक्रिया का परिपालन के बाद अधिकतम एवं सफल बोली प्रदाता को भूखण्ड आवंटन किया गया। प्रक्रिया में समस्त प्रक्रिया का परिपालन किया गया है एवं प्रश्नगत भूखण्ड आवासीय प्रयोजनष के लिए था एवं इसके अनुसार ही आवंटित किया गया था। उन्होंने बताया कि एकीकृत औद्योगिक आस्थान जैसे हरिद्वार, पतनगर, सितारगंज इत्यादि में औद्योगिक प्रयोजन के साथ-साथ एकीकृत विकास के लिए आवासीय प्रयोजन, व्यवसायिक प्रयोजन, संस्थागत प्रयोजन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं इत्यादि के लिये भूखंड आवंटित कर विकसित किये जाने का प्राविधान मी है, लेकिन इन भूखण्ड आर-1 एवं आर-2 का आवंटन ष्आवासीय प्रयोजनष के लिए चिन्हित होने के कारण के लिए प्रयोजन के लिए ष्आईटी पार्क रेजिडेंशियल साइट सहस्त्रधारा रोड पर किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐसे कथित खुलासे का तथ्यपरक अवलोकन जरूरी है, क्योंकि सच सामने आने पर वह भागती नजर आती है।

उन्होंने आईटी पार्क में आवासीय प्लॉट को लेकर लगाए आरोपों को बेबुनियाद और नकारात्मक राजनीति से प्रेरित बताया। भट्ट ने कहा की जिस भूमि आवंटन को कांग्रेस अध्यक्ष घोटाला बता रहे हैं, उस जमीन का आवंटन तो कांग्रेस सरकार में ही हुआ किया गया और भू उपयोग ना होने से आवंटन निरस्त कर उसका वर्तमान आवंटन भी पूर्वनिर्धारित प्रक्रिया एवं पारदर्शी निविदा के अनुसार उच्च बोलीदाता को ही हुआ है।

# पल्स पोलियो अभियान शुरू होगा, बच्चों को दी जाएगी खुराक

## पल्स पोलियो अभियान को लेकर टिहरी में हुई समीक्षा बैठक, जिलाधिकारी ने जारी किए निर्देश

■ आयरन फोलिक एसिड वितरण व एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम पर भी हुई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला सभागार नई टिहरी में बुधवार को जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में उपराष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों से आपसी समन्वय बनाकर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन बच्चों के बेहतर भविष्य और जीवन की गुणवत्ता से जुड़ा हुआ है, इसलिए सभी विभाग इसे अपनी जिम्मेदारी समझकर कार्य करें।

जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि सभी पोलियो बूथ सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहें तथा विद्यालयों के शिक्षक और कर्मचारी पोलियो खुराक पिलाने का संकल्प लें। बाल विकास विभाग को आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो बूथों तक लाने को कहा गया। सूचना और पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया गया कि वे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया और ग्राम प्रधानों के सहयोग से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को अपने संपर्क नंबर संबंधित विभागों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय ने बताया कि उपराष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 12 अक्टूबर को जिले में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के पहले दिन 523 बूथों पर 1992 कर्मियों द्वारा कुल 45,882 बच्चों को पोलियो खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से 473 बूथ पर्वतीय क्षेत्रों में और 50 बूथ ढालवाला क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे।

इसके साथ ही 13 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी, जो पहले दिन किसी कारणवश छूट जाएंगे।

बैठक में डॉ. श्याम विजय ने एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की प्रगति पर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के 1885 सरकारी विद्यालयों के 68,522 बच्चों और 299 निजी विद्यालयों के 33,848 बच्चों को आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) की खुराक दी जाएगी। सभी बीईओ कार्यालयों में दवा पहुंचा दी गई है और निजी विद्यालयों में आईएफए साप्ताहिक दवा वितरण 10 अक्टूबर से आरंभ किया जाएगा। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वे निजी विद्यालयों के नोडल शिक्षकों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराएं ताकि कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के नामित सदस्य डॉ. अंकित गुप्ता ने वाइल्ड पोलियो वायरस से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पोलियो खुराक पिलाने वाले बूथों का कम से कम 50 प्रतिशत कवरेज होना आवश्यक है और टिहरी जनपद इस दिशा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

बैठक में सीएमएस जिला चिकित्सालय बौराड़ी डॉ. अमित राय, सीएमएस नरेंद्रनगर डॉ. सुनीता, जिला क्षय रोग अधिकारी जितेंद्र भंडारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, एमओआईसी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तुनेटा में कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** मेरा युवा भारत, (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वाधान में मेरा युवा भारत तुनेटा युवा मण्डल ने विकासखण्ड जखोली के अन्तर्गत तुनेटा में कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान दो समूह कबड्डी खेल प्रतियोगिता (बालक वर्ग) एवं खो-खो (बालिका वर्ग) तथा दो एकल प्रतियोगिता लम्बी कूद एवं दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समूह प्रतियोगिता कबड्डी में विजेता टीम दंबंग धारकोट टीम एवं उपविजेता लावड़ी बी तथा खो-खो प्रतियोगिता में बद्री विशाल विजेता तथा जाखाल टीम उपविजेता रही। एकल प्रतियोगिता लम्बी कूद में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान नैना, द्वितीय स्थान अक्षरा एवं खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही बालक वर्ग में मुकुलदेव ने प्रथम, दिव्यांशु द्वितीय, उपेन्द्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दौड प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रितिका, द्वितीय स्थान राधिका एंव तृतीय स्थान मानसी व बालक वर्ग में उपेन्द्र ने प्रथम, कृष द्वितीय व अभिषेक ने तृतीय स्थान पप्राप्त किया। प्रतियोगितों मे विज.ेताओं को टी-शर्ट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप-निदेशक राहुल डबराल, लेखालिपिक एंव कार्यक्रम सहायक कविता जुगरान, क्लाईमेट कार्डिनेटर विजयपाल, स्वयंसेवक सिमरन, अजीता, दिग.ंबर एंव सुमन सहित अन्य मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने किया ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने पोल्ड ईवीएम, पोल्ड वीवीपैट, कैटेगरी-डी की मशीनों के साथ-साथ प्रशिक्षण और जनजागरूकता के लिए उपयोग में आने वाली मशीनों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मशीनों की सुरक्षा, रखरखाव और रिकॉर्ड संधारण में किसी भी प्रकार की लाप.रवाही न बरती जाए।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का समय-समय पर निरीक्षण अत्यंत आवश्यक है। मशीनों की कार्यशीलता, सीलिंग और सुरक्षित भंडारण की स्थिति की जांच करते हुए जिलाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित किया कि वेयरहाउस में सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रतिनिधि जयेंद्र पंवार, कांग्रेस प्रति.निधि नवीन सेमवाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, तहसीलदार मोहम्मद शहदाब सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से मशीनों की स्थिति का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं की पारदर्शिता पर संतोष व्यक्त किया।

# भांग की खेती को किया नष्ट



■ पुलिस की ओर से लगातार चलाया जा रहा है नशे के विरूद्ध अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नशा मुक्त देवभूमि मिशन के तहत जनपद पुलिस की ओर से अवैध मादक पदार्थों के विक्रय व तस्करी पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाने के लिये सघन चौकिंग अभियान चलाया जा रहा है और नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही जनपद क्षेत्रान्तर्गत अवैध भांग की खेती को नष्ट करते हुए स्थानीय लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

विगत दिवस जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस, जिला प्रशासन व वन विभाग के स्तर से पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी के नेतृत्व में ग्राम बक्सीर व रोसियाड़ा तोक के आसपास के क्षेत्र में अवैध भांग की खेती नष्ट किये जाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन व वन विभाग की संयुक्त टीमों ने करीब 5 एकड़ भूमि में अवैध भांग की खेती का विनष्टीकरण किया है। जनपद पुलिस के स्तर से इस वर्ष एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 6 अभियोग पंजीकृत कर अवैध चरस व स्मैक की तस्करी करने वाले 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं पुलिस के स्तर से स्कूलों, कॉलेजों व आम जनमानस के बीच जाकर नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

# सहकारिता ग्रामीण आत्मनिर्भरता की जीवंत मिसाल:अंथवाल

**श्रीनगर।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में आवास विकास मैदान में आयोजित जनपद स्तरीय सहकारिता मेले के द्वितीय दिवस पर उत्साह, सहभागिता और सांस्कृतिक रंगों का समागम देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र अंथवाल ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और ग्रामीण आत्मनिर्भरता की जीवंत मिसाल है। कहा कि राज्य सरकार सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाकर गांव-गांव में रोजगार और उत्पादन की नई संभावनाएं विकसित कर रही है।

**एक नजर .......**

## कीर्तिनगर में होने वाली जन सुनवाई स्थगित, जिलाधिकारी ने दी जानकारी

**नई टिहरी।** जन सामान्य की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 9 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे विकास खंड कार्यालय कीर्तिनगर में आयोजित होने वाला जन सुनवाई कार्यक्रम अब स्थगित कर दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देशन में यह निर्णय अपरिहार्य कारणों के चलते लिया गया है। कार्यक्रम की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे आगामी सूचना तक कार्यक्रम स्थल पर न पहुंचें और अगली निर्धारित तिथि की जानकारी के लिए जिला प्रशासन के आधिकारिक माध्यमों पर नजर बनाए रखें।

## प्रशिक्षु वन आरक्षियों ने किया हैप्रेक संस्थान का भ्रमण



**श्रीनगर।** रामपुर मंडी देहरादून से पहुंचे प्रशिक्षु महिला वन आरक्षियों ने बुधवार को गढ़वाल विवि के हैप्रेक और वानिकी विभाग का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने हैप्रेक संस्थान ओर से किए जा रहें शोध कार्यों के बारे में भी जाना। इस मौके पर वन विभाग से पहुंची 43 महिला वन आरक्षियों को जड़ी-बूटी के बारे में जानकारी दी गई। हैप्रेक संस्थान डा. विजयकांत पुरोहित के निर्देशन पर सहायक प्राध्यापक डा. विजयलक्ष्मी त्रिवेदी ने प्रशिक्षु महिला वन आरक्षियों को हैप्रेक का भ्रमण करवाया। इस मौके पर दुलर्भ जड़ी-बूटी के महत्व और उसके उपयोग के बारे में बताया। वन प्रशिक्षुओं को उन्होने हैप्रेक संस्थान के शोधार्थियों द्वारा वैज्ञानिक विधि से उगाई जा रही संगन्ध एवं औषधीय पादपों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर महिला वन प्रशिक्षुओं ने ग्लास हाउस, आणुविक लैब और अत्याधुनिक मशीनों के के उपयोग के बारे में जाना। इस मौके पर वन दरोगा रमेश के साथ ही हैप्रेक संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. सुदीप सेमवाल, डॉ. राजीव वशिष्ठ, डा. प्रदीप डोभाल, डा. जयदेव चौहान, मस्तान मेहरा, देवेश, अनसीका, शिवांगी डोभाल, अनिकेत सहित आदि मौजूद थे।

## शरद पूर्णिमा और वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर श्रीनगर में शरद पूर्णिमा एवं वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के खेल, शारीरिक व्यायाम का अभ्यास करके तथा देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। मौके पर आरएसएस के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने शरद पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह रात चंद्रमा की विशेष किरणों से परिपूर्ण होती है, जो अमृत के समान शीतलता और ऊर्जा प्रदान करती हैं। उन्होंने बताया कि इस दिन तैयार की गई खीर को खुले आसमान के नीचे चंद्रमा की रोशनी में रखने से उसमें औषधीय एवं पोषक गुण उत्पन्न हो जाते हैं। जिससे शरीर और मन को शांति तथा शक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएस शरद पूर्णिमा उत्सव को सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में मनाता है, जहां सभी लोग जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव को भुलाकर एक साथ बैठकर खीर प्रसाद ग्रहण करते है। इस अवसर देवानंद, जिला संघ चालक प्रो. मोहन पंवार, सह जिला संघ चालक किशोर सजवाण, नगर संघ चालक बलदेव बिष्ट, सह नगर संघ चालक नरेश जिला प्रचारक, सगर पुरी, संदीप सिंह राणा सहित आदि मौजूद थे।

# पार्क का निर्माण कार्य अधर में लटका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर क्षेत्रांर्गत डांग सिंदरीगाड में बन रहें पार्क का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। बजट के चलते सिंदरीगाड पार्क का निर्माण कार्य रूका हुआ है। पार्क के निर्माण कार्य को लेकर पूर्व में शासन स्तर को आकलन तैयार कर के भेज दिया गया था, लेकिन अभी तक बजट स्वीकृत न होने के कारण निर्माण कार्य रूका हुआ है। डांग क्षेत्र में 23 लाख की लागत से बनने वाले इस पार्क का शिलान्यास वर्ष 2022 में कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने किया था। डांग क्षेत्र के लोग लम्बे समय से पार्क बनवाने की मांग की जा रही थी, कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने जनता की मांग को देखते हुए सिंदरीगाड़ में पार्क निर्माण कार्य को स्वीकृति दी थी। जिसमें ग्रामीण निर्माण विभाग पौड़ी को कार्यदायी संस्था बनाया गया। पार्क का निर्माण कार्य आठ माह से रूके होने से पार्क मे झाडियां उग गयी है साथ ही लोगों घरों का कूडा डाल रहे है। डांग क्षेत्र में शुरुआती रास्ता होने चलते और खाली जगह होने के कारण लोग यहां कूड़ा डालने का स्थान बना दिया था। जिससे प्रदूषण फैलने के साथ ही महामारी फैलने का भय बना रहता था। इसी को देखते हुए कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सिंदरीगाड़ में पार्क का निर्माण कार्य शुरू करवाया था।

पहाड़ी शैली में बन रहें इस पार्क में राजिस्थान से मगाये गये पत्थर इसको आकृषक लुक देगा। पार्क में ओपन जिम की व्यवस्था के साथ ही यहां सुबह शाम घूमने वाले लोग उसका लाभ ले सकें। ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजीव गर्ग ने बताया कि बजट खत्म होने के कारण पार्क का निर्माण कार्य रूका हुआ है। बताया कि निर्माण कार्य में बजट कम होने के चलते शासन को रिपोर्ट भेजी गयी है। शासन स्तर से पैसा स्वीकृत होती ही पार्क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि पार्क का निर्माण कार्य 80 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है।

# बाल भारती स्कूल ने जीती शहीद मुकेश बिष्ट स्मृतिफुटबॉल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** बारहवीं शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता बाल भारती स्कूल ने जीत ली है। मंगलवार दोपहर बाद खेले गए फाइनल में बाल भारती स्कूल ने एमकेवीएन स्कूल को 2-1 से हराया। शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति संस्था की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह रावत एवं प्रकाश कोठारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

तत्पश्चात खेले गए मैच के पहले हाफ के 25वें मिनट में बाल भारती स्कूल के खिलाड़ी ने 20 गज की दूरी से गोल कर टीम को बढ़त दिला दी, दूसरे हाफ में एमकेवीएन के खिलाड़ी ने पेनल्टी के जरिये गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों ही टीमों ने गोल करने का भरसक प्रयास किया, लेकिन असफल रहे।

इसके बाद अतिरिक्त समय में बाल भारती के शिव कुमार ने निर्णायक गोल कर बाल भारती को प्रतियोगिता का दूसरी बार चौंपियन बना दिया।

इस मौके पर सर्वाधिक गोल करने वाले ओम रावत को गोल्डन बूट, आयुष बिष्ट को गोल्डन ग्लव्स, दिव्यांशु नेगी को गोल्डन बॉल सम्मान से नवाजा गया।

# छात्र-छात्राओं में बढ़ती नशे की लत पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** डू समथिंग सोसाइटी ने प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में बढ़ती नशे की लत पर रोकथाम लगाने की मांग की है। कहा कि नशे की लत से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इस संबध में बुधवार को सोसाइटी अध्यक्ष मयंक कोठारी की ओर से प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा निदेशक को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्रा नशे की लत में फंस चुके हैं। ऐसी हालत में उनके द्वारा गाड़ी तेज चलाने और हुड़दंग मचाने की खबरें लगातार प्रकाश में आ रही हैं। इसलिए छात्रों को इस बुरी लत से बचाना आवश्यक है। कहा कि सोसाइटी का मानना है कि ऐसी स्थिति में सोसाइटी के ध्येय वाक्य शिक्षा ही नहीं संस्कार भी चाहिए, नशामुक्त उत्तराखंड राज्य चाहिए, की परिकल्पना को साकार करते हुए छात्रों को नशे की लत से मुक्त कराया जा सकता है। कहा कि इस परिकल्पना के अंतर्गत अपने से बड़ों का सम्मान करना, भारतीय संस्कृति की जानकारी देना और कुसंगति से दूर रहने के प्रति जागरूक करना शामिल है। ज्ञापन में माध्यमिक शिक्षा निदेशक से सोसाइटी के इस ध्येय वाक्य को प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों में पहुंचाने की मांग की गई है।

# थत्यूड़-ढाणा में लगा सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर



■ डीआरसी ढाणा में सौ से अधिक मरीजों की हुई जांच, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने किया परीक्षण, जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़।** संवेदना प्रोजेक्ट एलसीएच मसूरी के सौजन्य से डीआरसी ढाणा में सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जौनपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे मानसिक रोगियों, हड्डी से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित मरीजों, सामान्य रोगियों तथा गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

जौनपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं दूरस्थ होने के कारण लैंडौर कम्युनिटी हॉस्पिटल की ओर से प्रत्येक माह दिव्यांग संसाधन केंद्र, ढाणा में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर के बाद क्षेत्र के सभी मान.सिक रोगियों को 'संवेदना प्रोजेक्ट' से जुड़े स्वास्थ्यकर्मी उनके घर-घर जाकर नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराते हैं। इस पहल से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल रही है।

बुधवार को आयोजित शिविर में मरीजों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए दवाइयां नि:शुल्क वित.रित की गईं। लगभग 100 से अधिक मरीजों की विभिन्न बीमा.रियों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गईं।

डॉ. एस.ए.ओ. जॉर्ज ने कहा कि "ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों को अभी भी प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे शिविर लोगों के लिए संजी.वनी साबित हो रहे हैं। हमारी को.शिश है कि हर महीने अधिक से अधिक लोगों तक विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा पहुंचे, ताकि वे छोटे रोगों को नजरअंदाज न करें और समय पर उपचार प्राप्त कर सकें।

शिविर में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. एस.ए.ओ. जॉर्ज, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. राजा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पवित्रा, जनरल सर्जन डॉ. नैट, गमेंश्वर सिंह, दाऊद जी, मुक्ता सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# नियमितीकरण को लेकर रोष, सरकार के खिलाफ कैंडल मार्च

■ सात वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा में उपनल कर्मचारी, सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप नियमितीकरण की मांग को लेकर उपनल कर्मचारी संघ हुआ मुखर, आंदोलन की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिले के उपनल कर्मचारियों ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से प्रदेश सरकार के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया। बैठक में कर्मचारियों ने कहा कि सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद उपनल कर्मियों का नियमितीकरण आज तक नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि मार्च 2025 में नियमित.ीकरण का वादा किया गया था, लेकिन वह अब तक केवल घोषणा बनकर रह गया है।

वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता उपनल कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष महेश उनियाल ने की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से 2025 तक लगभग सात वर्षों तक हाईकोर्ट में लंबी कानूनी लड़ाई के बाद भी कर्मचारियों को न्याय नहीं मिल पाया है।

उन्होंने बताया कि सरकार अब सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी को 15 अक्टूबर 2025 को खारिज करवाने के पक्ष में है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार उपनल कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है।

जिला महामंत्री नवीन सिंह ने कहा कि राज्य सरकार पिछले आठ वर्षों में उपनल कर्मचारियों के विरोध में मुकदमों पर लाखों रुपये खर्च कर चुकी है, लेकिन कर्मचारियों की सेवा स्थिति में सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने बताया कि लगातार उपेक्षा से कर्मचारियों में गहरा असंतोष फैल गया है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी उपनल कर्मचारी 15 अक्टूबर को कैंडल मार्च और आक्रोश रैली निकालेंगे।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार 9 नवंबर तक उपनल कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं करती है, तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

वर्चुअल बैठक में जिले के उपनल कर्मचारी हरीश, मनदीप रावत, विक्रम लेखवार, भगवती सेमवाल, धनपाल, जगबीर, शमशाद अली, राजेश कुमार, श्वेता, कविता, सिम्मी राणा, मनोज, विकास और विशन नेगी सहित अनेक कर्मचारी शामिल रहे।

# वन कर्मियों की गश्त बढ़ाने की मांग

**कोटद्वार।** नगर निगम के वार्ड नं. 29 घमंडपुर के पार्षद अमित नेगी ने वन विभाग से क्षेत्र में तेंदुए के भय को देखते हुए वन कर्मियों की गश्त बढ़ाने सहित बंदरों के उत्पात से निजात दिलाने के लिए बंदरों को पकड़ने की मांग की है। इस संबध में उन्होंने बुधवार को प्रभागीय वनाधिकारी व रेंजर को ज्ञापन सौंपा। प्रभागीय वनाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि घमंडपुर सहित अन्य वार्डों में रात को तेंदुए की चहलकदमी नजर आ रही है, कुछ वार्डों में वह मवेशियों का शिकार भी कर चुका है। इसलिए तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने के लिए क्षेत्र में वन कर्मियों की गश्त बढ़ाई जानी चाहिए।

# काजल-कांठ की लकड़ी तस्करों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशीः** डुंडा पुलिस ने 597 नग की खेप के साथ प्रतिबन्धित कांजल कांठ की लकड़ी बरामद कर दो लोगों गिरफ्तार किया है। बुधवार को प्रभारी चौकी डुण्डा प्रकाश राणा एवं डुण्डा पुलिस प्रातः 6:30 बजे डुण्डा बैरियर पर चौकिंग के दौरान वाहन संख्या न्ज्ञ 10ब 1427(यूटिलिटी) को चौक किया गया तो वाहन सवार गोपाल व विजय(चालक) द्वारा कांजल कांठ की प्रतिबन्धित लकडी की तस्करी की जा रही थी। पुलिस द्वारा वाहन उपरोक्त से कांजल कांठ की लकडी के 597 नग बरामद किये गये। पुछताछ करने पर मालूम हुआ कि गोपाल उपरोक्त गंगोरी, अगोडा क्षेत्र के जंगलो से इस प्रतिबन्धित लकड़ी को इकट्ठा कर देहरादून सहारनपुर ले जाने के फिराक में था, जिसे पुलिस द्वारा बैरियर पर पकड लिया गया। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु अभियुक्तों को प्रतिबन्धित लकड़ी के साथ वन विभाग के सुपुर्द किया गया।

बता दें कि कांजल की लकड़ी उच्च हिमालय के आरक्षित वन क्षेत्र में पाई जाती है। कांजल औषधीय दृष्टिकोण से सर्वोत्तम मानी जाती है। इसे बौद्घ सम्प्रदाय के लोग इसके बर्तन (बाउल) बनाकर खाद्य एवं पेय पदार्थो के लिए इस्तेमाल करते हैं। भारत, चीन, तिब्बत, नेपाल आदि देशों में इस लकड़ी की तस्करी कर उच्च कीमतों पर बेचा जाता है।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार ने बताया कि चौकी प्रभारी डंडा प्रकाश राणा के नेतृत्व में प्रति.बंधित लकड़ी की तस्करी में गोपाल बोहरा पुत्र चन्द्र सिंह बोहरा निवासी ग्राम डोली, चोर थाना कंचनपुर, जिला कंचनपुर, महाकाली नेपाल, हॉल मोजांग, त्यूणी देहरादून, उम्र 39 वर्ष, ि व ज य उत्तरकाशी(वाहन चालक), उम्र 35 वर्ष,

पुलिस टीम उ0नि0 प्रकाश राणा, प्रभारी चौकी डुण्डा, कानि0 राजेन्द्र गोस्वामी,कानि0 अनिल नौटियाल मौजूद रहे है।

# आईआईटी रुड़की व मैत्री एक्वाटेक ने जल समाधान को मिलाया हाथ

## राष्ट्रीय एवं वैश्विक सतत जल समाधानों के लिए एक मापनीय मॉडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए भारत के प्रमुख संस्थानों में से एक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) और वायुमंडलीय जल उत्पादन (एडब्ल्यूजी) तकनीक में अग्रणी नवप्रवर्तक मैत्री एक्वाटेक प्राइवेट लिमिटेड ने आज स्थायी जल समाधानों को आगे बढ़ाने में सहयोग हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए, जिससे संस्थान की सामाजिक एवं राष्ट्रीय प्रासंगिकता वाले अनुसंधान के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

यह साझेदारी संयुक्त अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास एवं प्रायोगिक प्रदर्शनों पर केंद्रित होगी, जिसका उद्देश्य सुरक्षित एवं विश्वसनीय पेयजल उपलब्ध कराना है। मैत्री एक्वाटेक, आईआईटी रुड़की के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) व दाता-समर्थित पहलों की भी संभावना तलाशेगी ताकि एडब्लूजी की तैनाती के सामाजिक प्रभाव का विस्तार किया जा सके, खासकर भारत के जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों में। इस सहयोग में अनुसंधान एवं नवाचार को शामिल करने की योजना है, जिसमें विभिन्न जलवायु परिस्थितियों के लिए एडब्लूजी प्रणालियों का अनुकूलन, परिचालन दक्षता के लिए एआई/एमएल एवं पूर्वानुमानात्मक मॉडलिंग का एकीकरण, व उन्नत जल गुणवत्ता विश्लेषण शामिल हैं। यह इंटर्नशिप, कार्यशालाओं, संयुक्त प्रकाशनों तथा सह-पर्यवेक्षण के माध्यम से ज्ञान हस्तांतरण की संभावना पर भी जोर देता है। पायलट परियोजनाओं और प्रदर्शनों में



सजीव प्रतिष्ठानों का लाभ उठाने, एडब्लूजी को प्रकृति-आधारित दृष्टिकोणों के साथ संयोजित करने वाले हाइब्रिड समाधान, और मापनीय, प्रतिकृति योग्य मॉडलों के विकास की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, तकनीकी प्रशिक्षण, संगोष्ठियों एवं स्थिरता-केंद्रित मॉड्यूल के माध्यम से क्षमता निर्माण छात्रों और शोधकर्ताओं को भविष्य के लिए तैयार कौशल से लैस करेगा, जबकि सामाजिक एवं नीतिगत प्रभाव पहल राष्ट्रीय जल लचीलापन रणनीतियों और साक्ष्य-आधारित नीति ढाँचों के साथ संरेखण सुनिश्चित करेंगी। यह सहयोग न केवल स्थायी जल समाधानों में अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाता है, बल्कि ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक एवं शासन) अनुपालन सिद्धांतों के साथ भी संरेखित होता है, जिससे पूरे भारत में समुदायों में एडब्ल्यूजी प्रणालियों की जिम्मेदार और प्रभाव-संचालित तैनाती सुनिश्चित होती है। प्रो. एम. एल. कंसल (डब्ल्यूआरडीएम संकाय, आईआईटी रुड़की) - इस सहयोग के समन्वयक, अनुसंधान एवं क्षेत्र परिनियोजन में तकनीकी मार्गदर्शन एवं अकादमिक निरीक्षण प्रदान करते हैं। इस साझेदारी में नेताओं एवं विशेषज्ञों की एक प्रतिष्ठित टीम शामिल है, जिसमें प्रो. के.के. पंत (निदेशक, आईआईटी रुड़की), प्रो. थंगा राज चेलिया (एचओडी, डब्ल्यूआरडीएम, आईआईटी रुड़की), प्रो. एम.एल. कंसल, प्रोफेसर, डब्ल्यूआरडीएंडएम, प्रो. के.एस. कासिवनाथन, डब्ल्यूआरडीएंडएम, आईआईटी रुड़की, एवं मैत्री एक्वाटेक के उद्योग जगत के नेताओं के साथ-साथ कैप्टन के.के. शर्मा (ईवीपी), पवन बोरले (सह-संस्थापक) शामिल हैं। साथ मिलकर, वे अकादमिक उत्कृष्टता, डोमेन विशेषज्ञता एवं सिद्ध तकनीकी नवाचार को मिलाते हैं ताकि स्केलेबल, टिकाऊ और सामाजिक रूप से प्रभावशाली जल समाधान तैयार किए जा सकें।

आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत ने कहा, ष्यह सहयोग अत्याधुनिक अनुसंधान को समाज के लिए व्यावहारिक समाधानों में बदलने की आईआईटी रुड़की की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपनी अकादमिक विशेषज्ञता को मैत्री एक्वाटेक की तकनीक के साथ जोड़कर, हमारा लक्ष्य जल लचीलापन बढ़ाना और ऐसे स्केलेबल मॉडल बनाना है जिनसे पूरे भारत में समुदायों को लाभ मिल सके। मैत्री एक्वाटेक के कार्यकारी उपाध्यक्ष, कैप्टन के. के. शर्मा ने कहा, ष्आईआईटी रुड़की के साथ साझेदारी हमें अपनी एडब्ल्यूजी तकनीक को शोध-आधारित अंतर्दृष्टि के साथ एकीकृत करने का अवसर प्रदान करती है, जिससे अधिक कुशल, टिकाऊ एवं सामाजिक रूप से प्रभावशाली जल समाधान सुनिश्चित होते हैं। साथ मिलकर, हम आज भारत के सामने मौजूद तात्कालिक जल चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं और वैश्विक स्थिरता लक्ष्यों में योगदान दे सकते हैं।ष

यह पहल भारत के राष्ट्रीय जल मिशन, जल शक्ति अभियान एवं सतत जल प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देने वाले अन्य सरकारी कार्यक्रमों का समर्थन करती है। यह संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी 6: स्वच्छ जल और स्वच्छता; एसडीजी 13: जलवायु कार्रवाई) में भी प्रत्यक्ष योगदान देती है। अत्याधुनिक तकनीक, शैक्षणिक अनुसंधान एवं सामाजिक परिनियोजन को एकीकृत करके, आईआईटी रुड़की एवं मैत्री एक्वाटेक का उद्देश्य वंचित समुदायों तक जल की पहुँच बढ़ाना, नीति अपनाने के लिए अनुकरणीय मॉडल विकसित करना और भारत के जलवायु अनुकूलन एवं प्रौद्योगिकी- आधारित स्थिरता एजेंडे को मजबूत करना है। यह समझौता ज्ञापन आईआईटी रुड़की एवं मैत्री एक्वाटेक को अनुसंधान-आधारित, प्रभाव-संचालित जल नवाचार में अग्रणी स्थान पर रखता है, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को जोड़ता है।

### फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की हिदायत पर

# ड्रग्स इंस्पेक्टर अनीता भारती का मेडिकल स्टोरों पर औचक निरीक्षण जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, उत्तराखंड के अपर आयुक्त की हिदायत के बाद वरिष्ठ ड्रग्स इंस्पेक्टर अनीता भारती लगातार मेडिकल स्टोरों पर अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण कर रही हैं। जिसमें प्रतिबंधित दवाईयों के अलावा कप सिरप के नमूने भी लगातार लिये जा रहे हैं जिससे दवाई कंपनियों व मेडिकल स्टोर स्वामियों में खलबली मची हुइ है।

वरिष्ठ औषद्यी निरीक्षक अनीता भारती शुरू से ही प्रतिबंधित दवाईयों को लेकर कंपनियों व मेडिकल स्टोरों पर निरीक्षण कर



छानबीन करती आ रही है लेकिन अब प्रतिबंधित दवाई व कफ सिरप को लेकर जिस तरह से सरकार ने सख्त कदम उठाने की हिदायत दी है। उसके बाद से अनीता भारती मेडिकल स्टोरों व दवाई कंपनियों का लगातार अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण कर रही हैं।

अनीता भारती का कहना है कि प्रतिष्ठानों भंडारित बच्चों को खांसी व सर्दी जुकाम में दिए जाने वाली दवाओं (सिरप) के क्रय विक्रय पर रोक लगाई गई व प्रतिष्ठानों में भंडारित दवाओं को मौके पर सील कर दिया गया साथ ही उक्त औषधियों का विक्रय नहीं किए जाने हेतु निर्देशित किया गया निरीक्षण कि दौरान यह भी पाया गया की औषधि विक्रेता फर्मों द्वारा स्वत: संज्ञान लिया गया था एवं उक्त औषधियों का विक्रय बंद करते हुए दुकान से हटा दिया गया था जिनको मौके पर टीम द्वारा सील किया गया।

### बीएसएम इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बच्चों के स्वास्थ्य का रख रहा ध्यान : ममतेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता अध्यक्ष बीएसएम शिक्षण संस्थान एव रजनीश कुमार शर्मा सचिव बीएसएम शिक्षण संस्थान वरिष्ठ भाजपा नेता ने बतौर मुख्य अतिथियों ने कहा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर अलग-अलग कार्यक्रम चल रहा है जिसमें मुख्य रूप से एल्बेंडाजोल की गोली का वितरण साल में दो बार किया जाता है और आयरन फोलिक एसिड की गोलियां बच्चों को वितरित की जाती है और समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग की टीम आकर विद्यालय में बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण करती है आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत सभी सरकारी अस्पतालों में बच्चों का इलाज मुफ्त किया जाता है और विद्यालय में बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उत्तम और शुद्ध भोजन बच्चों को भरोसा जाता है। समय-समय पर बच्चों को फल और दूध वितरित किया जाता है। आज मुख्य अतिथियों ने अपने हाथ से बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई और उससे होने वाले लाभ के विषय में बच्चों को विस्तार से बताया अतिथियों ने बच्चों को अपना शुभ आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की सरकार द्वारा चलाई जा रही इन स्वास्थ्य योजनाओं का छात्रों को बहुत लाभ पहुंचता है और जो छात्र निर्धन और गरीब है। विद्यालय की तरफ से उन्हें सरकारी अस्पताल में भेजा जाता है और उनका इलाज मुफ्त होता है। राष्ट्रीय कर्मि मुक्ति दिवस पर छात्रों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाती है जो हमारे पेट में होने वाले कीड़े को खत्म कर देती है इससे बच्चे का पेट और स्वास्थ्य ठीक रहता है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आभार व्यक्त किया और छात्रों को अपना शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अमित कपिल परीक्षा प्रभारी डॉक्टर अभय ढोडियाल डा उडयन राजपूत विकास गौतम नीरज वर्मा अखिलेश मोहन द्वितीय पाली प्रभारी डीएन पांडे प्रमोद शर्मा विनय वर्मा पवन कपिल नोडल अधिकारी विशाल शर्मा मोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# हज ट्रेनरों के ऑनलाइन आवेदन 7 से 20 अक्टूबर तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखंड राज्य हज समिति के ईओ मोहम्मद आरिफ ने बताया कि हज यात्रा 2026 के लिए हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई सर्कुलर में कहा कि हज यात्रा के लिए चयनित हज यात्रियों को प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनरों के ऑनलाइन आवेदन करने के लिए 7 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक की तिथि निधारित की गई हैं।जिसके लिए आवेदक को हज एवं उमरा किया होना अनिवार्य होना चाहिए। गत 5 साल के अंतराल हज किए हुए आवेदकों को वरीयता दी जाएगी। आवेदक की आयु 25 से 60 वर्ष बीच होनी चाहिए।आवेदक की शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट या उसके समकक्ष होनी चाहिए।आवेदक को हिंदी उर्दू ,अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा का पूरा ज्ञान होना चाहिए।साथ ही आवेदक कम्प्यूटर व हज सुविधा एप से परिचित होना चाहिए।इच्छुक आवेदक सर्कुलर में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करने के बाद किए गए ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी और एक एक फोटो तथा अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों की कॉपी 20 अक्टूबर तक उत्तराखंड हज समिति के कार्यालय पिरान कलियर में जमा करा दे। 8 नवंबर को आवेदकों का कम्प्यूटर बेस टेस्ट होना प्रस्तावित है।

# स.अध्यापिका के पिता की दबंगई बेटी को नहीं भेज रहे आंगनवाड़ी केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की ब्लॉक के झबरेडी खुर्द गांव में एक आंगनबाड़ी केंद्र पर नवनियुक्त सहायिका के पिता की दबंगई का मामला सामने आया है।सहायिका के पिता अपनी बेटी को आंगनबाड़ी केंद्र पर भेजना नहीं चाहते हैं।क्योंकि सहायिका के घर से चंद कदमों की दूरी पर ही गांव के बाहर रोड पर स्थित एक बारात घर मैं यह आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है।जबकि इस बारात घर में यह आंगनबाड़ी केंद्र चलते लगभग 18 साल हो चुके है।

मामला रुड़की ब्लॉक के झबरेड़ी खुर्द गांव में एक आंगनवाड़ी केंद्र बारात घर में संचालित हो रहा है। इस केंद्र पर केवल एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री कार्य कर रही है।अभी हाल ही में जून माह में सहायिका के पद पर गांव की ही प्रीति पुत्री जसपाल का चयन इस केंद्र पर हुआ है। लेकिन बीते 19 सितंबर से सहायिका प्रीति केंद्र अनुपस्थित चल रही है इस संबंध में जब इस केंद्र के आंगनवाड़ी कार्यकत्री संजू देवी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सहायिका प्रीति के पिता जसपाल अपनी बेटी को केंद्र पर भेजने से मना कर रहे हैं और वह छोटे बच्चों को भी आंगनबाड़ी केंद्र पर आने जाने से डरा धमका रहे हैं और वह दबाव बना रहे हैं कि यह केंद्र घर से दूर रोड पर पड़ता है और जबरदस्ती इस आंगनवाड़ी केंद्र को घर के पास स्थित रविदास मंदिर पर चलाने का दबाव बना रहे हैं। जबकि सरकारी आदेशों के अनुसार धार्मिक स्थल पर आंगनवाड़ी केंद्र नहीं चलाया जा



सकता है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री संजू देवी ने बताया कि उनके पति कई सालों से पैरालाइज बीमारी से ग्रसित है और उक्त सहायिका के पिता ने बीते माह की 19 तारीख को आंगनबाड़ी केंद्र पर मेरे साथ गाली गलौज करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र को बंद कराया और बच्चों को डराते हुए घर वापस भेज दिया जिसकी मेरे द्वारा वीडियो बनाई गई है। जिसकी मेरे द्वारा झबरेडा थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी।उस दिन से आज तक भी नव नियुक्त सहायिका का ना तो मेरे पास कोई फोन आया और ना ही कोई मैसेज आया।और वह लगातार अपने केंद्र से अनुपस्थित चल रही है। आंगनबाडी कार्यकत्रियों ने बताया कि इसकी सूचना मेरे द्वारा सुपरवाइजर और सीडीपीओ रुड़की प्रथम को भी दे दी गई है लेकिन अभी तक भी इस मामले पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है इस संबंध में जब सीडीपीओ रुड़की प्रथम देव सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूरा मामला हमारे संज्ञान में है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि अगर सहायिका अनुपस्थित चल रही है तो उसे सरकार की तरफ से कोई भी मानदेय नहीं दिया जाएगा और उसकी सैलरी भी रोक दी जाएगी। खैर अभी देखने वाली बात यह होगी कि उक्त मामले को बाल विकास विभाग कितनी गंभीरता से लेता है।

# उत्तराखंड किसान मोर्चा की महापंचायत, बदला रूट प्लान

**रुड़की।** नगर में नौ अक्टूबर को उत्तराखंड किसान किसान मोर्चा द्वारा प्रस्तावित महापंचायत के दृष्टिगत पुलिस ने यातायात प्लान तैयार किया है। इसलिए कल गुरुवार को अगर आप शहर में कहीं जा रहे हैं तो उसके लिए यह रूट प्लान पढ़ लेना जरूरी है। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर उत्तराखंड किसान मोर्चा पिछले डेढ़ महीने से तहसील में धरने पर है।मोर्चा द्वारा कल गुरुवार नौ अक्टूबर को एसडीएम चौक के पास महापंचायत का ऐलान किया है,जिसमें हजारों लोग शामिल रहेंगे। महापंचायत के दृष्टिगत् समय सुबह ग्यारह बजे से लगभग शाम चार बजे तक यातयात व्यवस्था हेतु निम्न प्रकार रूट प्लान रहेगा:-1. हरिद्वार, बेलडा, मलकपुर चुंगी से मिलीट्री चौक की तरफ जाने वाले छोटे वाहनो को प्रेममन्दिर पटियाला लस्सी चौक-नया पुल से रूडकी हेतु डायवर्ट किया जायेगा।

# 05 लीटर अवैध शराब के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार के निर्देशों के अनुपालन में, कोतवाली लक्सर पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के अपने अभियान में आज एक और सफलता हासिल की है।

लक्सर पुलिस की लगातार सतर्कता और सक्रियता के चलते, थाना क्षेत्र में सक्रिय अलग-अलग पुलिस टीमों ने एक शराब तस्कर को 05 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जयदीप पुत्र भोपाल सिंह, निवासी ग्राम दरगाहपुर, थाना कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार (उम्र-36 वर्ष) के रूप में हुई है।अवैध शराब की तस्करी के आरोप में पकड़े गए इस व्यक्ति के विरुद्ध कोतवाली लक्सर में आबकारी अधिनियम की धारा60केतहतमु0अ0स0-972/25 पंजीकृत किया गया है। पुलिस अब अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करेगी।पुलिस टीमइस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 नीरज रावत, कानि0 महेन्द्र सिंह, और कानि0 राजेन्द्र बिष्ट शामिल थे। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# धन की फसल गिरने से किसानों को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** बारिश के बाद हवा चलने से धान की तैयार खड़ी फसल गिरने से किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों ने सरकार से सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है। झबरेड़ा, लखनौता और इकबालपुर क्षेत्र में धान की देरी से पकने वाली फसल की अभी कटाई नहीं हुई है। कटाई के लिए फसल लगभग तैयार खड़ी है लेकिन बेमौसमी बारिश ने इसे नुकसान पहुंचाया है। बारिश के बाद हवा चलने से पकी हुई फसल जमींदोज हो गई है। खासकर धान की शरबती प्रजाति को ज्यादा नुकसान पहुंचा है। किसान राजपाल सिंह, संजय व बिजेंद्र आदि ने बताया कि धान की तैयार खड़ी फसल बारिश में हवा चलने से जमीन पर गिर गई हैं। खेतों में बारिश पानी भरने से धान की बालियां पानी में डूब गई हैं जिससे किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसान की खराब हुई फसल का सर्वे कराकर सरकार को मुआवजा देना चाहिए।

# ऑपरेशन लगाम के तहत पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एसएसपी हरिद्वार के निर्देशानुसार और मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन लगाम के तहत, लक्सर पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन लगाम के तहत यह कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी। जानकारी के अनुसार ऑपरेशन लगाम के तहत, लक्सर पुलिस ने आज अलग-अलग क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य ओवर स्पीड, रैश ड्राइविंग, मोबाइल का प्रयोग करते हुए वाहन चलाना, नशे में वाहन चलाना, मॉडिफाइड/रेट्रो साइलेंसर का उपयोग, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना, ओवर लोडिंग, ट्रिपल राइडिंग आदि यातायात उल्लंघनों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाना था।इस चेकिंग के दौरान, लक्सर पुलिस ने एक व्यक्ति को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाया, जिसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार और सीज वाहन का विवरण -गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान नितिन पुत्र धर्मवीर, निवासी कुआखेडा, थाना कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार (उम्र 19 वर्ष) के रूप में हुई है।पंजीकृत कार्यवाही: अभियुक्त के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) की धारा 185/207 के तहत चालान किया गया है।

### नारसन में डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविर

# धामी सरकार गांव-गांव चली गरीब के द्वार : देशराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** देशराज कर्णवाल उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति, उत्तराखंड सरकार राज्य मंत्री स्तर के नेतृत्व में ष्बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविरष का ब्लॉक नारसन के 3 गांवो में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे शिविर के दौरान कुल 103 शिकायत इस प्रकार प्राप्त हुई है-1. कुरड़ी- 40 2. झबीरन जट-34 3. नगला एमाद-29 प्राप्त हुई शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान करना तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना था। शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों ने सैकड़ो सैकड़ो की संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपनी समस्याएं संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। इनमें कई समस्या एक जैसी थी समस्याओं का समाधान शिविर स्थल पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया, जबकि कुछ जिला स्तर की समस्याएं थीं जिन्हें समाधान हेतु जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित किया जाएगा। कुरडी गांव में मौके पर राजस्व टीम को बुलाकर लंबित चले आ रहे पैमाइश प्रकरण को हल करने का सफल प्रयास किया। इस अवसर पर देशराज कर्णवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार



की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके लिए विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर में सभी संबंधित रेखीय विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण, ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्यगण एवं सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# लापता बच्ची को पुलिस ने4 घंटे में ही बरामद कर परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई 4 साल की बच्ची को पुलिस ने बरामद कर परिजनों के सपुर्द किया।पुलिस अपहरण का मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश कर रही थी।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया मुरादाबाद के थाना कांठ ईदगाह नई बस्ती निवासी गुलशन अपनी मां आमना और 4 साल की बेटी साबरीन के साथ करीब एक माह पहले दरगाह साबिर पाक की जियारत के लिए आई थी। मंगलवार सुबह करीब दस बजे बच्ची अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी।परिजनों ने उसकी तलाश की और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बच्ची की नानी आमना की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया था।साथ ही सीसीटीवी कैमरे आदि खंगालने के साथ आसपास भी बच्ची की तलाश में लगी हुई थी। इसी दौरान एक महिला बच्ची को उसके पास होने की सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्ची के बारे में महिला से जानकारी की।महिला ने पुलिस




को बताया कि बच्ची दरगाह क्षेत्र में लवारिस घूमती मिली तो वह बच्ची को अकेले देख अपने साथ ले आई थी। पुलिस ने बच्ची को परिजनों के सपुर्द कर दिया।परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।टीम में थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार, एसएसआई बबलू चौहान, एसआई विशाखा असवाल, जमशेद अली,रविंद्र बालियान,सोनू चौधरी, भादुराम, तेजपाल सिंह शामिल रहें।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025

# यह स्मार्ट तरीका नहीं

हालांकि राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने उनसे मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछी। श्रीमती अंगमो की यह मुलाकात उच्चतम न्यायालय के श्री वांगचुक की तत्काल रिहाई की मांग वाली उनकी याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी करने के एक दिन बाद हुई। इस मुलाकात के दौरान उनके साथ वकील रीतम खरे भी थे, लेकिन इसी बीच जानकारों ने कहा कि सुशासन और लोकतंत्र का आधार यह है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसलों के हल के लिए पर्याप्त लचीलापन और साधन प्रदान करता है। शासन में ज्यादा स्वायत्तता की वैध मांग के रूप में शुरू हुई समस्या से निपटने का स्मार्ट तरीका यह नहीं है कि शांतिपूर्ण ढंग से असहमति दिखानेवालों की एहतियाती हिरासत की इजाजत देने वाले कानूनों का दुरुपयोग किया जाए, बल्कि यह है कि इसके निवारण का रास्ता खोजा जाए। इसका यह मतलब नहीं है कि लद्दाख में राज्य के दर्जे और छठवीं अनुसूची के लिए प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और आगजनी में संलिप्त रहे लोगों को कानून से बच निकलने दिया जाए। इसके बावजूद, इन प्रदर्शनों की प्रतिक्रिया में जलवायु एक्टिविस्ट और समाज सुधारक सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत गलत है। वांगचुक लद्दाख की वैध लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के निरंतर और शांतिपूर्ण पैरोकार रहे हैं। पूरे लेह और कारगिल जिलों, साथ ही तमाम धार्मिक, जातीय (एथनिक) और राजनीतिक पहचानों ने इन आकांक्षाओं के साथ जुड़ाव दिखाया है। लद्दाख की पर्यावरणीय और आजी.विका-संबंधी चिंताओं से निपटने की खातिर विधायिका के लिए सतत आंदोलन के साथ, उनके द्वारा अहिंसक असहमति का सहारा लेना, आजादी के आंदोलन के दौरान और उसके बाद स्थापित भारतीय राजनीति के ऐतिहासिक मिजाज के अनुरूप है। भारतीय राज्य की सुरक्षा को उत्पन्न खतरे का मुकाबला करने के लिए बने कानून का इस्तेमाल शांतिपूर्ण ढंग से असहम.ति जताने वाले व्यक्ति के खिलाफ करना, लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के लिए समस्याजनक असहिष्णुता को सामने लाता है। हालिया फैसलों में, सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि कानून और व्यवस्था के मसले और लोक व्यवस्था के लिए खतरे के बीच साफ-साफ अंतर किया जाना चाहिए। एनएसए लोक व्यवस्था के लिए है, जिसके दायरे में वो कृत्य आते हैं जो समुदाय की समरसता में खलल डालते हैं। ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे वांगचुक के एक्टिविज्म के इस मापदंड तक पहुंचने का पता चलता हो। ऐसा लगता है कि केंद्र अपने दिमाग का इस्तेमाल करने और यह दिखाने के लिए कि उनकी कार्रवाइयां ह्लोक व्यवस्था के लिए सचमुच खतरा थीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपेक्षित आवश्यक व्यक्तिपरक संतुष्टि तक पहुंचने में नाकाम रहा। केंद्र की प्रतिक्रिया ने साफ तौर पर, असहमति को राजद्रोह जैसे कृत्यों से जोड़ने की कोशिश की है। वांगचुक का मामला इकलौता नहीं है, अतीत में असहमति का गला घोंटने और सामान्य प्रक्रिया को दरकिनार करने के लिए इसी तरह के कानूनों का इस्तेमाल किया गया, जैसा कि भूतपूर्व जम्मू एवं कश्मीर के विशेष दर्जे के समापन के बाद कश्मीरी राजनीतिज्ञों की हिरासत के मामले में देखा गया।

## आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त



2027 में सपा सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी, कोई कल्पना कर सकता है कि सुप्रीम कोर्ट में जज साहब के ऊपर जूता फेंका गया हो या जूता निकल गया हो, आज मैं आजम खान साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे, आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं, आजम खान पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे, आजम खान यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं, जो यूनिवर्सिटी को बर्बाद कर रहे हैं, वह समाज में हर चीज को बर्बाद कर रहे हैं, 2027 में भारतीय जनता पार्टी को जनता हटाने जा रही है, 2027 में जनता आगे होगी भारतीय जनता पार्टी पीछे दिखाई देगी।

**अखिलेश यादव**
**सपा अध्यक्ष**

# जल संकट का विज्ञान और समाधानः रुड़की से उठी वैश्विक आहट

## जलवायु परिवर्तन के दौरे में जल प्रबंधन ही मानवता की सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है





मौ. फहीम (तन्हा)

पानी-धरती पर जीवन की पहली और सबसे स्थाई शर्त पर आज यही पानी हमारी सभ्यता के लिए सबसे गंभीर संकट बनता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और असंतुलित विकास ने वह परिस्थिति पैदा कर दी है जहां जल ही जीवन नहीं, संघर्ष का कारण भी बन चुका है। ऐसे दौर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जल विज्ञान संघकी बारहवीं वैज्ञानिक सभा केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि एक चेतावनी और अवसर, दोनों का प्रतीक है।

### ज्ञान का संगम और संवाद की आवश्यकता

इस वैश्विक सभा में 49 देशों के 627 वैज्ञानिक और नीति निर्माता एक मंच पर जुटे। 682 से अधिक शोध प्रस्तुतियां इस बात का प्रमाण हैं कि विज्ञान जल संकट को केवल 'प्रकृति की समस्या' नहीं, बल्कि 'मानव-निर्मित चुनौती' के रूप में समझने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन का यह कथन कि 'जल विज्ञान जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण की आधारशिला है' दरअसल इस सम्मेलन का सार है। आईआईटी रुड़की जैसे संस्थान जब वैज्ञानिक शोध को नीति और समाज से जोड़ते हैं, तब ज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह जनजीवन की दिशा बदलने की क्षमता रखता है।

### वैश्विक संकट, स्थानीय प्रभाव

संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम **World Water Development Report** के अनुसार, दुनिया की करीब 40 प्रतिशत आबादी जल तनाव (**Water Stress**) का सामना कर रही है।

2050 तक वैश्विक जल मांग में 20.30 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जबकि जल स्रोत सिकुड़ रहे हैं। भारत में ही प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1951 में जहां 5177 घन मीटर थी, वह अब घटकर 1486 घन मीटर रह गई है। जो जल संकट के गंभीर स्तर का संकेत है।

हिमालई क्षेत्र-जहां से भारत की अधिकांश नदियां निकलती हैं, जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। ग्लेशियरों का पिघलना, असमान वर्षा और चरम मौसमी घटनाएं आने वाले दशकों में गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन के जल संतुलन को अस्थिर कर सकती हैं। ऐसे में रुड़की जैसे संस्थानों की भूमिका केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और मानवीय दोनों है।

### विज्ञान से नीति तकः सेतु की दरकार

यह सच है कि जलवायु परिवर्तन की चर्चा हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर होती है, लेकिन 'जल प्रबंधन' अक्सर उन विमर्शों में पीछे रह जाता है। विज्ञान बताता है कि जलवायु परिवर्तन का पहला और सबसे प्रत्यक्ष असर 'जल चक्र' पर पड़ता है। वर्षा के पैटर्न, भूजल पुनर्भरण, नदी प्रवाह और बाढ़-सूखे के चक्र में। ऐसे में आवश्यकता है कि वैज्ञानिक डेटा, स्थानीय अनुभव और नीति निर्णय एक-दूसरे के पूरक बनें।

आईआईटी रुड़की में हुई यह सभा इसी दिशा में उठाया गया कदम है। जहां जल वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और सामाजिक संगठनों ने मिलकर 'विज्ञान से व्यवहार तक' के मॉडल पर चर्चा की। यह वह सेतु है जो शोध को नीति में और नीति को जमीन पर उतारने में मदद करता है।

### भारत की भूमिकाः नेतृत्व और जिम्मेदारी

भारत अब केवल जलवायु परिवर्तन से प्रभावित देश नहीं रहाय वह एक 'जल नीति मॉडल' पेश करने की स्थिति में है। गंगा स्वच्छता अभियान, अटल भूजल योजना, अमृत मिशन और राष्ट्रीय जल मिशन जैसे कार्यक्रमों ने यह दिखाया है कि सरकारी इच्छाशक्ति और वैज्ञानिक सहयोग साथ मिलें तो परिवर्तन संभव है। परंतु इन योजनाओं की स्थिरता तभी सुनिश्चित होगी जब वे समुदाय-केंद्रित हों। जल का विज्ञान केवल पाइपलाइन या जलाशय नहीं, बल्कि मानव आचरण का विज्ञान भी है।

### भविष्य की दिशाः लचीलापन और साझेदारी

आईआईटी रुड़की में आयोजित यह सम्मेलन इस विश्वास को मजबूत करता है कि विज्ञान में सहयोग ही भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। जब 49 देशों के वैज्ञानिक एक साथ यह सोचते हैं कि पानी को बचाने के लिए कैसे विज्ञान, तकनीक और नीति एक-दूसरे के साथ कदमताल करें, तो यह केवल सम्मेलन नहीं, बल्कि वैश्विक उम्मीद की शुरुआत है।जैसा कि आईआईटी रुड़की के निद.ेशक प्रो. के.के. पंत ने कहाः यह सभा नए विचारों, दीर्घकालिक साझेदारियों और परिवर्तनकारी नवाच.ारों को प्रेरित करेगी। यह वाक्य उस दिशा की ओर इशारा करता है जहां 'जल नीति' और 'जल विज्ञान' एक-दूसरे के पर्याय बन जाएं।

### निष्कर्षः अब समय जल संरक्षण का ही नहीं बल्कि सभ्यता निर्माण का है

दुनिया में आने वाले वर्षों में युद्धों का कारण शायद विचारधारा नहीं, जल की उपलब्धता होगी। ऐसे में भारत जैसे देश, जिनके पास वैज्ञानिक संसाधन और सामाजिक दृष्टि दोनों हैं, उन्हें विश्व समुदाय के लिए 'जल शांति' के मॉडल प्रस्तुत करने होंगे। रुड़की से उठी यह आवाज दरअसल एक वैश्विक चेतावनी है कि, अब समय केवल जल संरक्षण का नहीं, बल्कि जल-संवेदनशील सभ्यता निर्माण का है।

# मन की बात बोल देने वाला यंत्र...

*इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी-यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है, लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे, शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया, ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है*



हम मन ही मन कई बातें सोचते हैं लेकिन वे किसी को सुनाई नहीं पड़ती। क्या हो यदि मन की इन बातों को बाहर सुना जा सके? और हाल ही में सेल पत्रिका में प्रकाशित एक शोध पत्र में इसी करिश्मे का उल्लेख किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क में लगाए गए इम्प्लांट्स और डैटा विश्लेषण की मदद से चार लोगों की मन की बातों से सम्बंधित तंत्रिका संकेतों को अलग करने की जुगाड़ जमाई है। ये चारों व्यक्ति गति सम्बंधी दिक्कतों से पीड़ित थे जो उनकी बोलने की क्षमता को बाधित कर रही थी। शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस स्थापित किया जो उनके मन की बातों को वाणी दे सकता है। आप देख ही सकते हैं कि इसकी अपनी समस्याएं हैं-यह तकनीक किसी व्यक्ति के ऐसे विचारों को भी मुखर कर सकती है जो वह मन में ही रखना चाहे।

दरअसल शोध पत्र में इस बात को समझने की को.शिश हुई है कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजीनियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ महीने पहले कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक यंत्र प्रस्तुत किया था जो एमायोट्रॉफिक लेटरल स्क्लेरोसिस (एएलएस) से पीड़ित एक व्यक्ति के दिमाग के मोटर कॉर्टेक्स में लगे इलेक्ट्रोड्स के संकेतों से शब्दों का सटीक व त्वरित पुनर्निर्माण कर सकता था।

इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी-यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है। लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है।

हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे। शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया। ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है। शोधकर्ताओं ने दो स्थितियों के रिकॉर्डिंग की तुलना की-एक तब जब सहभागी शब्दों को जोर से बोलने का प्रयास कर रहे थे और दूसरी तब जब वे मन ही मन वे शब्द सोच रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन दोनों स्थितियों (बोलने का प्रयास और मन में सोचना यानी अंदरुनी वाणी) में इसी क्षेत्र की तंत्रिकाएं सक्रिय हुईं। अंदरुनी वार्तालाप पर ध्यान केंद्रित करके कुंज व साथियों ने एक एल्गोरिद्म विकसित किया जो इन संकेतों को ध्वनि में बदल सकता था। अब बारी आई इस मॉडल को प्रशिक्षित करने की। टीम ने सहभागियों से कहा कि वे सवा लाख शब्दों की एक सूची के शब्दों को मन ही मन बोलें और उनकी तंत्रिका गतिविधि को रिकॉर्ड कर लिया। फिर सहभागियों से कहा गया कि वे उन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कुछ पूरे-पूरे वाक्य बोलने की कल्पना करें। परिणाम यह रहा कि उनका मॉडल अंदरुनी वार्तालाप को तत्काल वाक्यों में बदल सका। इसमें गलती होने की दर 26 से 54 प्रतिशत रही जो आज तक के प्रयासों में सबसे बेहतर है। हालांकि गलती की दर काफी अधिक है, लेकिन यह अध्ययन मनोगत वार्तालाप की अच्छी छानबीन है। वैसे इस तरह के अध्ययनों के साथ एक समस्या निजता सम्बंधी भी है। कहीं ऐसा न हो कि वाणी-बाधित लोगों के सारे विचार खुलकर उजागर होने लगें। एक विचार तो यह है कि सारे मनोगत विचारों को नहीं बल्कि सिर्फ उन विचारों को एल्गोरिद्म तक पहुंचने दिया जाए, जिन्हें बोलने की कोशिश वह व्यक्ति कर रहा हो। दूसरा विचार है कि कोई ऐसा पासवर्ड हो जो वह व्यक्ति सोचे तभी विचारों को ध्वनि में तबदील किया जाए। एक व्यक्ति के मामले में यह पासवर्ड वाली व्यवस्था 99 प्रतिशत बार कारगर रही। मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस के विकास के साथ ऐसी व्यवस्थाएं निजता को सुरक्षित रखने के लिए अधिका.धिक जरूरी होती जा रही हैं।

(स्रोत फीचर्स)

# करवाचौथ पर हर्बल प्रसाधनों से दें अपने चेहरे को चांद सा निखार



शहनाज हुसैन



करवा चौथ सभी विवाहित महिलाओं के सौंदर्य से सीधे तौर से जुड़ा है। इस विशेष उत्सव पर सुहागन महिलाएं सज धज कर पति की आरती उतार कर उनकी मंगल कामना करते हुए सूर्योदय से चंदर्योदय तक ब्रत रख कर उनके लम्बे स्वास्थ्य जीवन की कामना करती हैं। करवा चौथ के पवित्र दिन सभी बिबाहित महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी, बिन्दी तथा पूरे श्रृंगार के साथ दिन भर अपने जीवन साथी की लम्बी उम्र तथा सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए निर्जल व्रत तथा पूजा करती हैं। इस तयौहार में महिलाएं पुरे उत्साह से संजने संबरने के बाद अपने पति के लम्बी उम्र तथा स्वस्थ्य के लिए पुरे बिधि बिधानों के साथ ब्रत और पूजा करती हैं।

इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं। इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है। हालांकि आजकल महिलाओं में सजने संव.रने में ब्यूटी पार्लर और मॉल का प्रचलन शुरू हो गया है लेकिन अगर आप सचमुच सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो ब्यूटी पार्लर के महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू हर्बल प्रसाधनों के उपयोग से आप हुसन की मलिका बन सकती हैं तथा आप दमकी दमकी नजर आएंगी चाहे मौसम का मिजाज कूछ भी हो। करवा चौथ से पहले हाथों तथा पावों की सुंदरता पर फोक्स करने के बाद मेहंदी लगाएं। मेहंदी लगाने के दो घंटे बाद नीम्बू और चीनी के मिश्रण से इसे हटा दें। आप अपनी त्वचा को साफ करके उस पर सनस्क्रीन तथा माइस्चराइजर का प्रयोग कीजिए तैलीय त्वचा के लिए एस्ट्रीजन्ट लोशन का प्रयोग करने के बाद पाऊडर लगाऐ। तैलीय त्वचा के लिए ज्यादा पाऊडर का प्रयोग मत करें तथा चेहरे के तैलीय भागों पर ही ध्यान दे। पूरे चेहरे तथा गर्दन पर हल्की गीली स्पंज से पाऊडर का प्रयोग करें। इससे चेहरे का सौंदर्य लम्बे समय तक बना रहता है। दो चम्मच गेहूं चोकर, एक चम्मच बादाम तेल, दही, शहद और गुलाब जल का पेस्ट बना कर इसे चेहरे पर लगा कर 20 मिनट बाद धोने से चेहरे की सुन्दरता निखर जाती है तथा चेहरा खिला खिला रहता है। अगर आप फाउंडेशन का प्रयोग करना चाहती है तो केवल जल आधरित फांउडेशन का ही प्रयोग करें तथा हल्के कवरेज के लिए एक या दो बूंद पानी प्रयोग में ला सकती है। फाउंडेंशन जितना भी सम्भव है आपकी त्वचा के रंग से मेल जोल खाती होनी चाहिए तथा उसके बाद पाऊडर का उपयोग करें। चेहरे पर प्रकृति आभा के लिए अच्छी तरह ब्लैड करके गालों को ब्लशर से चमकाए। आंखों की सुन्दरता के लिए अपनी पलकों को पेंसिल या काजल से चमकाऐं। आंखों पर कोमल प्रभाव के लिए पलकों पर भूरी या स्लेटी आई शैडों का प्रयोग करें तथा इसके बाद मस्कारा का प्रयोग करें जिससे आंखों पर चमक आ जाएगी तथा मेकअप में भारीपन की दिखावट भी नहीं होगी। मस्कारा को एक भारी मुलम्मे की बजाय दो हल्की तहों में करना चाहिए। पहला कोट करने के बाद इसे सूखने दें तथा इसे कंघी या ब्रश कर लें। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। लिपस्टिक की सुन्दरता के लिए घने गहरे रंगों का उपयोग न करें क्योंकि चमकीली लाईट में यह ज्यादा गहरे दिखाई देते हैं जिससे आपकी आभा पर विपरित असर दिखाई देता है। सौंदर्य पर चार चांद लगाने के लिए गुलाबी, ताम्रवर्णी, कांस्यवर्णी रंगों का प्रयोग करें। नारंगी रंग या नारंगी शेड का प्रयोग फैशन का नया प्रचलन है। विकल्प के तौर पर आप हल्के बैंगनी तथा गुलाबी रंगों का प्रयोग भी कर सकती है लेकिन यह सभी रंग अत्याध्कि चमकीले नहीं होने चाहिए।

*इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं, इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है।*

बिन्दी करवा चौथ के सौन्दर्य का अभिन्न अंग मानी जाती है। अपनी पोशाक से मिलती जुलतें रंग की सजावटी बिन्दी का प्रयोग करें। छोटे चमकीले रत्नों से जडित बिन्दी काफी आर्कषक लगती है। अपने सौन्दर्य में इत्रा लगाना कभी न भूलें क्योंकि यह सोने पर सुहागें का काम करता है उचित जीवनशैली अपनाने से चहेरे पर चमक तथा उत्साह की झलक मिलती है। तेजस्वी आभा के लिए उचित पोषाहार, व्यायाम पर्याप्त नींद, तथा विश्राम अत्यन्त आवश्यक है। त्यौहार से पहले हल्का व्यायाम तथा पैदल चलने की आदत डालनी चाहिए। पैदल चलना शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य दोनों के लिए अत्यन्त लाभकारी साबित होता है। मन की शान्ति तथा स्वास्थ्य के लिए लम्बी गहरी सांसे सबसे ज्यादा लाभप्रद मानी जाती है। करवाचौथ के त्यौहार के दिन नई दुल्हनें तथा युवा महिलाएं दुल्हनों जैसी पोशाक पहनना पसन्द करती है जिससे उन्हें दुल्हन जैसा अहसास प्रदान होने का दुबारा अवसर मिलता है। आज के दौर में परम्पारिक लाल रंग के साथ-साथ गहरा गुलाबी रंग, हल्का गुलाबी रंग, हल्का नीला रंग, फिरोजी नीला रंग, हल्का बैंगनी रंग, स्ट्राबैरी, कांस्य, जामुनी रंग भी काफी आकर्षक तथा लोकप्रिय माने जाते है। युवा महिलाओं में दो रंगों का मिश्रण भी काफी लोकप्रिय माना जाता है।

ड्रैस के तौर पर लैहंगा चोली काफी लोकप्रिय हैं या महिलाएं घने अलंकृत कुर्ते के साथ सलवार-कुर्ते का प्रयोग भी कर सकती है। साड़ी के परम्पारिक तरीके से पहनने की बजाय इस तरीके से पहनना चाहिए ताकि सजावटी चोली तथा सघन आंचल की खूबसूरती साफ तौर पर झलकती रहे। सिली हुई साड़ियों का नया ट्रैंड चल पड़ा है जिसे आच्छादित नहीं करना पड़ता। करवाचौथ में विवाह की तरह विभिन्न आर्कषक पौशाकें पहनी जा सकती है। इस त्यौहार में जरदोजी, जाली क्रेप तथा पतली रेशमी कपड़े वाली पौशाकों को उपयोग में लाया जा सकता है। इस त्यौहार में हीरे सहित सफेद या रंगीन रत्नों से जडित आभूषण प्रयोग में लाए जाते हैं। परम्परा पौशाक में आभूषण भी परम्परागत आकर्षक दिखाई देने चाहिए।

### रूसी तेल खरीद पर बोले ट्रम्प के व्यापार सलाहकार

# भारत अपने फैसले खुद लेता है, हम निर्देश नहीं दे सकते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और राष्ट्रपति ट्रम्प के व्यापार सलाहकार जैमीसन ग्रीर ने कहा कि भारत अपने फैसले खुद लेता और अमेरिका दूसरे देशों को यह निर्देश नहीं दे रहा है कि वे किसके साथ संबंध रखें।

न्यूयार्क के इकोनामिक क्लब द्वारा आयोजित एक बातचीत के दौरान ग्रीर ने कहा कि भारत ने हमेशा इतना रूसी तेल नहीं खरीदा है। रूस के साथ उनके हमेशा मजबूत संबंध रहे हैं, लेकिन पिछले दो या तीन वर्षों में उन्होंने न केवल उपभोग के लिए, बल्कि रिफाइनिंग और बेचने के लिए भी रूस से कम कीमत पर तेल खरीदना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा खरीद में विविधता लाने लगा है। जैमीसन ग्रीर ने कहा कि ऐसा नहीं है कि रूसी तेल भारतीय अर्थव्यवस्था का कोई आधार है। हमारा मानना है कि वे अपनी तेल खरीद में विविधता ला सकते हैं और उन्हें ऐसा करना चाहिए। सच कहूं तो, मैं पहले से ही देख सकता हूं कि उन्होंने अपनी तेल खरीद में विविधता लानी शुरू कर दी है। मुझे लगता है कि वे इसे समझते हैं।

ग्रीर ने आगे कहा कि जाहिर है कि वे (भारत) एक संप्रभु देश हैं। वे अपने फैसलों को नियंत्रित करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ भी शामिल है। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि रूसी तेल खरीदकर चीन और भारत यूक्रेन युद्ध को फंड किया जा रहा है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ के असर के बारे में पूछे जाने पर ग्रीर ने कहा कि भारत पर ए शुल्क कुछ हफ्तों से लागू हैं। जैमीसन ग्रीर ने कहा, श्भारत एक ऐसा देश है, जिससे हम 40 अरब अमेरिकी डॉलर का सामान ज्यादा खरीदते हैं। इसलिए उनका अमेरिका के साथ पहले से ही एक बेहतरीन समझौता है। जितना हम उन्हें बेचते हैं, वे उससे कहीं ज्यादा बेचते हैं। ऐसे में भारत व्यवहारिक रुख अपना रहा है।श ग्रीर ने जोर देकर कहा कि ट्रम्प रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि व्लादिमीर पुतिन पर जितना हो सके उतना दबाव पड़े। हमने अपने यूरोपीय सहयोगियों से भी बात की है, जिनमें से कुछ आज भी रूसी तेल खरीद रहे हैं, जो कि एक अजीब बात है। इसलिए हम इस बारे में सिर्फ भारतीयों से ही बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि हमने चीनियों से भी बात की है। हमें बस इस युद्ध को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, और अगर युद्ध समाप्त हो जाता है, तो स्थिरता आएगी, तो आप रूसी तेल के बारे में फिर से बातचीत कर सकते हैं।

## गूगल को झटका, सुप्रीम कोर्ट का पुराना आदेश बरकरार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक साल पुराने उस आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसके तहत गूगल को अपने एंड्राइड एप स्टोर में बड़े बदलाव करने थे। इससे कंपनी को शीघ्र ही प्ले स्टोर में सुधार लागू करना होगा, जो अमेरिका में अधिकांश गैर-एपल स्मार्टफोन के लिए एंड्राइड एप्स का प्लेटफार्म है। आदेश का मकसद गूगल के प्ले स्टोर के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और उसे अवैध एकाधिकार से रोकना है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मतलब है कि गूगल को 22 अक्तूबर तक अपने प्ले स्टोर में उन एप्स के लिए बदलाव शुरू करना होगा जो उस एंड्राइड साफ्टवेयर पर चलते हैं। जज जेम्स डोनाटो ने कहा, गूगल द्वारा बनाई गई डिजिटल दीवारों ने कंपनी को अरबों का वार्षिक लाभ दिया। विशेषकर इन-एप लेनदेन पर 15-30 प्रतिशत शुल्क लेने की प्रणाली के जरिए गूगल ने अपने एकाधिकार का फायदा उठाया।

# हमारे मिलिट्री एक्शन से मोदी की लोकप्रियता घटी: पाक

**रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा: बिहार में चुनाव के कारण भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिहार चुनाव की वजह से भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने यह बयान पाकिस्तानी न्यूज चौनल समा टीवी पर बुधवार को दिया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि मई में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई से मोदी की लोकप्रियता घटी है।

मोदी के समर्थक भी अब उनकी आलोचना कर रहे हैं। आसिफ ने संघर्ष के दौरान 6 भारतीय फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया। आसिफ ने दावा किया कि पहले जो देश भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान न्यूट्रल रहते थे, वे अब हमारे खेमे में शामिल हो गए हैं और जो भारत का समर्थन कर रहे थे, वे अब चुप हैं। यह बात भारत को सालों तक परेशान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सिर्फ औरंगजेब के समय ही एकजुट था। इतिहास बताता है कि औरंगजेब की हुकूमत के अलावा भारत कभी पूरी तरह एकजुट नहीं रहा। पाकिस्तान अल्लाह के नाम पर बना है। हम घर में आपस में लड़ते हैं, लेकिन भारत से लड़ाई होने पर एक हो जाते हैं।

ख्वाजा आसिफ ने तीन दिन पहले भारत को धमकी देते हुए कहा था कि अब की बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया ग पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। पाकिस्तान की तरफ से बीते कुछ दिनों से लगातार भड़काऊ बयानबाजी की जा रही है। दो दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता जनरल अहमद चौधरी ने कहा था कि भारत के खिलाफ संघर्ष में चीनी हथियारों ने मई में बेहतरीन काम किया था। उन्होंने कहा था कि हम हर तरह की तकनीक के लिए खुले हैं। चीनी तकनीक ने बहुत अच्छा काम किया। पाकिस्तान ने 7 भारतीय फाइटर जेट मार गिराए थे, जबकि भारत ने एक भी पाकिस्तानी विमान नहीं गिराया। स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुता. बिक, 2020 से 2024 तक पाकिस्तान के हथियारों का 81 प्रतिशत चीन से आया। पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा हथियार ग्राहक है।

## रूस की तरफ से जंग लड़ रहे भारतीय छात्र का सरेंडर

**कीव।** रूस की तरफ से जंग लड़ रहे 22 साल के एक भारतीय छात्र माजोती साहिल मोहम्मद हुसैन ने यूक्रेन के सामने सरेंडर कर दिया। माजोती गुजरात के मोरबी शहर का रहने वाला है। वो पढ़ाई करने रूस गया था।

कीव इंडिपेन्डेंट के मुता. बिक, यूक्रेन की 63वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड ने मंगलवार को वीडियो जारी कर बताया कि माजोती को ड्रग्स केस में 7 साल जेल हुई थी। जेल से बचने के लिए उसे रूसी सेना में शामिल होने का ऑफर मिला था। माजा. ेती ने वीडियो में कहा कि वह जेल नहीं जाना चाहता था, इसलिए उसने रूसी सेना का कान्ट्रैक्ट साइन कर लिया। उसे सिर्फ 16 दिन की ट्रेनिंग दी गई और 1 अक्टूबर को पहली बार युद्ध में भेजा गया। तीन दिन बाद अपने कमांडर से झगड़े के बाद उसने यूक्रेनी सेना के सामने सरेंडर कर दिया। छात्र ने बताया- मैंने हथियार डाल दिए और कहा कि मुझे लड़ना नहीं है, मुझे मदद चाहिए। उसने ए सभी बातें रूसी भाषा में कही। माजोती ने कहा कि वह रूस वापस नहीं जाना चाहता। उसने यह भी बताया कि उसे सेना में शामिल होने का पैसा देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे कुछ नहीं मिला। यूक्रेन ने कई विदेशी सैनिकों को रूस के लिए लड़ते पकड़ा है।

## तालिबान के हमले में 11 पाक सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमले में मंगलवार रात को 11 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। इसमें 2 अधिकारी और 9 सैनिक शामिल हैं। अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सेना टीटीपी के खिलाफ ऑपरेशन चला रही थी।

इस दौरान दोनों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें टीटीपी के 19 लड़ाके भी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन ने आरोप लगाया कि हमलावरों को भारत का समर्थन मिल रहा है। सेना ने दावा किया कि वह इन्हें खत्म करने में जुटी है। पिछले कुछ महीनों से टीटीपी ने पाकिस्तान में सुरक्षा बलों पर हमले तेज कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक टीटीपी के खिलाफ कुर्रम जिले में ऑपरेशन को अंजाम देने पहुंचे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर बम से हमला किया और फिर फायरिंग की। रायटर्स को भेजे गए एक बयान में पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उनके लड़ाकों ने काफिले को निशाना बनाया। पाकिस्तानी सेना ने अपने बयान में कहा कि उन्हें कुर्रम में इंडियन प्राक्सी संगठन फितना अल-ख्वारिज से जुड़े आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद ऑपरेशन चलाया गया। पाकिस्तानी सेना टीटीपी को फितना अल-ख्वारिज बुलाती है। यह एक अरबी शब्द है। फितना का मतलब 'उपद्रवी' और अल-ख्वारिज का मतलब 'चरमपंथ के रास्ते पर चले जाने वाले लोग' होते हैं। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है।

पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह टीटीपी का समर्थन नहीं करता।पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। टीटीपी ने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए।




